जबलपुर मंगलवार 05 मई 2026 > शक संवत 1948 वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत 2083
वर्ष 31 अंक 307 > मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 930135969 पर कॉल करें।

# ‘दीदी’ से रूठी ‘ममता’



## बंगाल में भगवा युग : तमिलनाडु में एक्टर विजय की टीवीके हाउसफुल

नई दिल्ली

5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट में भाजपा पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में जीत की ओर बढ़ रही है। बंगाल के रुझानों में ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी 100 से कम सीटों पर सिमटती दिख रही है। वहीं, तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी ‘टीवीके’ ने कमाल कर दिया। केरल में कांग्रेस की सरकार बन रही है। बंगाल की 294 सीटों में से भाजपा ने 166 सीटें जीत ली हैं और 42 पर आगे है। टीएमसी ने 59 सीटें अपने नाम कीं और 20 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस को सिर्फ दो सीट पर जीत मिली है। एक सीट फालता पर 21 मई को फिर वोटिंग होगी। भवानीपुर से ममता करीब 10 हजार वोट से पीछे हैं। वे काउंटिंग सेंटर में करीब 5 घंटे रहीं। बाहर आकर उन्होंने आरोप लगाया कि, मुझे अंदर धक्का दिया और पीटा गया। यहां दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए। बहरामपुर से हारने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा- बंगाल में भगवा लहर है। हम कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव लड़े थे। हमने पहले ही कहा था कि कांग्रेस को फिर से खड़ा करने और उसे बचाने के लिए मुर्शिदाबाद, मालदा, दिनाजपुर और पुरुलिया में हम कांग्रेस को बचाने की कोशिश करेंगे।

### पूरब में सुनामी, दक्षिण में नई आंधी

| तमिलनाडु (सीटः234/बहुमतः118) | टीवीके | द्रमुक+ | अन्नाद्रमुक+ | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| | 107 | 53 | 72 | 00 |

| प. बंगाल (सीटः294/बहुमतः148) | टीएमसी+ | भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| | 79 | 208 | 02 | 04 |

| सीटः126 असम बहुमतः64 | | सीटः140 केरल बहुमतः71 | | सीटः30 पुडुचेरी बहुमतः16 | |
|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 102 | एलडीएफ | 35 | भाजपा+ | 18 |
| कांग्रेस+ | 21 | यूडीएफ | 102 | कांग्रेस+ | 06 |
| एआईयूडीएफ | 02 | भाजपा+ | 03 | टीवीके+ | 03 |
| अन्य | 01 | अन्य | 00 | अन्य | 03 |




### ममता भी चुनाव हारीं

भवानीपुर सीट पर 20 राउंड की गिनती पूरी हो चुकी है। शुभेंदु अधिकारी ने सीएम ममता बनर्जी को चुनाव हरा दिया है। शुभेंदु अधिकारी को 73463, ममता बनर्जी को 58350 वोट मिले। शुभेंदु ने ममता को 15113 वोटों से हरा दिया।

### ये चुनाव नहीं, लूट हैः ममता

ममता बनर्जी ने कहा, बीजेपी ने 100 से ज्यादा सीटें लूट लीं। चुनाव आयोग, बीजेपी का आयोग बन गया है। मैंने बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल से भी शिकायत की। लेकिन वे कुछ नहीं कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि यह जीत है? यह एक अनैतिक जीत है। चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के साथ मिलकर जो कुछ भी किया है वह पूरी तरह से गैर-कानूनी है। यह लूट है, लूट है, लूट है। हम वापसी करेंगे।

## गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिलाः मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा- बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा। महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा। पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर उन्होंने कहा- गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह दिन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। सालों की मेहनत आज सफलता में बदली है और इस जीत का पूरा श्रेय पार्टी के कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल में भाजपा/एनडीए की सरकार है। यानी गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला है। उन्होंने कहा कि बंगाल के भाग्य में नया अध्याय जुड़ा है, राज्य अब भयमुक्त और विकास की ओर बढ़ेगा। यह जीत वंदे मातरम् के 150वें वर्ष में और भी महत्वपूर्ण है। बंगाल में महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा, पहली कैबिनेट में ही आयुष्मान योजना को हरी झंडी दिखाएंगे। और घुसपैठियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

## सुनेत्रा पवार ने जीत का इतिहास बनाया



देश के 5 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। महाराष्ट्र के बारामती सीट से एनसीपी उम्मीदवार सुनेत्रा पवार ने 2 लाख 18 हजार वोटों के अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। उनके खिलाफ 22 निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थे। जीत का यह अंतर भारत में किसी विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा है। सुनेत्रा पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी हैं, जिनका 28 जनवरी 2026 को विमान हादसे में निधन हो गया था। बारामती अजित पवार की पारंपरिक सीट रही है।

## तमिलनाडु की ‘विजय’ गाथा



सबसे बड़ा उलटफेर तमिलनाडु में हुआ है, जहां 2 साल पहले बनी विजय की पार्टी नंबर वन हो गई है। टीवीके ने 74 सीटों पर जीत दर्ज की है, 32 सीटों पर आगे चल रही है। अब टीवीके को सरकार बनाने के लिए 118 सीटों के साथ बहुमत हासिल करना होगा। एक्टर विजय के पिता चंद्रशेखर ने कहा है कि कांग्रेस चाहे तो टीवीके के साथ गठबंधन कर सकती है। तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने आई टीवीके के चीफ विजय पेरंबूर सीट पर जीत गए हैं। उन्होंने 49 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। इसके अलावा, टीवीके के श्रीनाथ ने तमिलनाडु की समाज कल्याण मंत्री गीता जीवन को थूथुकुडी विधानसभा सीट पर में 37,731 वोटों से हरा दिया है। टीवीके प्रमुख विजय के ड्राइवर राजेंद्रन के बेटे आर. सबरिनाथन ने भी चुनाव जीता। उन्होंने टीवीके के टिकट पर विरुगम्बक्कम सीट से जीत दर्ज की है।

## केरलम में 10 साल बाद कांग्रेस सत्ता में लौटी



केरलम में 140 सीटों पर नतीजे घोषित हो चुके हैं। कांग्रेस ने 63 सीटों पर, सीपीआई-एम ने 26 और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 22 सीट पर जीत हासिल की है। नतीजे घोषित होने के बाद पिनाराई विजयन ने केरल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि वे धरमदम सीट पर जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेसी प्रत्याशी अब्दुल रशीद को 19 हजार वोटों से हराया है।

## तमिलनाडु सीएम स्टालिन अपने ही बागी से हारे




तमिलनाडु के मौजूदा सीएम एमके स्टालिन कोलाथुर सीट हार गए हैं। उन्हें टीवीके के बीएस बाबू ने 8000 से ज्यादा वोटों से हराया है। बाबू पहले डीएमके में थे। फरवरी 2026 में ही उन्होंने विजय की पार्टी जॉइन की थी। डीएमके अध्यक्ष और मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजों में टीवीके के पक्ष में आने पर कहा, मैं लोगों के फैसले के आगे सिर झुकाता हूं।

## असम में लगातार तीसरी बार हिमंता सरकार



असम में भी हिमंता सरकार की वापसी हो गई है। हिमंता लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगे। बीजेपी ने यहां 81 सीटें जीत ली हैं। जो बहुमत के आंकड़े से 13 ज्यादा है। यहां कांग्रेस 15, बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट 10 सीट, एजीपी 9 सीट और एआईयूडीएफ 2 सीट पर जीती है। असम में जोरहाट सीट पर चुनाव लड़ने वाले गौरव गोगोई हार गए हैं।

## पुडुचेरी में बीजेपी+ सरकार



पुडुचेरी में 30 में से 28 सीटों के नतीजे आ गए हैं। सीएम रंगास्वामी की पार्टी 10 सीटें जीत चुकी है। डीएमके ने 5 सीट, बीजेपी ने 4 और टीवीके ने 2 सीट जीती हैं। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी थट्टांचावड़ी विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है। पुडुचेरी में एनडीए गठबंधन काफी आगे चल रहा है और इस जीत के साथ उम्मीद जताई जा रही है कि रंगास्वामी चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

## सर्वे अधिकारियों के क्रॉस एग्जामिनेशन की मांग खारिज

### भोजशाला केस में हिंदू पक्ष की आपत्ति के बाद कोर्ट का फैसला



इंदौर

भोजशाला प्रकरण में सोमवार को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट सर्वे अधिकारियों के क्रॉस एग्जामिनेशन की मांग को खारिज कर दिया। यह निर्णय हिंदू पक्ष के सीनियर एडवोकेट विष्णुशंकर जैन की आपत्ति के बाद लिया गया। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका में प्रतिवादी 8 (मौलाना कमालमौला वेलफेयर सोसायटी) की ओर से सर्वे अधिकारियों के क्रॉस एग्जामिनेशन की अनुमति मांगी गई थी। इस पर हिंदू पक्ष के एडवोकेट जैन ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 1 अप्रैल 2026 के आदेश और पूर्व में 21 अप्रैल 2026 के आदेश में ऐसी अनुमति नहीं दी गई है। तर्कों से सहमत होते हुए कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष का आवेदन निरस्त कर दिया। सुनवाई के दौरान प्रतिवादी पक्ष के एडवोकेट तौसीफ वारसी ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा सर्वे की वीडियोग्राफी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर एएसआई ने कोर्ट को बताया कि पूरी वीडियोग्राफी गूगल ड्राइव के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है।

### कोर्ट ने आईटी सेक्शन को दिए निर्देश

कोर्ट ने अपने आईटी सेक्शन को निर्देश दिए कि प्रतिवादी पक्ष के एडवोकेट को उसी दिन वीडियोग्राफी देखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कोर्ट ने प्रतिवादी के वकीलों को 7 मई 2026 तक वीडियोग्राफी पर अपनी लिखित आपत्तियां प्रस्तुत करने की अनुमति दी है। मामले की अगली सुनवाई 5 मई को होगी, जिसमें एएसआई की ओर से एडवोकेट सुनील जैन, सलेकचंद जैन और दिनेश राजभर कोर्ट के समक्ष अपना पक्ष रखेंगे।

## 3 वनकर्मियों का शिकार करने वाले बाघ ‘विक्रम’ की मौत



**नैनीताल।** उत्तराखंड के नैनीताल में स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढेला रेंज के रेस्क्यू सेंटर में रखे गए नर बाघ ‘विक्रम’ की मौत हो गई है, जिसे देश के सबसे उम्रदराज बाघों में गिना जाता था। विक्रम की पहचान सिर्फ एक उम्रदराज बाघ के रूप में नहीं, बल्कि एक ‘खूंखार शिकारी’ के रूप में भी रही है। साल 2019 में ढिकाला जोन में इस बाघ ने तीन वनकर्मियों को अपना शिकार बनाया था। करीब 21 साल की उम्र तक जीवित रहकर विक्रम ने एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया। सामान्य तौर पर बाघों की उम्र जहां सीमित मानी जाती है। वहीं विक्रम ने इस सीमा को पार कर वन्यजीव जगत में अपनी अलग पहचान बनाई। कॉर्बेट प्रशासन के मुताबिक, प्रथम दृष्टया उसकी मौत का कारण वृद्धावस्था माना जा रहा है। लंबे समय से रेस्क्यू सेंटर में रह रहा विक्रम अब इतिहास का हिस्सा बन गया है, लेकिन उसकी कहानी हमेशा याद रखी जाएगी।

## पार्षद का चुनाव लड़ने वाले 16 नेता एक साल के लिए अयोग्य

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चुनाव खर्च का ब्यौरा नहीं देने पर राज्य निर्वाचन आयोग ने 28 उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया है। 2022 में हुए नगर निकाय चुनाव में इन उम्मीदवारों ने पार्षद पद का चुनाव लड़ा था। हालांकि, इनमें से 12 ही अगला चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। जबकि 16 को एक साल के लिए अयोग्य घोषित किया है, ऐसे में वे अगला चुनाव लड़ सकेंगे। आयोग की सुनवाई में विदिशा जिले की नगरपालिका विदिशा, नगरपालिका गंजबासौदा, नगर परिषद लटेरी और नगर परिषद कुरवाई में 2022 में चुनाव लड़ने वाले 28 उम्मीदवारों के मामले में अयोग्यता के आदेश जारी किए हैं। आयोग के सचिव दीपक सिंह के जारी अलग-अलग आदेशों में कहा है कि चुनाव खत्म होने के बाद अगस्त 2022 तक इन उम्मीदवारों को चुनाव खर्च का हिसाब देना था।

## खुद को समझते हैं सुपर चीफ जस्टिस

### सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री अधिकारियों को फटकार



नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही रजिस्ट्री कार्यालय की कड़ी निंदा करते हुए उसके आचरण को घटिया करार दिया और कहा कि उसके अधिकारी खुद को ‘सुपर सीजेआई’ समझते हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक की निवेश धोखाधड़ी के मामले में आरोपित आयुषी मित्तल उर्फ आयुषी अग्रवाल द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। प्रधान न्यायाधीश ने याचिका पर 23 मार्च को पारित एक आदेश का हवाला दिया और आश्चर्य जताया कि रजिस्ट्री अधिकारियों ने यह कैसे मान लिया कि पीठ ने याचिका पर ईडी और अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी नहीं किया। रजिस्ट्री बहुत घटिया तरीके से काम कर रही है। रजिस्ट्री का यह रवैया बिल्कुल ठीक नहीं है। यहां बैठा हर व्यक्ति खुद को ‘सुपर चीफ जस्टिस’ समझता है। पीठ ने अपने नए आदेश में कहा-ईडी निदेशक को यह बताते हुए कोई नोटिस जारी नहीं किया गया है कि ऐसा कोई आदेश पारित नहीं किया गया था। शीर्ष अदालत के न्यायिक रजिस्ट्रार इस बात का तथ्यान्वेषण करें कि 23 मार्च के हमारे आदेश का अर्थ ईडी को नोटिस जारी नहीं करना कैसे है। ईडी को नोटिस भेजा जाए। याचिकाकर्ता आयुषी मित्तल, उनके पति और उनकी कंपनी पर बड़े पैमाने पर निवेश संबंधी धोखाधड़ी करने का आरोप है। बचाव पक्ष का दावा है कि निवेशकों को धनराशि का एक बड़ा हिस्सा लौटा दिया गया है, लेकिन फिलहाल ईडी द्वारा फ्रीज किए गए बैंक खातों में कई सौ करोड़ रुपये फंसे हुए हैं।

# कलेक्टर ने जनगणना प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

## हमारी जनगणना, हमारा विकास राष्ट्रीय अभियान में जिलेवासी करें सहयोग : कलेक्टर



शहडोल (स्वतंत्रमत)। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने जनगणना कार्य के प्रचार-प्रसार हेतु जनसंपर्क संचालनालय भोपाल द्वारा प्रदाय की गई जनगणना प्रचार रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ द्वारा शहडोल जिले के समस्त विकासखंडों में पहुंचकर जनगणना हेतु किए जा रहे कार्यों के प्रति जनमानस को जागरूक किया जाएगा तथा लोगों को जनगणना के महत्व की जानकारी दी जाएगी।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जनगणना-2027 के तहत 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी मकान गणना सहित 33 प्रकार की जानकारी प्राप्त करेंगे। सभी जिलेवासी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग करते हुए जनगणना के अंतर्गत मकान गणना कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना का उद्देश्य देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सटीक आंकलन करना है, जिससे भविष्य की योजनाओं को बेहतर एवं प्रभावी तरीके से लागू किया जा सके। जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सही एवं सटीक जानकारी देकर जिलेवासी देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

कलेक्टर ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि जानकारी देने से पहले अधिकारी अथवा कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य जांच लें। केवल अधिकृत शासकीय कर्मचारियों को ही जानकारी प्रदान करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें।



## एसडीएम ने गेंहू उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

शहडोल। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमृता गर्ग ने जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत संचालित गेंहू उपार्जन केंद्र सामतपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही किसानों से गेंहू खरीदी सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में आने वाले किसानों के लिए छायादार बैठक व्यवस्था, पेयजल, तौल कांटे एवं बारदाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## शासकीय संरचनाओ को राजस्व रिकार्ड में कराएं दर्ज : कलेक्टर

## चिन्हित गर्भवती माताओं को दें चिकित्सकीय परामर्श : डॉ. केदार सिंह



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा की। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि जिले में जिन शासकीय संरचनाओं एवं अमृत सरोवरों को अभी तक राजस्व रिकार्ड में दर्ज नही किया गया है उन्हें प्राथमिकता के साथ राजस्व रिकार्ड में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में चिन्हित गर्भवती माताओ के स्वास्थ्य की देखभाल हेतु सतत रूप से मैदानी चिकित्सकीय अमले द्वारा निगरानी रखी जाएं तथा जरूरत होने पर उनका समय पर उपचार करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में गेंहू उपार्जन का कार्य किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विभागीय अधिकारी अपने क्षेत्रांतर्गत गेंहू उपार्जन केंद्रो का निरीक्षण करें एवं यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उपार्जन केंद्रो में आने वाले किसानो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रो में छायादार बैठक व्यवस्था, पेयजल, बारदाने, तौलकांटे सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभागो में सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का प्राथमिकता के साथ निराकरण कराएं, कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# भाई की हत्या कर फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



शहडोल (स्वतंत्रमत)। थाना खैरहा पुलिस द्वारा हत्या के एक गंभीर मामले में फरार आरोपी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया है। ग्राम सारंगपुर निवासी जगमोहन कोल ने अपने सगे भाई पन्नेलाल कोल की लोहे की सब्बल से निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी है। सूचना के आधार पर थाना खैरहा में अपराध धारा बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार था तथा आसपास के जंगलों में छिपकर अपने ठिकाने बदल रहा था। आरोपी के पास मोबाइल फोन नहीं होने एवं अशिक्षित होने के कारण उसकी लोकेशन ट्रेस करना चुनौतीपूर्ण था। थाना खैरहा पुलिस द्वारा टीम गठित कर तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में 01 मई को ग्राम सेमराटोला क्षेत्र में पुलिस बल एवं ग्रामीणों के सहयोग से जंगल के मार्गों की घेराबंदी की गई।

खेरहा पुलिस को घेराबंदी के दौरान एक व्यक्ति जंगल से बस्ती की ओर आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। तत्परता से कार्यवाही करते हुए उसे घेरकर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम जगमोहन कोल पिता प्यारे लाल कोल उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम सारंगपुर बताया।आरोपी ने पूछताछ में अपने भाई की हत्या करना स्वीकार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे की सब्बल एवं घटना के समय पहने गए कपड़े जप्त किए गए। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# पूर्व जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के पंडित विष्णु दास मिश्रा हुए सेवानिवृत्त

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोटी के प्रधानाध्यापक पंडित विष्णु दास मिश्रा अपनी अर्धवार्षिकी पूर्णकर 30 अप्रैल को 43 वर्ष 2 माह की सेवा पश्चात सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर उनका सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। पंडित विष्णु दास मिश्रा अत्यंत सरल मृदभाषी सात्विक आचार विचार साथ साथ कार्य के प्रति निष्ठावान ईमानदारी से लोगों एवं शिक्षकों के मददगार पथ प्रदर्शक रहे है पंडित विष्णु दास मिश्रा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला इकाई उमरिया के जिला अध्यक्ष रहे एवं वर्तमान में मध्य प्रदेश शिक्षा संघ के संभागीय सह संगठन मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। उनके सम्मान एवं विदाई समारोह में मंच का संचालन प्रकाश नारायण द्विवेदी शिक्षक माध्य शाला ओदरी द्वारा किया गया उन्होंने अपने उदबोधनमें कहा गया कि हमें पंडित विष्णु दास मिश्रा के कार्यों से सीख लेनी चाहिए हम सभी का पंडित विष्णु दास मिश्रा सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे ऐसी हमारी अपेक्षा है इस अवसर में पंडित विष्णु दास मिश्रा के बड़े भाई लालमणि मिश्रा पूर्व राजस्व निरीक्षक एवं उनके भतीजे पूर्णेन्दु मिश्रा जो वर्तमान में पुरानी बस्ती वार्ड नंबर 36 के पार्षद अपने छोटे भाई जितेंद्र मिश्रा वेद प्रकाश मिश्रा एवं पुत्र पंडित कृष्णा मिश्रा और वरिष्ठ पत्रकार जे.पी.सिंह परिहार के साथ कार्यक्रम में परिवार सहित उपस्थित रहे।

# पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी में भाजपा की जीत पर समनापुर मंडल में निकला विजय जुलूस



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल समनापुर में आयोजित कामकाजी बैठक के पश्चात पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकालकर उत्साहपूर्वक जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई तथा आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक रहा। विजय जुलूस के दौरान पार्टी के समर्थन में नारे लगाए गए और जीत को संगठन की मेहनत एवं जनता के विश्वास की जीत बताया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चमरूसिंह नेताम, जिला उपाध्यक्ष जयसिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष समनापुर शिवराम राजपूत, वेंकटनगर अनूपपुर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, राजेंद्र ग्राम मंडल अध्यक्ष जागेश्वर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष समनापुर हेमसिंह राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष तानसिंह ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष रूपराम ठाकुर, रोहित ठाकुर, रामनाथ ठाकुर, मनमोहन, हेतराम ठाकुर, दिलीप बर्मन, कामता ठाकुर, मंगल सिंह राजपूत, महामंत्री मानसिंह मरकाम, मेवा पाठक, रामप्रसाद ठाकुर सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शराब दुकानों में रेट लिस्ट और बारकोड अनिवार्य अब उपभोक्ताओं को मिलेगी पूरी जानकारी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।




आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में जिले की सभी देशी-विदेशी कम्पोजिट शराब दुकानों में रेट लिस्ट एवं बारकोड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य शराब विक्रय व्यवस्था में पारदर्शिता लाना और उपभोक्ताओं को सही जानकारी उपलब्ध कराना है।नई व्यवस्था लागू होने के बाद आम नागरिक अब शराब दुकानों में उपलब्ध उत्पादों की मात्रा, गुणवत्ता, कीमत एवं उपलब्धता की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। वहीं बारकोड स्कैन कर उपभोक्ता उत्पाद की वास्तविक जानकारी भी जांच सकेंगे।

प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से दुकानदारों द्वारा मनमानी कीमत वसूलने, गलत जानकारी देने एवं अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। इससे उपभोक्ताओं को पारदर्शी एवं भरोसेमंद सेवा मिल सकेगी।

आबकारी विभाग ने जिले की सभी संबंधित शराब दुकानों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध खनिज परिवहन पर की गई कार्यवाही



शहडोल (स्वतंत्रमत)। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बमुरा में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा अवैध खनिज परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही की गई। वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 18 जीए 4518 को बमुरा तिराहे पर रोका गया। वाहन चालक ने अपना नाम नन्दलाल कोल पिता पुरुषोत्तम कोल, उम्र 27 वर्ष, निवासी पतखई थाना सिंहपुर बताया। वाहन की जांच करने पर उसमें गिट्टी लोड पाई गई, जिसके संबंध में चालक से वैध दस्तावेज एवं रॉयल्टी मांगी गई, परंतु वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में चालक ने बताया कि उक्त गिट्टी वाहन मालिक सुरेन्द्र मोहन यादव उर्फ बाबा निवासी पतखई द्वारा नीलम स्टोन क्रेशर, घाटा थाना करनपठार जिला अनूपपुर से लोड कराकर ग्राम केरहा बिक्री हेतु भेजी गई थी। उक्त कार्यवाही विवेचना के दौरान गवाहों की उपस्थिति में की गई। पुलिस द्वारा वाहन सहित लगभग 180 घनमीटर गिट्टी को जप्त कर कब्जे में लिया गया। प्रथम दृष्टया यह कृत्य खनिज अधिनियम की धारा 4/21 के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर विधिवत कार्यवाही करते हुए वाहन को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट 10 को एक लाख रूपए का होगा पुरस्कार

## 8 मई तक खिलाड़ी करवा सकते है पंजीयन

बालाघाट। बालाघाट जिले में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग शतरंज टूनार्मेंट का आयोजन जिला शतरंज संघ बालाघाट एवं सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड पॉलीटेक्निक बालाघाट के विशेष सहयोग से 10 मई को किया जा रहा है। स्व. नागेश्वर यादव एवं स्व. राजकुमार खंडेलवाल की संयुक्त स्मृति में एनआर मेमोरियल रैपिड रेटिंग शतरंज टूनार्मेंट का आयोजन सतपुड़ा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड पॉलीटेक्निक, गर्रा, बालाघाट में होगा। एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले इस एकदिवसीय टूनार्मेंट में एफआईडीई के अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत 15 प्लस 05 टाइम कंट्रोल के कुल 9 राउंड खेले जाएंगे। इस स्पर्धा में इंटरनेशनल आर्बिटर एनवीआर श्रीहरि मुख्य आर्बिटर और सीनियर नेशनल आर्बिटर विवेक विश्वकर्मा निर्णायक की भूमिका निभाएंगे। टूनार्मेंट के डायरेक्टर कार्तिक गिरी गोस्वामी होंगे। आयोजन समिति के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन ऋषभ वैद्य एवं ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री ऋषभ खंडेलवाल ने संयुक्त बयान में बताया कि स्पर्धा में गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों के भी भाग लेने की संभावना है। टूनार्मेंट डायरेक्टर कार्तिक गिरी गोस्वामी ने बताया कि शीर्ष 10 विजेताओं के अलावा विभिन्न आयु एवं रेटिंग श्रेणियों में प्रथम तीन विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कुल 28 पुरस्कार रखे गए हैं। इस स्पर्धा का मुख्य आकर्षण देश एवं कई देशों में अपने खेल का परचम लहरा चुके ग्रैंड मास्टर राम झा एवं इंटरनेशनल मास्टर अक्षत खंपरिया की उपस्थिति रहेगी।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक संपन्न, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर के सख्त निर्देश



डिंडौरी (स्वतंत्र मत)। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का जिम्मेदारीपूर्वक और समय-सीमा में निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। जिन विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरण अटेंड नहीं किए गए हैं, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि जिन विभागों के विरुद्ध बार-बार शिकायतें दर्ज हो रही हैं, उनके अधिकारियों पर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में गेहूं उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के 12 उपार्जन केंद्रों में रखे गेहूं का वर्षा से पहले शीघ्र उठाव कर सुरक्षित स्थानों पर भंडारण सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। उन्होंने भविष्य में ऐसे खरीदी केंद्र विकसित करने के निर्देश दिए, जहां सामग्री सुरक्षित रखने की पर्याप्त व्यवस्था हो और बारिश का पानी न पहुंचे। कलेक्टर ने आबकारी विभाग को अवैध मादक पदार्थों की बिक्री रोकने हेतु विकासखंड स्तर पर सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए 30 जून तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी आंगनवाड़ी, विद्यालय, शासकीय भवनों सहित अधिकारी-कर्मचारी अपने घरों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करें, ताकि भू-जल स्तर बना रहे। इसके लिए जियो टैग फोटो लेकर कार्यालय में जमा करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तिथियां घोषित करते हुए बताया गया कि 7 मई को शहपुरा एवं 14 मई को अमरपुर में कार्यक्रम आयोजित होंगे। पात्र हितग्राहियों से सामाजिक न्याय विभाग में आवश्यक दस्तावेजों सहित संपर्क करने की अपील की गई। बैठक में पीएम जन-मन आवास, अवैध खनिज परिवहन, स्वास्थ्य, पशुपालन, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर 10 मई तक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कृषि विभाग को नरवाई जलाने की शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए दो दिवस के भीतर संबंधित किसानों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। परिवहन विभाग को जिले में संचालित बसों की नियमित जांच कर बिना परमिट चलने वाले वाहनों पर चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत पंकज जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फिर तीखे हुए सूरज के तेवर उमस से बेहाल हुए शहरवासी

## तापमान में हुई बढ़ोत्तरी, सड़कों पर पसरा सन्नाटा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

संस्कारधानी जबलपुर में मौसम बेहद गर्म और उमस भरा रहा। सुबह की शुरुआत के साथ ही आसमान साफ था और तेज धूप ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। दोपहर होते-होते पारा अपने चरम पर पहुंच गया, जिससे शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और लोग चिलचिलाती धूप से बचते नजर आए। सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान 40.0 डिग्री दर्ज किया गया वही गत दिवस आज के दिन तापमान 37.5 दर्ज किया गया था और न्यूनतम तापमान 24.5 रहा। मौसम विभाग के अनुसार, दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया है, जिसने गर्मी की तीव्रता को और बढ़ा दिया है।

### जारी रहेगा उमस का दौर

तेज धूप के साथ-साथ हवा में नमी की मात्रा अधिक होने के कारण उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। हालाँकि मौसम विभाग ने जिले से लगे कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ पानी की हल्की बौछार की सम्भावनाये व्यक्त की है। जिससे शाम के समय हल्की हवाएं चलने से थोड़ी राहत महसूस हो सकती है, लेकिन भीषण गर्मी और उमस का यह दौर फिलहाल जारी रहेगा। गर्मी और उमस के इस प्रकोप को देखते हुए चिकित्सकों ने नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप में निकलने से बचने और खुद को हाइड्रेटेड रखने की सलाह दी है। बुजुर्गों और बच्चों को दोपहर के समय घर के अंदर ही रहने की हिदायत दी गई है ताकि वे लू और डिहाइड्रेशन से बचे रहें।

# मरीजों की सुरक्षा पर लापरवाही बरतने वाले अस्पतालों पर तुरंत करो कार्यवाही

## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य सेवाओं और सुरक्षा मानकों पर बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी और अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें अस्पतालों में सुरक्षा और सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये। दिल्ली में हुई एसी विस्फोट का जिक्र करते हुए इलेक्ट्रिकल ऑडिट रिपोर्ट की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बढ़ते तापमान को देखते हुए सभी अस्पताल अपने विद्युत उपकरणों और वायरिंग की जांच गंभीरता से कराएं ताकि शॉर्ट सर्किट जैसी अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके।

बैठक में पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने पीएम राहत योजना के विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि अधिक से अधिक अस्पतालों को इस योजना से जुड़ना चाहिए ताकि जरूरतमंद मरीजों को इसका सीधा लाभ मिल सके। उन्होंने



इस प्रक्रिया में पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग करने के लिए कहा। इसी क्रम में यातायात पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंजना ने वर्तमान में योजना से जुड़े अस्पतालों की सीमित संख्या संबंध में कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों इसमें पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। सुरक्षा तकनीकी पहलुओं पर जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी ने सर्विस लाइन के रखरखाव, गुणवत्तापूर्ण वायरिंग और सही क्षमता के एमसीबी के उपयोग के महत्व को समझाया। उन्होंने विशेष रूप से लू और गर्मी के मौसम में बिजली की बढ़ती खपत के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया।

**लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त**- अग्नि सुरक्षा के विषय पर नगर निगम की फायर सेफ्टी अधिकारी ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि 04 मई से 10 मई तक आयोजित होने वाले फायर सेफ्टी वीक के दौरान सभी अस्पतालों को अनिवार्य रूप से फायर मॉक ड्रिल आयोजित करनी होगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि किसी भी अस्पताल में इमरजेंसी एग्जिट यानी आपातकालीन निकास द्वारों पर कोई सामग्री नहीं रखी जानी चाहिए और उन्हें हर समय बाधा रहित रखा जाए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि मरीजों के जीवन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्तश नहीं की जाएगी।

## मध्यान्ह भोजन वितरित करने वाली सहायिकाएं वेतन से वंचित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि इस समय मंहगाई अपने चरम पर है ऐसे में मध्यान् भोजन वितरित करने और स्कूलों में बर्तन साफ करने और स्कूल की साफ सफाई करने वाली सहायिकाओं को दो माह से मिलने वाला मानदेय/ वेतन अप्राप्त है जिससे उनका जीविकोपार्जन मुश्किल हो गया हैद्य वेसे भी उनको न्यूनतम राशि मिलती है जिसमें उनका गुजारा मुश्किल होता है और इसी मिलने वाली न्यूनतम राशि में उनके परिवार के आश्रितों को भी पालना होता है ऐसे में यदि दो माह से उन्हें वेतन नहीं मिलेगा तो इस महंगाई में उनका जीविकोपार्जन मुश्किल हो जाएगा।

## अखिल भारतीय घुमंतु कार्य महाकौशल प्रांत की बैठक संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

अखिल भारतीय घुमंतु कार्य महाकौशल प्रांत की बैठक केशव कुटी में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी गोरेलाल ने मार्गदर्शन दिया बैठक चार सत्रों में संपन्न हुई प्रांत प्रमुख वीरेंद्र प्रांत संयोजक भाल चंद्र नातू , सचिन अग्रवाल अधिवक्ता , संतोष सिंह राजपूत सहित रीवा , सिवनी, सागर, दमोह, छतरपुर, नरसिंहपुर,सहित प्रांत के सभी जिलों के कार्यकर्तागण उपस्थित थे। बैठक में आगामी योजना पर चर्चा हुई विदित हो कि घुमंतु अर्ध घुमंतु जाति के मध्य शिक्षा ,स्वास्थ्य, दस्तावेज, स्वावलंबन,सामाजिक अध्ययन के विषय में गहन अध्ययन कर



निरंतर संपर्क में रहने का प्रयास कर रहा है। महाकौशल प्रांत के अंतर्गत कंजर , कूचबंदिया ,नट ,सपेरा, पारधी ,बागरी ,सांसी पासी, बेड़िया ,गाड़िया लोहार ,हरबोला,जोगी कबूतरा ,बंजारा , भाटे (सीलटका ) ,भाटू ,धनगर आदि अनेक जातियां शमिल है कार्यक्रम का प्रारंभ घुमंतु गीत के गायन से हुआ।

# भारतीय किसान संघ ने किया मंडी में विरोध प्रदर्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कृषि उपज मंडी में अपनी उपज का विक्रय करने पहुंचे किसान के साथ एक व्यापारी द्वारा की गई अभद्रता व गालीगलौंच का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने कृषि उपज मंडी पहुंचकर अपनी मांगो का ज्ञापन एसडीएम अभिषेक सिंह को सौंपा। किसान संघ के जिलाध्यक्ष रामदास पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंझोली तहसील के किसान शिवकुमार झारिया, राजकुमार



पटेल व पवन 29 अप्रैल को मंडी अपना गेहूं लेकर विक्रय करने आए थे। व्यापारी द्वारा बोली लगाकर गेहूं खरीदा गया और जब किसान ने व्यापारी शिव शक्ति ट्रेडर्स के फर्म पर गेहूं उड़ेल दिया तो उसके बाद व्यापारी ने गेहूं में मिट्टी, कंकड़ आदि बताकर खरीदने से मना कर दिया और किसान के साथ अभद्र व्यवहार किया। जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। जब किसान अपने साथ हुई अभद्रता की शिकायत करने विजयनगर थाना गया तो पुलिस स्टाफ ने शिकायत लेने से मना कर दिया। किसान संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मंडी प्रशासन ने तत्काल किसान के साथ अभद्रता करने वाले व्यापारी व उसके कर्मचारी पर कार्यवाही और थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की तो भारतीय किसान संघ जिला मुख्यालय पर उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर किसान संघ के मोहन तिवारी, रामदास पटेल, धनंजय पटेल, राजकुमार पटेल, जितेंद्र पटेल, मुकुल पचौरी, रितेश पटेल, वीरेंद्र साहू, धरम पटेल उपस्थित रहे।

## राजेश खरे का निधन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राजेश कैटरर्स के संचालक राजेश खरे (पप्पू) पुत्र स्व राजेन्द्र प्रसाद खरे, निवासी 514 कमला नेहरू नगर चौबे डेरी के पीछे का सोमवार दोपहर निधन हो गया । आप मनीष खरे के बड़े भाई है। अंतिम संस्कार सोमवार शाम 5 बजे रानीताल में सम्पन हुआ ।

# जीसीएफ मुख्य महाप्रबंधक से मिला कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जीसीएफ कर्मचारी संगठन के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि 4 मई को सेवा निवृत्त कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल होरी लाल विश्वकर्मा, रवि कुमार जैन पूर्व, भगवानदीन, बीपी रजक पूर्व कार्य समिति सदस्य के नेतृत्व मे मुख्य महाप्रबंधक जीसीएफ ऋतुराज द्विवेदी से मिला एवं सेवानिवृत्त कर्माचारियों के ओटी एरियर्स का भुगतान शीघ्र करने का निवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सेवारत कर्मचारियों के ओटी एरियर्स का भुगतान किया जा चुका है। किन्तु वरिष्ठ नागरिकों के भुगतान को नहीं किया जा रहा है जो कि न्यायोचित नहीं है, जबकि भारत सरकार वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं, और कैट कोर्ट के आदेश में भी सभी के लिए एक ही आदेश किया है फिर भी जीसीएफ प्रशासन द्वारा अपने वरिष्ठ कर्मचारियों को नजरअंदाज करना हमें दुखी करता है। अत: शीघ्र ही ओ टी एरियर्स का भुगतान कराया जाये। मुख्य महाप्रबंधक ने



कर्मचारियों की बात को बहुत ध्यान से सुना और प्रशासनिक अधिकारियों को एरियर्स का भुगतान करने में आ रही बाधा को दूर करके शीघ्र ही भुगतान करवाने का निर्देश जारी किया। और वरिष्ठ कर्मचारियों प्रतिनिधियों को शीघ्र भुगतान करने का आश्वासन दिया वरिष्ठ कर्मचारियों का प्रतिनिधि मंडल मजदूर संघ हथौड़ा के महामंत्री रोहित यादव से भी मिले एवं प्रशासन से बातचीत का पूरा ब्यौरा दिया।

## शराब के लिये रुपये न देने पर छात्र पर हमला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

लार्डगंज थानातंर्गत आगा चौक की गली नंबर-2 में बीती रात एक असमाजिक तत्व ने एक छात्र से शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए उस पर पंच से हमला कर दिया। जिससे युवक के चेहरे पर गंभीर चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि आगा चौक नि वासी 18 वर्षीय अनुराग जयसवाल बी-कॉम तृतीय वर्ष का छात्र है। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर का सामान लेकर लौट रहा था। जैसे ही वह गली नंबर-2 के मोड़ पर पहुंचा, उसी समय उसे भोलू उर्फ समीर केवट मिला, जो उससे शराब पीने के लिये पांच सौ रुपये मांगने लगा। अनुराग ने रुपये देने से मना किया तो समीर केवट ने गालीगलौज करते हुए पंच से हमला कर उसके वायीं आंख के ऊपर चोट पहुंचा दी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# पति से मारपीट कर पत्नी पर पत्थर से जानलेवा हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थानातंर्गत गोकलपुर के आनंद नगर में चार असमाजिक तत्वों ने जमकर कहर ढाया। आरोपियों ने पहले तो किसी युवक से मारपीट की, इसके बाद ओमप्रकाश सोमकुंवर के घर के दरवाजे पर लाते मारी, जैसे ही उन्होंने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट कर चोटे पहुंचा दी। ओमप्रकाश की पत्नी बबीता बीच बचाव करने पहुंची तो आरोपियों ने पत्थर से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग निकले। महिला को गंभीर हालत में रांझी के शासकीय अस्पताल से विक्टोरिया फिर उसके बाद मेडिकल रेफर किया गया है। मेडिकल अस्पताल पहुंची पुलिस को आजाद नगर निवासी 56 वर्षीय ओमप्रकाश



सोमकुंवर ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े ग्यारह बजे कुछ लोग अनिल यादव के घर की ओर से लड़ाई-झगड़ा करते हुए उसके घर की ओर आये और उनके घर के दरवाजे पर लाते मारने लगे। उसने दरवाजा खोला तो देखा कि लड्डू, आकाश, टकला व छोटू अन्ना उसके व उसके परिजनों को गालीगलौज कर रहे थे। ओमप्रकाश व उसकी पत्नी बबीता ने विरोध किया तो चारों आरोपियों ने मारपीट कर ओमप्रकाश को चोटे पहुंचा दी, इसके बाद बबीता ने बीच बचाव किया तो लड्डू ने जान से खत्म करने की नियत से पत्थर से हमला कर दिया। जिससे बबीता के सिर में गंभीर चोट आ गई और वह लहुलुहान होकर बेहोश हो गई। जिसके बाद परिजन उसे रांझी के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से बबीता को विक्टोरिया अस्पताल रेफर किया गया, जहां स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल रेफर किया गया, जहां भी उसे सुबह तक होश नहीं आया था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## सूने घर का ताला तोड़कर कीमती जेवर चुरा ले गये चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गढ़ा थानातंर्गत शक्ति नगर के एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपये के कीमती जेवर चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त महिला अपने बेटों के साथ आंख के उपचार के लिये पुणे गई हुई थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि शक्ति नगर भोले कुटी के समीप निवासी 63 वर्षीय गीता पांडे अपने ऋतुराज पांडे व मृदुपूण पांडे के साथ घर में ताला लगाकर विगत 19 अप्रैल को आंख के उपचार के लिये पुणे गई थी। जहां से 3 बीते दिवस वापस आई तो घर के गेट का ताला लगा था, लेकिन अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था।

## विकास के द्वार खोलता है सड़कों का निर्माण: राकेश सिंह

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी विधानसभा के अंतर्गत बरगी से सिलुआ तक 17.65 किमी लम्बे मार्ग जिसकी लागत लगभग 50 करोड़ और पनागर विधानसभा अंतर्गत पनागर मुड़िया पडोरा सलैया तक 6.20 किमी लम्बे मार्ग जिसकी लागत लगभग 9 करोड़ है इन दोनों कार्यों को लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है, इस सन्दर्भ में स्वीकृति पत्र लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जारी किया है। उल्लेखनीय है उक्त मार्गो के निर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही थी, इस मांग के दृष्टिगत लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इसे स्वीकृति दी है और अब बरगी विधानसभा के अंतर्गत बरगी से सिलुआ तक बनने वाली यह सड़क कई गाँवो को जोड़ेगी साथ ही इसके निर्माण के साथ ही क्षेत्र का विकास तेजी से होगा,, इसी तरह पनागर विधानसभा के अंतर्गत पनागर मुड़िया पडोरा सलैया तक बनने वाली सड़क से भी क्षेत्र वासियो को राहत मिलेगी श्री सिंह ने कहा मुझे पूरी उम्मीद है कि इन सड़को के निर्माण के बाद क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में आसानी होंगी साथ ही इससे जुड़ने वाले गाँवो का भी तेजी से विकास होगा।

# शराब दुकान खुलने से बिगड़ेगा सामाजिक माहौल

## बड़ा पत्थर में शराब दुकान का विरोध कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रांझी क्षेत्र के बड़ा पत्थर इलाके में प्रस्तावित नई शराब दुकान को लेकर स्थानीय स्तर पर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आज कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा और दुकान के आवंटन को निरस्त करने या स्थानांतरित करने की मांग की। कांग्रेस प्रतिनिधियों का कहना है कि बड़ा पत्थर क्षेत्र सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। यहाँ नियमित रूप से सार्वजनिक और धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। ऐसे में शराब दुकान खुलने से न केवल क्षेत्र का वातावरण दूषित होगा, बल्कि असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ने से कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स, पूर्व पार्षद राजेश यादव और शहर कांग्रेस महासचिव रविंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाता है, तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## पानी की कमी के बीच जल-कर दुगना करने पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)** ।एक तरफ सुरज आग उगल रहा है तो दुसरी तरफ बुंद-बुंद पानी के लिए संघर्ष करती सिहोरा की आम आदमी दोहरा जलकर चुकाकर भी पानी के लिए भटक रही है वहीं जिम्मेदारों का कहना है कि जलकर में किसी प्रकार की वढोत्तरी नहीं की गई ।जिनके यहां नर्मदा पाईप लाईन का कनेक्शन ही नहीं है उनसे नगर पालिका द्वारा की जा रही लुट पर जनप्रतिनिधी की चुप्पी नगर में चर्चा का विषय बन गई है। नगर पालिका ने संवेदनहीनता का प्रदर्शन करते हुए ऐसे क्षेत्र जहां वोरिग से पेय



जल आपुर्ती की जाती थी वहां वोरिग लाईन बन्द करा दी या बोर की मोटर जल जाने पर उसे बदला नहीं। हिरन नदी पुरी तरह सुख गई है, नर्मदा जल के हालात यह है कि सप्लाई चले तो रात भर व्यर्थ पानी बहता रहे और नहीं तो केवल हवा उगलती रहे। ऐसे में नगर की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर में जल आपूर्ति की व्यवस्था सुव्यवस्थित करने की मांग को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन में प्रदर्शन किया गया। यह आयोजन मंजू मिश्रा,अमोल चौरसिया,फिरोज खान,बाबा कुरैशी,केके कुरारिया,फैज आलम शाह,शेख साबिर,गिरधर सरावगी,लाल बहादुर पाठक,जगदीश सेनी,रमेश पटेल,प्रदीप गौतम,राजकुमार पटेल,गौस भाई आजाद,यूसुफ खान, जमीला बानो,केके दुबे,शमशेर खान की उपस्थिति में हुआ ।इस दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाए कि जनप्रतिधियों द्वारा नदी में पानी छुड़वाने की अफवाह फैलाई गई पर एक सप्ताह से अधिक समय में वह पानी सिहोरा तक नहीं पहुंचा।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर जनप्रतिनिधियों ने बांटी झालमुड़ी

## भाजपा कार्यालय के बाहर हुआ आयोजन, एक-दूसरे को दी बधाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणामो में पश्चिम बंगाल, असम एवं पाण्डुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली एतेहासिक जीत पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा भाजपा कार्यालय रानीताल में सादगीपूर्ण वातावरण में कार्यकर्ताओ ने ख़ुशी व्यक्त कर बंगाल की जनता सहित पूरे देश की जनता को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर झालमुड़ी का वितरण भी कार्यकर्ताओ के बीच किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा तीन राज्यों में ऐतिहासिक विजयश्री मिली है, बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्य में ममता बनर्जी की तानाशाह सरकार को जनता ने वोट के माध्यम से जवाब देकर यह बताया है कि



देश में जनता ही सर्वोपरि है और यह जनादेश भाजपा को मिला है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब बंगाल में भी डबल इंजन की सरकार काम करेगी।

### मृतकों को दी श्रद्धांजलि

कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यालय में बरगी में हुई दुर्घटना में मृतको को दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

# समय पर अनलोड नहीं हुआ पीडीएस का गेहूं

## बारिश में भीगी सैकड़ों बोरियां, परिवहनकर्ता पर कार्यवाही

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

विगत दिनो बालाघाट मुख्यालय में हुई तेज आंधी तूफान और बारिश के बीच नागरिक आपूर्ति विभाग की बडी लापरवाही देखने मिली, जहां सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के गरीबो को वितरित करने विदिशा में आया गेहू जिम्मेंदारो की बड़ी लापरवाही के कारण भीगा दिया गया। यहां जिम्मेदारों की ढिलाई ने गरीबों के हक का अनाज बर्बाद कर दिया। विदिशा से बालाघाट पहुंची गेहूं की रैक को तय समय-सीमा में अनलोड नहीं किया गया, जिसका खामियाजा अब प्रशासन और आम जनता दोनों को भुगतना पड़ रहा है।



जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल 2026 को विदिशा से पीडीएस के तहत गेहूं की रैक बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची थी। नियमों के मुताबिक 9 घंटे के भीतर रैक को खाली करना अनिवार्य था, लेकिन परिवहनकर्ता की लापरवाही के चलते यह काम समय पर नहीं हो सका। नतीजतन रेलवे विभाग ने करीब 2 लाख रुपये का डैमरेज वसूल लिया, जिससे शासन को सीधा आर्थिक नुकसान हुआ। मामला यहीं नहीं रुका। 2 मई की दोपहर अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी-बारिश शुरू हो गई। रैक प्वाइंट पर खुले में डंप किया गया गेहूं पूरी तरह असुरक्षित था। करीब 13 हजार बोरियों में से 100 से 115 बोरी गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो गई, जिससे पीडीएस वितरण के लिए रखा गया खाद्यान्न अनुपयोगी हो गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए राजस्व विभाग, जिला आपूर्ति अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। पंचनामा तैयार किया गया और नुकसान का आकलन किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से माना कि भीगा हुआ गेहूं अब गरीब हितग्राहियों को वितरित नहीं किया जा सकता, जिससे खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर सीधा असर पड़ा है। प्रशासन ने इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए सख्त कदम उठाए हैं। परिवहनकर्ता पर कार्रवाई करते हुए 1,72,500 रुपये की राशि उसके देयक से काटने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी गई है कि यदि रैक लोडिंग और अनलोडिंग में तय समय-सीमा का पालन नहीं किया गया, तो परिवहन निविदा नियमों के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यह घटना कई बड़े सवाल खड़े करती है- क्या पीडीएस जैसी संवेदनशील व्यवस्था में जिम्मेदारी तय है? क्या गरीबों के हिस्से का अनाज इसी तरह लापरवाही की भेंट चढ़ता रहेगा?

प्रशासन की कार्रवाई भले शुरू हो गई हो, लेकिन यह मामला सिस्टम की खामियों और जवाबदेही की कमी को उजागर करता है। अगर समय पर अनलोडिंग होती और गेहूं को सुरक्षित रखा जाता, तो न तो सरकारी खजाने को नुकसान होता और न ही गरीबों का हक छिनता। अब देखना होगा कि इस कार्रवाई के बाद जिम्मेदारों पर कितना अंकुश लगता है और भविष्य में ऐसी घटनाएं दोहराई जाती हैं या नहीं।



## टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

04 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं चना खरीदी की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि 652 किसानों से 24 हजार 851 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 01 करोड 72 लाख 500 रुपए का भुगतान किया जा चुका है। अब तक 2860 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। इसी प्रकार 168 किसानों से 3500 क्विंटल चना की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर श्री मीना ने गेहूँ एवं चना के खरीदी केंद्रो पर किसानों के लिए छाया, पानी एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों से खरीदे गए गेहूँ और चना का तेजी से भुगतान करने के निर्देश दिये और कहा कि किसानों को भुगतान के लिए परेशान न होना पडे ऐसी व्यवस्था बनायी जाए।

बैठक में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिन 06 हितग्राहियों के आवास का कार्य अब तक रूका है उसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये गए। शालाओं में बच्चों के पंजीयन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि लांजी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बैहर के बीआरसी बैठक में उपस्थित नही है जिस पर इन दोनो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए।

कलेक्टर मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया कि अगले 02 दिनों के भीतर शालाओं में बच्चों का शत प्रतिशत पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये। 100 प्रतिशत बच्चों का पंजीयन नही होने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। कलेक्टर मीना ने छात्र छात्राओं को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति के फॉर्म शीघ्रता से भरवाने के निर्देश दिये और कहा कि छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान हो जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार व्यक्ति के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे फिल्ड में अधिक से अधिक भ्रमण करें और स्वास्थ्य संस्थाओं में सीएचओ, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों की सार्थक एप्प के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित करें।

सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कर्मचारी अपने निर्धारित कार्य स्थल से ही सार्थक एप्प पर हाजरी लगाए। यदि किसी कर्मचारी द्वारा कार्य स्थल के अलावा अन्य स्थान से सार्थक एप्प में हाजरी लगायी जाती है तो उसके खिलाफ वेतन रोकने के साथ ही अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों का शाला पूर्व शिक्षा के लिए शीघ्रता से शत प्रतिशत पंजीयन कराये। इसके साथ ही कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर उनका उपचार कराने के निर्देश दिये गए।

## बालाघाट की बेटियों का राष्ट्रीय मंच पर परचम वैज्ञानिक प्रदर्शनी में शानदार सफलता





बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा गुंजन बोपचे और यामिनी ठाकुर ने विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देशभर में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 से 10 अप्रैल 2026 तक केंद्रीय विद्यालय गणेशखंड पुणे में राष्ट्रीय स्तर की बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित आयोजन में केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय मंच पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की छात्रा गुंजन बोपचे ने क्लस्टर, क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक अपनी जगह बनाई। सेमिनार इवेंट में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया। वहीं, छात्रा यामिनी ठाकुर ने ह्यसस्टेनेबल एग्रीकल्चरह्व विषय पर आधारित अपना नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किया। उनके मॉडल ने पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक कृषि के क्षेत्र में नई संभावनाओं को उजागर किया। उन्होंने भी क्लस्टर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

## देवी तालाब में कांग्रेस ने चलाया सफाई अभियान विधायक अनुभा मुंजारे ने भी संभाला मोर्चा

**बालाघाट।** जिले में जल गंगा संवर्द्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की सफाई का काम चल रहा है। सोमवार से कांग्रेस ने भी देवी तालाब में सफाई अभियान शुरू किया, जिसे प्रशासन और नगरपालिका को आईना दिखाने जैसा माना जा रहा है। विधायक अनुभा मुंजारे ने प्रशासन की निष्क्रियता पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब एनजीटी के आदेश के बावजूद जिला प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता, तो ऐसा लगता है कि नियम, कायदे और कानून कहीं हैं ही नहीं।दरअसल, सोमवार को विधायक अनुभा मुंजारे और कांग्रेस कार्यकताओं ने तालाब में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान विधायक स्वयं तालाब में उतरकर घमेले से गंदगी और कचरा बाहर निकालती दिखीं। विधायक ने इस दौरान कहा कि सफाई अभियान हम सबकी जिम्मेदारी है। लगभग 50 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला यह तालाब अतिक्रमण के कारण सिकुड़ गया है। कभी आस्था का केंद्र रहा यह तालाब आज गंदगी से भरा पड़ा है। इसकी मुख्य वजह नगरपालिका के सीवरेज सिस्टम का न होना है, जिससे कई वार्डों का गंदा पानी सीधे देवी तालाब में आकर मिलता है। इससे तालाब का पानी दूषित और बदबूदार हो गया है। जिले के जागरूक नागरिक इस तालाब को बचाने के लिए सड़क से लेकर एनजीटी तक अपनी आवाज उठा रहे हैं। इसी क्रम में, विगत दिनों एनजीटी के निर्देश के बाद, एसडीएम गोपाल सोनी ने नगरपालिका सीएमओ को देवी तालाब के संरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए निर्देश जारी किए थे। इन निदेर्शों में तालाब की नियमित सफाई, ठोस एवं प्लास्टिक कचरे के निष्पादन पर पूर्ण प्रतिबंध और खरपतवारों को वैज्ञानिक तरीके से हटाने की कार्ययोजना बनाकर काम करने को कहा गया था। आदेश जारी होने के हफ्तों बीत जाने के बाद भी नगरपालिका इन निदेर्शों पर अमल नहीं कर सकी है।





## भाजपा नगर मंडल की मासिक बैठक संपन्न, संगठन मजबूती पर जोर

**उमारिया (स्वतंत्रमत)।** सोमवार 4 मई को भारतीय जनता पार्टी उमरिया नगर मंडल की मासिक बैठक स्थानीय ई टॉवर में संपन्न हुई। बैठक में जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नगर मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी राजेंद्र तिवारी एवं जिला संगठन प्रभारी राजेंद्र पांडेय उपस्थित रहे। जहां दोनो नेताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, तथा आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन को बूथ स्तर तक संगठन कैसे मजबूत रहे इसके बारे में बताया गया। नगर मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर और जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर मंडल महामंत्री सुजीत सिंह भदौरिया द्वारा किया गया। बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा हुई।




बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला महामंत्री दीपक छतवानी, राधेलाल कोल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह, सह कार्यालय मंत्री नीरज चंदानी, नगर महामंत्री सुनील खटीक, पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद बंसल, दिवाकर सिंह चंदेल, नरेंद्र गिरी, देवेंद्र तिवारी सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेडक्रॉस द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**उमरिया (स्वतंत्रमत) -** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा के निर्देशानुसार सोमवार 4 मई को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में आमजन के लिए नि:शुल्क ईसीजी जांच, शुगर (ब्लड शुगर) एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) की जांच की गई।शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं समय-समय पर आवश्यक जांच कराने के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान उपस्थित चिकित्सकों द्वारा लोगों को हृदय रोग, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

## जनमन योजना अंतर्गत बन रही गुणवत्ता विहीन सड़क..!

**मानपुर (स्वतंत्रमत) -** पीएम जनमन योजना के तहत बन रही सड़कें घटिया गुणवत्ता और भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी हुई हैं। मानपुर तहसील के ग्राम पंचायत माला में दो सड़क निर्माणाधीन हैं, दोनो की अनुमानित लागत तकरीबन 2 करोड़ है, जो जनमन योजना के बजट से ठेकेदार द्वारा बनाये जा रहे हैं, ये सड़क ज्वालामुखी रोड तिराहा से माला पुलिया तक और दूसरा आगे के तरफ नव निर्माणाधीन है, जिनकी लम्बाई तकरीबन 6 किमी लम्बा है। इन सड़कों का निर्माण बिना भूमि पूजन के ही सुरू करवा दिया गया है। इन दोनों सड़कों के किनारे मिट्टी के भरवाई का कार्य करवा दिया गया है। सूत्रों की माने तो इस पटरी भरवाई में मुरुम के स्थान में स्टीमेट से हटकर लोकल रेतीली मिट्टी का उपयोग किया गया है, जिसमें रोलर और पानी का उपयोग नहीं किया गया है, जिससे इस भराव वाले मिट्टी का कटाव और बहाव सीघ्र हो जाने का भय है, तब डामरी सड़क के टूटने की सिकायत भी उभर सकती है, जिस गुणवत्ता विहीन निर्माण के कारण सड़कों के उम्र में कमी होने का शंका बना हुआ है, जो जांच का विषय है। 6 किलोमीटर सड़क निर्माण में कथित रूप से मुरम की जगह केवल मिट्टी का उपयोग किया गया, जिसे ग्रामीणों ने रोटी की तरह पतली सड़क करार दिया है।





## बाघ के हमले से अधेड़ की मौत

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

बांधवगढ टाइगर रिज़र्व के पनपथा कोर के चसुरा बीट में रविवार की दोपहर बाघ ने अधेड पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई।मृतक का नाम रज्जू पिता पितई कोल उम्र करीब 46 वर्ष निवासी कुदरी है। बताया जाता है कि रविवार की दोपहर मृत युवक सूखा महुआ ,जलाऊ लकड़ी आदि बीनने घर से निकला था,इसी बीच चसुरा बीट में चहल कदमी कर रहे टाइगर ने हमला बोल दिया,इस घटना में युवक का अधिकांश शरीर टाइगर का निवाला बन गया है,घटना के बाद खबर है कि सोमवार की सुबह पीएम आदि की कार्यवाही की जा रही है।ग्रामीणों का मानना है कि नमन कैम्प से सटे घटना स्थल पर विभागीय कर्मी अगर मौजूद होता या सक्रिय होता तो निश्चित ही मृत युवक को इस दर्दनाक मौत से बचाया जा सकता था।

## मोटी कमाई के चक्कर में भ्रष्टाचार के साथ वन भूमि पर सस्ते में बन गया स्टाप डैम..!

### जवाबदार क्यों नहीं कर पा रहे हैं जांच और कार्यवाही.?

मानपुर (स्वतंत्रमत)

मनरेगा हो अथवा जीरामजी योजना के तहत जाब कार्ड धारी ग्रामीणों को 100 दिन से ज्यादा रोजगार कार्य देने के लिये सरकार द्वारा दावा किया जाता है, जबकि जमीनी हकीकत उसके विपरीत है। वहीं जन चर्चा है कि निर्माण कार्य स्थल में पहुंचे बिना ही मुल्यांकन पर्ची जारी कैसे हो सकता है। एसडीओ एवं ईई के निरीक्षण द्वारा बिना जायजा लिये पूर्णतह भुगतान के आर्डर जारी कैसे हो सकता है एवं निर्धारित आवंटित जगह पर निर्माण कार्य न होने पर जनपद और जिला पंचायत द्वारा भुगतान होना क्या सम्भव है.? यदि ऐसा हुआ तो फिर जांच और कार्यवाही का दायित्व किसके ऊपर जाता है.? यह एक सोचने का विषय बना हुआ है, शायद इसी असंतुष्टी के कारण ग्रामीण गरीब मजदूर मनरेगा अथवा जीरामजी योजना से दूर भाग कर पलायन करने में मजबूर होते दिख रहे हैं.!

उमरिया जिला क्षेत्र अंतर्गत मानपुर ब्लॉक के परासी ष्अष् में कुछ माह पहले तकरीबन 14.50 लाख रुपये के लागत से स्टाप डैम का निर्माण करवाया गया है, जिसका निर्माण एजेंशी ग्राम पंचायत है, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्टाप डैम का निर्माण वन भूमि के मध्य नाला में करवाया गया है, बहुत गहरे और संकला नाला में बने स्टाप डैम में पानी के लिये किसी पशु अथवा वन प्राणी को पहुचना ना मुमकिंग है, इस स्टाप डैम के ऊपर तकरीबन 100 मीटर के दूरी पर एक जिंदा पुराना बांध पहले से बना हुआ है जहां बारहो माह लबालब पानी का भराव बना रहता है, इस स्टाप डैम का पानी किसानों के उपयोगी भी नहीं है, संकीर्ण युक्त छोटा नाला और कम जगह होने से जहां पानी का पर्याप्त ठहराव भी न हो पायेगा, यह स्टाप डैम बस्ती और कृषि खेतों से बहुत दूरी बना वाया गया है, जो सायद किसी के उपयोगी नहीं है।





वहीं ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इस स्टाप डैम के निर्माण कार्य में परासी पंचायत के किसी मजदूर को नहीं लगाया गया है, इस डैम का निर्माण ठेकेदार द्वारा मसीन के माध्यम से करवा दिया गया है जिसमें बाहरी ठेकेदार के कुछ मजदूर कार्य किये हैं, जिसका पूर्ण निर्माण एक हसे के अंदर कर दिया गया है, इसमें स्टीमेट को दर किनारे कर लोकल और सस्ते वाले मटेरियल - लोहा, सीमेंट, गिट्टी का उपयोग किया गया है, यहां तक कि इसमें लोकल कच्चे पत्थर वाले बोल्डर का उपयोग भी किया गया है, जिसके प्लेंथ की गहराई और डैम के दीवाल की मोटाई, चौड़ाई, उंचाई में भी भारी कमी की जाने की शंका है, जिस सम्बंध में मौके पर किसी भी प्रकार का कोई बेर्ड भी नहीं लगवाया गया है। इस डैम को मौके पर देखने से आंकलन क्या जा सकता है कि इसका निर्माण बहुत ही कम बजट में करवाया गया होगा, जिसका जीवन दो - चार साल भी कहना सम्भव नहीं है। निर्माण कार्य होते में मौके पर पंचायत सचिव, उपयंत्री, एसडीओ, पीसिओ, पंचायत स्पेक्टर अथवा पंचायत विभाग के कोई जवाबदार अधिकारी नहीं दिखे। यह कहना भी नकारा नहीं जा सकता। इस स्टाप डैम के निरीक्षण में आज तक सायद ही कोई पहुंचे हों अथवा इनमें से कई अधिकारियों निर्माण स्थल और यहां तक पहुंचने का रास्ता भी पता होगा।

वहीं ग्रीमीणों का मानना है कि मांग कर अथवा खबर प्रकाशित अथवा प्रसारित होने के बाद भी उक्त भ्रष्टाचार युक्त बने स्टाप डैम एवं यही निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का किसी बाहरी चांच दल द्वारा शक्त जांच कर जिम्मेदारो के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हो ऐसा सुनिश्चित किया जाये जिससे दोबारा ऐसी हिमाकत करने की जुर्रत न कर सके।

## वार्ड 10 में नवजात का शव मिला

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** वार्ड क्रमांक 10 स्थित सोसायटी के पास एक बार फिर नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह स्थानीय लोगों की नजेर शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही नैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नवजात का शव अर्ध विकसित अवस्था में पाया गया है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि किसी ने रात के अंधेरे में उसे यहां फेंक दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आवारा कुत्तों के नोचने से पहले ही उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी, जिससे शव सुरक्षित रूप से बरामद किया जा सका। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि लगभग पंद्रह दिन पहले भी थाना क्षेत्र नैनपुर के पाला सुंदर गांव में पैरा के नीचे एक नवजात मिला था, जो उस समय जीवित था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने क्षेत्रवासियों में चिंता बढ़ा दी है। जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है।

## पेंशनर्स की बैठक आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** आज दोपहर 1 बजे से वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की बैठक गोंडी पब्लिक ट्रस्ट भवन माहिष्मति घाट में बीके राय जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक में माह अप्रैल व मार्च 2026 में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा सदस्यता वृद्धि अभियान पर चर्चा तथा पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे ।

## अनुकंपा नियुक्ति 30 तक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला कोषालय अधिकारी के अनुकंपा नियुक्ति पर दिए प्रस्तुतिकरण के बाद कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने रोस्टर तैयार करें। लंबित प्रकरणों पर आवश्यक एक्सरसाइज कर एक सप्ताह में रिपोर्ट दें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुकंपा नियुक्ति के सभी लंबित प्रकरण आगामी 30 जून तक अनिवार्य रूप से निराकृत किए जाएं।

## जल संरक्षण का दिया संदेश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम बिझौली सेक्टर क्रमांक-1 में मां विंध्यवासिनी मंदिर के समीप नगरार नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं एवं छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए जल संरक्षण और नदी स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं विकासखंड निवास के विकासखंड समन्वयक सूरज बर्मन द्वारा किया गया।

## विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना (सत्र 2026-27) के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभाशाली छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा पीएचडी एवं स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत कुल 50 सीटों पर छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। चयन प्रक्रिया वर्तमान प्रचलित नियमों के अनुसार की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट या संबंधित कार्यालयों से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 18 मई निर्धारित की गई है। निर्धारित समय के भीतर आवेदन करना अनिवार्य होगा।

## गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

मण्डला(स्वतंत्रमत)। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा जिले के विभिन्न गेहूं खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बम्हनी बंजर, पीपरदोन, नैनपुर मंडी एवं मलारा स्थित आर्यन वेयरहाउस, नांदिया का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों से केवल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही गेहूं की खरीदी की जाए। उन्होंने पारदर्शिता एवं तय प्रक्रिया के तहत खरीदी कार्य सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। अपर कलेक्टर श्री सिंह ने केंद्रों पर साफ-सफाई, तौल व्यवस्था, भंडारण एवं किसानों की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

# न शुद्ध पेयजल और न ही खेल मैदानः दसवीं फेल शिक्षक पढ़ा रहे बच्चों को, निजी स्कूलों की अनुमति में बड़ा खेल, कलेक्टर ने बनाई कमेटी

मण्डला(स्वतंत्र मत)






निजी विद्यालयों की मनमनी थमने का नाम नही ले रही है। पाठ पुस्तकों में भारी कमीशनबाजी तो ड्रेस सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री खरीदे जाने को लेकर अभिभावकों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से दबाव बनाने का क्रम दिखाई दे रहा है जिससे पालकों में रोष है लेकिन बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित पालक चाह कर भी कुछ नही बोल पा रहे हैं। यहीं नही कुछ ऐसे भी निजी स्कूल हैं जहां पर स्वच्छ पेयजल तक उपलब्ध नही है खेल मैदान के साथ अच्छे शिक्षकों का अभाव है तो वही कागजों में खानापूर्ति चल रही है इनकी मान्यता संबंधि फाईल लंबे लेन देन से मान्य कर दी जाती है। इस खेल में सर्व शिक्षा अभियान के कुछ चुनिंदा अधिकारी कर्मचारी की मिलीभगत बताई गई है हालाकि लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर ने समिति का गठन कर दिया है लेकिन यह समिति ठोस निर्णय नही ले पा रही है। निजी विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों स्कूल ड्रेस एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री की बिक्री को लेकर प्राप्त शिकायतों के मद्देनजर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों या अभिभावकों पर विशेष दुकानों से सामग्री खरीदने का अनुचित दबाव बनाए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के पालन के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिला शिक्षा अधिकारी को अध्यक्ष बनाया गया है जबकि सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मंडला एवं जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र मंडला को सदस्य नियुक्त किया गया है। गठित समिति समय-समय पर जिले के निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और अभिभावकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत दिलाना है। बता दें कि नए शिक्षा सत्र के साथ ही पालकों की चिंता भी बढ़ गई है किताबों के दामों में भारी वृद्धि तो कापियों के दाम में भी उछाल आया है यहीं नही कम्पास, स्कूल बैग, पैन रबड़ सीस, स्टेशनरी समान के दाम आसमान छू रहे हैं स्कूली ड्रेस ही नही मौजे जूतों की कीमतों में भी खुलेआम लूट चल रही है। बच्चों के टिफिन लंच बॉक्स 200 से 500 रूपए तक के मिल रहे हैं यहीं नही बच्चों की पानी की बॉटल भी इसी दर पर उपलब्ध है वहीं स्कूलों के फीस में भी वृद्धि कर दी गई है। नए शिक्षा सत्र के साथ ही लूट की दुकानें भी तेजी से दिखाई देने लगी हैं। चिन्हित दुकानों में ही सामग्री उपलब्ध होने से अभिभावकों को मजबूर होकर महंगे दाम पर स्कूली सामग्री खरीदनी पड़ रही है। जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूली किताबों की बढ़ती कीमतों ने अभिभावकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। निजी स्कूलों द्वारा निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने के दबाव और बाजार में मनमानी दरों पर बिक्री ने एक बार फिर स्कूल और दुकानदारों की कथित सांठगांठ को उजागर कर दिया है। इस पूरे मामले को लेकर अभिभावकों में नाराजगी है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए किताबें खरीदने बाजार पहुंचने लगे हैं। नगर की चुनिंदा दुकानों में ही किताबों के सेट उपलब्ध हैं। लेकिन इस बार कीमतों में अचानक हुई वृद्धि ने उन्हें चौंका दिया। कई अभिभावकों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में किताबों के सेट पर 20 से 40 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक के छात्रों के लिए किताबों के सेट 3 हजार से लेकर 10 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं जो मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए भारी बोझ साबित हो रहे हैं। अभिभावकों का आरोप है कि कई निजी स्कूलों द्वारा उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश दिए जा रहे हैं कि वे केवल कुछ तय दुकानों से ही किताबें खरीदें। यदि कोई अभिभावक बाहर से किताब खरीदने की कोशिश करता है तो उसे या तो पूरी किताबें नहीं मिलतीं या फिर स्कूल द्वारा सूची में बदलाव का हवाला देकर मना कर दिया जाता है। कुछ मामलों में तो स्कूलों द्वारा यह भी कहा जाता है कि बाहर से खरीदी गई किताबें मान्य नहीं होंगी जिससे अभिभावक मजबूरी में महंगे दाम पर किताबें खरीदने को विवश हो जाते हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है जब स्कूल और दुकानदारों के बीच सांठगांठ के आरोप सामने आए हों। हर साल इस तरह की शिकायतें सामने आती हैं लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में यह व्यवस्था जस की तस बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन और कुछ चुनिंदा पुस्तक विक्रेताओं के बीच समझौता होता है जिसके तहत वही दुकानदार किताबें बेचते हैं और बदले में स्कूल को कमीशन दिया जाता है। यही कारण है कि किताबों की कीमतें बाजार दर से अधिक होती हैं और अन्य दुकानों पर वही किताबें उपलब्ध नहीं कराई जातीं। मंडला के कई अभिभावकों ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि एक बच्चे की पढ़ाई का खर्च पहले ही काफी अधिक है ऐसे में किताबों की इतनी महंगी कीमतें उनके बजट को बिगाड़ रही हैं।

## हितग्राही योजनाओं में नहीं चलेगी लापरवाही



मण्डला(स्वतंत्रमत)

जिला योजना भवन में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में समय-सीमा और विभागीय समंवय समिति की बैठक हुई। कलेक्टर ने एजेंडावार सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए दो टूक कहा कि हितग्राही मूलक योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री धोटे ने सीएम हेल्पलाइन को लेकर सख्त रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत नॉन अटेंड नहीं जानी चाहिए। 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों में न्यायालय में लंबित प्रकरण मांग आधारित और अपात्र शिकायतों को नियमानुसार बंद कराएं। सभी विभाग ए ग्रेड रेटिंग में रहना सुनिश्चित करें। पेयजल उपलब्धता की समीक्षा में कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि सिंगल विलेज स्कीम जल निगम की स्कीम या हैंडपंप, सभी की स्थिति को अनुविभागीय अधिकारी स्वयं मॉनिटर करें। पीएचई की टीम हैंडपंपों की मरम्मत समय पर सुनिश्चित करे ताकि गर्मी में ग्रामीणों को परेशानी न हो। अधिकारियों के फील्ड विजिट और निरीक्षण प्रतिवेदन पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी जिला अधिकारी दूरस्थ क्षेत्रों का भ्रमण करें और निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। फील्ड से मिली वास्तविक स्थिति के आधार पर ही योजनाओं में सुधार होगा। बैठक में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर की प्रगति, वन अधिकार दावों के निराकरण, जर्जर और मरम्मत योग्य स्कूल व आंगनबाड़ी भवनों की जानकारी, शासकीय कार्यक्रमों का प्रोटोकॉल अनुसार आयोजन सहित अन्य अंतर विभागीय बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कलेक्टर ने सभी बिंदुओं पर समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए।

## नवनियुक्त अध्यक्ष का किया स्वागत

मण्डला(स्वतंत्रमत)



राज्य कर्मचारी कल्याण समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश शासन में पदेन राज्यमंत्री रमेशचंद्र शर्मा का उज्जैन आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मप्र पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल एवं संभाग अध्यक्ष योगेश तिवारी ने सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं मुलाकात के दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों कर्मचारी हितों एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रांताध्यक्ष श्री बघेल ने प्रदेशभर के पटवारी कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके त्वरित समाधान की अपेक्षा व्यक्त की वहीं संभाग अध्यक्ष श्री तिवारी ने प्रदेश के कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को प्रमुखता से रखते हुए संगठन को और सशक्त बनाने पर जोर दिया इस अवसर पर रमेशचंद्र शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार कर्मचारियों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारी कल्याण से जुड़े सभी मुद्दों को प्राथमिकता के साथ हल किया जाएगा तथा संगठन के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाएगा कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने नवपदस्थ अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।

# बेटियों को बचाते-बचाते पिता की मौत

मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)



जिले के मोहगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत देवगांव संगम में स्थित नर्मदा नदी में एक हृदय विदारक हादसा हुआ है। नदी में नहाने के दौरान गहरे पानी में फंस रही अपनी बेटियों को बचाने के प्रयास में पुलिस आरक्षक शिवलाल परस्ते की डूबने से मौत हो गई जबकि उनकी दोनों बेटियों को सुरक्षित बचा लिया गया जानकारी के अनुसार आरक्षक शिवलाल परस्ते पिछले करीब 11 महीनों से मोहगांव थाना में पदस्थ थे और उनकी लगभग 18-19 वर्षों की सेवा हो चुकी थी उनकी पत्नी बिछिया क्षेत्र में शिक्षिका हैं कुछ दिन पहले ही पत्नी और बच्चे मोहगांव आए हुए थे बच्चों की जिद पर पूरा परिवार देवगांव संगम नहाने आया था। नहाने के दौरान एक बच्चा गहरे पानी की ओर बढ़ने लगा जिसे बचाने के प्रयास में दो बच्चियां भी पानी में फंस गईं यह देख आरक्षक शिवलाल परस्ते तुरंत नदी में कूद पड़े और साहस का परिचय देते हुए दोनों बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया हालांकि बच्चियों को बचाने के बाद वे खुद अत्यधिक थकान और संगम स्थल पर बने भंवर की चपेट में आ गए जिससे उनकी डूबने से मौत हो गई घटना के दौरान मौके पर मौजूद एक सरपंच ने भी बहादुरी दिखाते हुए एक बच्ची को बाहर निकालकर उसकी जान बचाई बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे प्राथमिक उपचार देकर सुरक्षित किया गया हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरक्षक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना के बाद पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर है प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को तत्काल 50 हजार रुपये की राहत राशि प्रदान की गई है।

## जल स्त्रोतों की हुई सफाई

मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)

ग्राम पंचायत सिलगी में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों के सहयोग से बड़े तालाब में श्रमदान कर साफ-सफाई का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से जल स्त्रोतों का संरक्षण जीर्णोद्धार एवं पुनरुद्धार करना है। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अभिषेक पटेल, आलोक पटेल, चंद्रेश नामदेव, हर्षित, प्रखर साहू, रितेश, अतुल पटेल, सुमित, आदर्श पटेल, शंकर, आनंद पटेल, अखिलेश नामदेव एवं शिवम आर्मो सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का हुआ लोकार्पण



मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)

अंजनिया में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने विधिवत पूजन कर 30 बिस्तरों वाले इस केंद्र को क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। समारोह में मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अंजनिया और आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि कभी यहां छोटा सा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुआ करता था तब प्रसव के दौरान महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी होती थी। आज इतना अच्छा भवन स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए उपलब्ध होने पर खुशी हो रही है। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले पूरे प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज थे अब इनकी संख्या 25 हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के सरकार के प्रयास सफल हो रहे हैं। विधायक नारायण सिंह पट्टा ने कहा कि यह केंद्र अंजनिया के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा बशर्ते यहां चिकित्सकों की पदस्थापना हो। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सुव्यवस्थित संचालन की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामप्यारी झारिया, जनपद सदस्य परमानंद चौधरी, महेंद्र पटेल, पारुल पाण्डेय, सरपंच श्रीमती नीतू मरकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

शासकीय जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय के द्वारा शासन से प्राप्त निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व पतंजलि पीठ के सहयोग से 2 मई को माहिष्मती घाट में प्रात: 6 बजे से योग शिविर प्रारंभ किया गया है 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले पतंजलि योगपीठ प्रमुख बाली शर्मा, उनके सहयोगी राकेश गुप्ता, संपत श्रीवास, विनोद पटेल राम गोपाल पटेल आरपी उपाध्याय, राजेंद्र सोनी, रामकुमार साहू, वीरेंद्र चौरसिया, श्याम श्रीवास एवं अरविंद अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया है जिसमें योग के पारंपरिक और वैज्ञानिक रूप का अभ्यास कराया जा रहा है। इन सत्रों में मुख्य रूप से अष्टांग योग आसन प्राणायाम ध्यान और यौगिक सूक्ष्म व्यायाम शामिल होते हैं जो शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व पतंजलि के प्रमुख योगाभ्यास योग दिवस से पहले पतंजलि योगपीठ में सम्मिलित लोगों के साथ विशेष योगाभ्यास का अभ्यास जिसमें आसन और प्राणायाम पर ध्यान केंद्रित होता है अष्टांग योग पतंजलि के योग सूत्र पर आधारित यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान और समाधि के माध्यम से मन व शरीर को नियंत्रित करने सूक्ष्म व्यायाम शवासन भुजंगासन सूर्य नमस्कार और भ्रामरी प्राणायाम जैसी मुख्य क्रियाओ का अभ्यास कराया जा रहा हैं।

## भवन का सुलझा विवाद

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** घुघरी एसडीएम संस्कार बावरिया द्वारा मोहगांव ब्लॉक के ग्राम उमरडीह उर्फ पड़ादर में सांस्कृतिक भवन निर्माण को लेकर चल रहे ग्रामवासियों के विवाद का मौके पर पहुंचकर निराकरण किया गया। इस दौरान एसडीओपी निवास वालरे, जनपद सीईओ मोहगांव कमल रंधावा, नायब तहसीलदार मोहगांव पुष्पेन्द्र पंद्रे एवं थाना प्रभारी मोहगांव हानोते सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री डॉ. प्रकाश योगेन्द्र बाबू पिता योगेन्द्र प्रसाद आयु लगभग 52 वर्ष निवासी रो हाउस नं. 20 न्यू हेवन क्रेस्ट टाटा हाउस कॉलोनी मेन रोड बोइसर इस्ट पालघर महाराष्ट्र की ओर से अधिकृत होकर निम्नलिखित आम सूचना प्रकाशित करता हूँ अन्विता चौबे पिता राजीव चौबे आयु लगभग 23 वर्ष निवासी प्लॉट न. 1 स्ट्रीट 32 स्मृति नगर भिलाई जिला दुर्ग द्वारा अपने हक स्वामित्व व राजस्व अभिलेखों में दर्ज ग्राम बारगी, प.ह.नं. 76 रा.नि.म. चिरईडोंगरी तह. नैनपुर जिला मण्डला भूमि खसरा न. 305/1 रकबा. 660 हेक्टेयर भूमि को मेरे पक्षकार के साथ विक्रय करने का सौदा किया गया है जिसका पंजीकरण विलेख नैनपुर जिला मण्डला में किया जाना है। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक या अन्य किसी का कोई अधिकार दावा बंधक ऋण, वाद-विवाद अथवा आपत्ति हो तो वह 12/ 05/2026 के पूर्व मेरे कार्यालय में लिखित रूप में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई दावा/विवाद शेष नहीं है और मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र करा लिया जायेगा जिसके लिए बाद में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

मंडला दिनांक :- 05.05.2026

भवदीय
एड.सचेन्द्र सराफ
चेम्बर नं. 320 शताब्दी भवन
जिला न्यायालय मण्डला
म.प्र. मोबाइल न. 7898069922

संपादकीय

# प्रोजेक्ट पर बवाल

ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट भारत सरकार का 92,000 करोड़ का रणनीतिक प्रोजेक्ट है। इसमें पोर्ट, एयरपोर्ट, टाउनशिप और पावर प्लांट बनेंगे। यह हिंद महासागर में भारत की सुरक्षा और व्यापार को मजबूत करेगा, लेकिन पर्यावरण और आदिवासी प्रभाव को लेकर विवाद हो रहा है। कुछ लोग इसे पर्यावरण और आदिवासी संस्कृति के लिए खतरा बता रहे हैं, जबकि सरकार इसे देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी बता रही है। इस प्रोजेक्ट को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 2035 तक काम होगा। इसमें गलाथिया बे में एक बड़ा पोर्ट बनेगा, जिसकी क्षमता शुरू में 4.4 मिलियन टीईयू और बाद में 16 मिलियन टीईयू होगी। यह पोर्ट इतना गहरा होगा कि बड़ी-बड़ी जहाजें आसानी से आ-जा सकें। इसके अलावा एक नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनेगा, जो सिविल और डिफेंस दोनों कामों के लिए इस्तेमाल होगा। 450 एमवीए का गैस और सोलर आधारित पावर प्लांट बनेगा, ताकि बिजली की समस्या न हो। एक नई टाउनशिप भी विकसित की जाएगी, जिसमें घर, दुकानें और अन्य सुविधाएं होंगी। कुल मिलाकर 166 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विकास होगा, जो पूरे अंडमान-निकोबार के बहुत छोटे हिस्से के बराबर है। यह प्रोजेक्ट भारत के सागरमाला कार्यक्रम का हिस्सा है। सरकार का कहना है कि यह द्वीप को पर्यटन, व्यापार और सुरक्षा का हब बना देगा।

इस प्रोजेक्ट पर सबसे ज्यादा विवाद पर्यावरण को लेकर है। राहुल गांधी समेत कई लोग कह रहे हैं कि इससे 160 वर्ग किलोमीटर जंगल कटेगा, लाखों पेड़ों को नुकसान पहुंचेगा और समुद्री जीव-जंतु प्रभावित होंगे। वे इसे देश की प्राकृतिक और आदिवासी विरासत के खिलाफ अपराध बता रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं कि इससे शोम्पेन और निकोबरी जनजातियों की संस्कृति खतरे में पड़ जाएगी। लेकिन सरकार इन आरोपों को खारिज करती है। सरकार के अनुसार कुल जंगल क्षेत्र का सिर्फ 1.82 प्रतिशत प्रभावित होगा। 18.65 लाख पेड़ों में से ज्यादा से ज्यादा 7.11 लाख पेड़ काटे जाएंगे और वह भी अलग-अलग फेज में। बाकी 65.99 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को हरा-भरा रखा जाएगा। पर्यावरण मंजूरी के लिए बहुत सारे अध्ययन किए गए, जिसमें वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट, जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया जैसे संस्थानों की रिपोर्ट शामिल हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट की शुरुआत नीति आयोग ने 2021 में की। लेकिन इतिहास देखें तो 1985 में राजीव गांधी ने अंडमान-निकोबार को सिंगापुर या हांगकांग जैसा ट्रेड हब बनाने का विचार रखा था। कांग्रेस शासन में भी द्वीपों पर विकास की योजनाएं चली थीं। इसलिए विपक्ष पर पलटवार करते हुए सरकार के समर्थक कहते हैं कि पहले कांग्रेस भी विकास चाहती थी, अब विरोध क्यों कर रही है? यह प्रोजेक्ट भारत के लिए बहुत बड़ा रणनीतिक फायदा देगा। ग्रेट निकोबार मलक्का स्ट्रेट के काफी करीब है, जहां से दुनिया का 30 प्रतिशत व्यापार गुजरता है। यहां पोर्ट बनने से भारत को विदेशी पोर्ट्स (जैसे कोलंबो, सिंगापुर) पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे भारत का पैसा बचेगा और राजस्व बढ़ेगा। अनुमान है कि 2040 तक सालाना 30,000 करोड़ रुपये का फायदा हो सकता है। रक्षा के लिहाज से यह प्रोजेक्ट भारत को अंडमान सागर में मजबूत बनाएगा। चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति का मुकाबला करने में मदद मिलेगी। भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना की मौजूदगी बढ़ेगी। समुद्री रास्तों की निगरानी आसान होगी। अर्थव्यवस्था को भी बूस्ट मिलेगा, 40 से 50 हजार नौकरियां, पर्यटन बढ़ेगा, शिप रिपेयर और लॉजिस्टिक्स का नया हब बनेगा। द्वीपों पर बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाएं बेहतर होंगी।

# पश्चिम एशिया युद्ध और महंगाई



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

कमर्शियल एलपीजी सिलैंडरों की कीमतों में 993 रुपए की भारी-भरकम वृद्धि और आने वाले दिनों में पैट्रोल, डीजल की कीमतों में बढ़ौतरी की आशंका से सभी क्षेत्रों में चिंताएं गहरी हो गई हैं। राजधानी दिल्ली में कमर्शियल सिलैंडर की कीमत 3000 से ऊपर हो गई है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से पैदा हुए गम्भीर संकट के बावजूद दो महीने से पैट्रोल और तेल की कीमतों को थाम कर रखा हुआ है और सरकार इनकी उपलब्धता के वैकल्पिक रास्ते निकालने में जी-जान से जुटी हुई है। आम जनता पर महंगाई का बोझ कम से कम पड़े इसलिए घरेलू रसोई गैस की कीमत नहीं बढ़ाई गई है। अमेरिका, इजराइल और ईरान युद्ध के चलते वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं उससे रोजाना इस्तेमाल की जरूरत की वस्तुओं की सप्लाई बाधित होने से महंगाई का झटका लगना तय था। अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों के लिए विमानों के ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में भी बढ़ौतरी कर दी गई। पश्चिम एशिया से एलपीजी सप्लाई बाधित होने के कारण अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है।



रिफाइनिंग कम्पनियों द्वारा एलपीजी उत्पादन बढ़ाए जाने और अमेरिका, आस्ट्रेलिया आदि से कार्गो प्राप्त किए जाने के बावजूद घरेलू स्तर पर एलपीजी की बिक्री पर विपणन कम्पनियों का घाटा अभी भी ऊंचा बना हुआ है। यदि मौजूदा घाटे का स्तर पूरे वित्त वर्ष तक बना रहा तो सरकारी तेल विपणन कम्पनियों को एलपीजी की बिक्री पर लगभग 80 हजार करोड़ रुपए का घाटा हो सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत 125 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जा रही है। पैट्रोल और डीजल की बिक्री पर क्रमश:14 रुपए प्रति लीटर और 18 रुपए प्रति लीटर नुक्सान होने का अनुमान है। उर्वरक क्षेत्र भी सल्फर और अमोनिया की कीमतों में वृद्धि से महत्वपूर्ण लागत दबाव का सामना कर रहा है। कमर्शियल गैस की कीमतों में भारी-भरकम बढ़ौतरी से रेस्तरां, ढाबों, खान-पान सेवाओं, बेकरियों और क्लाऊड किचनों में परेशानी की लहर दौड़ गई है। सबसे ज्यादा संकट तो स्ट्रीट फूड का धंधा करने वालों पर आ खड़ा हुआ है। स्ट्रीट फूड का नेटवर्क इतना बड़ा है जो हर दिन करोड़ों भारतीयों को भोजन उपलब्ध कराता है। छोटे-छोटे व्यवसाय करने वालों के पास लम्बे समय तक लागत बढ़ने के झटकों को झेलने के लिए संसाधन नहीं होते। गैस संकट के चलते रेस्तरां मालिक पहले ही इधर-उधर भटक रहे हैं। कई रेस्तरां और ढाबे वालों ने अपना काम अस्थाई रूप से बंद कर दिया है और सड़क किनारे रेहड़ियां लगाने वालों की हालत तो बहुत ज्यादा खराब है। केन्द्र सरकार गैस की सप्लाई निर्बाध जारी रखने की हर सम्भव कोशिश कर रही है लेकिन उपभोक्ताओं के लिए हर मद 5 या 10 रुपए महंगी हो चुकी है।

भारत में मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग महंगाई के दौर में अपनी मांग घटा देते हैं। इसका प्रभाव सब्जी व्यापारी, डेयरी विक्रेता और अन्य खानपान की वस्तुओं पर पड़ रहा है। छोटे व्यवसाय प्रभावित हुए तोउनमें काम करने वाले लोगों का रोजगार भी प्रभावित होगा। पैट्रोल और डीजल की कीमतों की बात करें तो कुछ देशों ने खुदरा कीमतों में वृद्धि कर दी है। केन्द्र सरकार ने तेल कम्पनियों की रक्षा करने के लिए पैट्रोल और डीजल पर विशेष उत्पाद शुल्क कम कर दिया है। यदि अमेरिका और ईरान युद्ध फिर भड़क उठता है तो कीमतें बढ़ाना विवशता ही हो जाएगा। एशिया के कुछ देशों और अन्य कई देशों में कर ढांचा इस तरह का बनाया गया है कि जब भी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो वहां तेल पर उत्पाद शुल्क कीमतों के अनुपात में कम कर दिया जाता है। जब कच्चे तेल की कीमतें गिरती हैं तो उत्पाद शुल्क बढ़ा दिया जाता है। इससे आम उपभोक्ता पर कीमतों का दबाव नहीं आता। वर्तमान परिस्थितियों में अब यह जरूर हो गया है कि उत्पाद शुल्क नीतियों को अधिक निश्चित और पूर्वानुमान योग्य बनाया जाए।

भारत में अभी 60 दिन का रिजर्व पैट्रोल है। शुरूआत में उम्मीद थी कि युद्ध जल्दी खत्म होगा और तेल कम्पनियां अपने पुराने मुनाफे से स्थितियां सम्भाल लेगी लेकिन अब जबकि संकट लम्बा खिंचता दिख रहा है तो पैट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि का तूफान आ सकता है। सरकार पहले से ही एलपीजी और उर्वरक सब्सिडी का बोझ उठा रही है। ऐसे में पैट्रोल-डीजल पर घाटा सहना सरकारी खजाने पर दबाव बढ़ा सकता है। वित्त मंत्रालय की मासिक रिपोर्ट में कई तरह की आशंकाएं व्यक्त की गई हैं। वित्त मंत्रालय का कहना है कि केवल तेल और गैस के भंडारण तक ही सरकारें सीमित न रहें, बल्कि प्रमुख आवश्यक कच्चे माल के भंडार भी बनाए जाएं। संकट काल में हमेशा यह देखा गया है कि कई देश महत्वपूर्ण कच्चे माल और वस्तुओं के उत्पादन में अपने प्रभुत्व को हथियार बना सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक सप्लाई चेन के प्रभावित होने से आयातित यूरिया की कीमत 950 डॉलर प्रतिटन हो गई है, जो पिछले वर्ष अप्रैल में 390 डॉलर प्रति टन थी। आयातित अमोनिया की कीमत 775 डॉलर प्रतिटन के स्तर पर पहुंच गई है, जो पिछले साल 365 डॉलर प्रति टन थी। चिप की कीमत में पिछले साल की तुलना में 560 गुणा बढ़ौतरी हो चुकी है। वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक के मुताबिक युद्ध से पहले वर्ष 2026 में वैश्विक विकास की दर 3.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था जिसे मार्च में 3.1 प्रतिशत कर दिया गया। अब यह विकास दर 2.5 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। वहीं वैश्विक विकास दर 5.4-6.0 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। भारत इससे अछूता नहीं रह सकता है। हालांकि वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि देश की घरेलू अर्थव्यवस्था के मानक मजबूत दिख रहे हैं। इस कारण देश की विकास दर मजबूत बनी रहेगी। फिलहाल मुद्रास्फीति की कहानी गहरी हो चुकी है और उपभोक्ताओं का व्यवहार तेजी से बदल रहा है। वैसे तो भारत बड़े से बड़े संकट को झेल चुका है। सीधे-सीधे अब चौतरफा महंगाई का असर आम लोगों की थाली और हर चीज पर पड़ रहा है। देश की बड़ी आबादी रोजी और रोजगार से जूझ रही है जो अपने आप में बड़ी चुनौती है।

बात पते की

# बंद हो...अनाज सड़ाने का खेल



देव शंकर अवस्थी

पिछले दिनों एक खबर बड़ी पीड़ा देने वाली आई। एक लाख सत्रह हजार क्विंटल सड़ चुके गेहूं को सरकार अब बेचने जा रही है। इतना सड़ा गेहूं वर्ष 2018 से 23 से बीच का है। यह गेहूं उस समय सरकार ने भले ही दो हजार रुपए क्विंटल खरीदा हो लेकिन अब लगभग दो सौ रुपए प्रति क्विंटल बेचने की तैयारी है। सड़े गेहूं को खरीदने के लिए कई कंपनियां मैदान में हैं। जरा.. सोचिए इतने गेहूं की खरीद से लेकर उसके रखरखाव, गोदामों के किराए तक में सरकार ने कितना खर्च किया होगा। इतना गेहूं मध्यप्रदेश में सड़ा है, अभी तो पूरा देश बाकी है। हर प्रदेश में अनाज सड़ता होगा, क्योंकि सरकारी देखभाल का सिस्टम तो सभी जगह लगभग एक जैसा है। हम कभी-कभी समाचार सुनते हैं कि भारत सरकार ने फलां देश को पचास हजार क्विंटल अनाज दिया। अनाज की कीमत वे देश जानते होंगे, जहां अन्न नहीं होता। हम क्या जानें.. हमारे देश में तो लाखों क्विंटल अनाज सड़ा दिया जाता है। अन्न की कीमत 65-70 साल के लोग अच्छे से जानते हैं। वे लोग अमेरिका से आए लाल गेहूं को अभी भूले नहीं होंगे। इससे पहले भी देश ने भुखमरी के कई दौर देखे। गुलामी काल में लाखों मौतें भूख और उससे उपजी बीमारियों से होती रहीं। यही कारण है कि कहीं अनाज पड़ा होने पर बुजुर्ग एक-एक दाना बीन लेते हैं। बदले परिदृश्य में आज अनाज का हर जगह दुरुपयोग है। शादी, पार्टी, होटल, रेस्तरां में अन्न की दुर्गति देखते ही बनती है। सरकार को चाहिए कि वह अन्न सड़ाने के खेल पर अंकुश लगाए। ये कैसी निगरानी कि अनाज सड़ता रहा और किसी को भनक न लगे। अगर अनाज के सड़ने की शुरुआत हो रही थी तो इतना अन्न गरीबों को मुफ्त बांटते हो, कुछ और बांट देते।

## पंचवटी में भी खतरा कम नहीं

बरगी बांध में हुए हादसे के बाद वहां ध्यान जाना स्वाभाविक है, जहां इस तरह के खतरे हैं। इसमें सबसे अधिक खतरा भेड़ाघाट स्थित पंचवटी में होने वाले नौकाविहार में है। वह तो नाविकों की निपुणता है, जो आज तक कोई बड़ी घटना नहीं हुई। अन्यथा, खामियों ने तो कोई कसर नहीं छोड़ी। चप्पू वाली नौकाएं एकदम बढ़िया नहीं, लाइफ जैकेट का उपयोग भी ना के बराबर है। नौकाविहार के समय यदि नाविकों की जांच की जाए तो कइयों के मुंह शराब की दुर्गन्ध मारते मिलेंगे। बरगी बांध के हादसे में तो बहुतों की जान बच गई लेकिन पंचवटी से बंदरकूदनी तक की भयावह गहराइयों में यदि कोई घटना हो गई तो परिणाम बहुत घातक होने से इंकार नहीं किया जा सकता। जिम्मेदारों को चाहिए कि घटना के बाद में हायतौबा मचाने से अच्छा है कि पहले ही त्रुटियों को सुधार लिया जाए।

## ... और अंत में

बरगी बांध की घटना महज एक हादसा नहीं बल्कि हंसते-खेलते परिवारों को मौत के घाट उतारने का मामला है। इसका सीधा सा दोषी पर्यटन महकमे का निकृष्ट प्रबंधन है। जिन मूर्खों को मौसम विभाग की चेतावनी और लाइफ जैकेट पहनाने का ज्ञान नहीं, उन्हें ऐसे संवेदनशील काम की कमान सौंपने वाले भी कम दोषी नहीं। मात्र नौकरी से हटाने और निलंबन जैसी कार्रवाई पीड़ितों के साथ सिर्फ धोखा है। इनके ऊपर सामूहिक मौतों का दोषी मानकर कार्रवाई होनी चाहिए।

# ईरान-अमेरिका जंग : बढ़ेगी नहरों व जलडमरूमध्यों की अहमियत



डॉ. सुधीर सक्सेना
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

वैश्विक नौवहन नये समीकरणों के मुहाने पर है। ईरान और अमेरिका की ताजा जंग में सर्वाधिक सुर्खियों में उभरा है होर्मुज जलडमरूमध्य। यद्यपि अभी ईरान और अमेरिका के दरम्यां मियादी युद्ध विराम चल रहा है और ईरान की यूरेनियम संवर्द्धन और एटमी-क्षमता वाशिंगटन और तेल अवीव की साझा धुरी की चिंता के मूल में है, किंतु लगता है कि होर्मुज स्ट्रेट सारे बखेड़े की जड़ हैं। इस युद्ध ने एक ओर तो 70 साल पहले के स्वेज नहर विवाद की याद ताजा कर दी हैं, दूसरी ओर नहरों और जलडमरूमध्यों की निर्विवाद अहमियत का सिरा छोटी-बड़ी ताकतों को थमा दिया है।

चालीस दिनों के भीषण युद्ध के बाद डोनाल्ड ट्रंप यह बखूबी समझ गये हैं कि होर्मुज के रूप में ईरान के हाथ एक %ब्लैंक चेक% लग गया है। इस पर नियंत्रण और चुंगी वसूलने का अर्थ होगा कारूं का ऐसा खजाना, जो चार से भी अधिक दशकों से आर्थिक पाबंदियां झेल रहे ईरान के लिये %टॉनिक% का काम कर सकता है। इसके साथ ही एक बड़ी चिंता डॉलर के भविष्य को लेकर है। यदि ईरान होर्मुज से गुजरने वाले टैंकरों और पोतों से चीनी युआन में चुंगी वसूलता है, तो उसका सीधा असर डॉलर के वर्चस्व और मजबूती पर पड़ेगा। यह स्थिति निश्चित ही युआन को मजबूती



देगी और डॉलर फिसलेगा। अमेरिका यह भी जानता है कि होर्मुज की ज्यादा दिन तक नाकेबंदी करना संभव नहीं होगा। अलबत्ता इससे ईरान को प्रतिदिन 4000 करोड़ का नुकसान होगा। लेकिन नाकेबंदी का खेल बड़ा खर्चीला है और इससे रूस-चीन की भृकुटि में बल पड़ेगा। ईरान भी अमेरिका की इस दुखती रग को जानता है, इसीलिये वह होर्मुज पर किसी भी कीमत पर नियंत्रण नहीं छोड़ेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य की नौवहन में अहमियत को देखकर अमेरिका ने मलक्का जलडमरूमध्य की ओर ध्यान केंद्रित किया है। मलक्का को वैश्विक कारोबार की मुख्य धमनी माना जाता है। यह स्ट्रेट हिन्द महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ता है और दुनिया के 40 फीसदी कारोबार का अहम रूट है। बताते हैं कि मलक्का से हर साल करीब 90 हजार जहाज गुजरते हैं और इस रास्ते तेल, कारों और सेमी कंडक्टर्स की सप्लाई होती है।

भारत और चीन के लिये यह स्ट्रेट बड़ा मायने रखता है और इसकी नाकाबंदी चीन और भारत दोनों को प्रभावित करेगी। अपने दूरगामी सोच के तहत अमेरिका ने इंडोनेशिया के साथ टैरिफ डील के बाद रक्षा संधि की पहल की है। इसके तहत अमेरिकी फाइटर प्लेन बिना अनुमति के इंडोनेशिया के एयर स्पेस में उड़ सकेंगे। राष्ट्रपति प्रोबोवो ने ट्रंप के बोर्ड ऑफ पीस में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने के साथ ही आठ हजार सैनिकों को बतौर शांति सैनिक भेजने का ऐलान किया है। मलक्का के हाथ में आने से अमेरिका आसियान- देशों को आसानी से मॉनीटर कर सकेगा और प्रशांत-क्षेत्र में चीन के वर्चस्व को भी चुनौती दे सकेगा। कभी निर्गुट आंदोलन के ध्वजवाहक रहे इंडोनेशिया का अमेरिका की ओर विचलन भारत के लिये भी चिंता का विषय है।

ईरान - अमेरिका जंग में होर्मुज प्रकरण के बाद अनेक जलमार्गों का नौवहन और सामरिक महत्व बढ़ गया है। रूस जहां कास्पियन सागर के रास्ते ईरान को हथियार, द्रोन, गोलाबारूद और उपकरणों की गुपचुप आपूर्ति कर रहा है, वहीं तुर्कियो के राष्ट्रपति एर्दोगान ने सदियों से लंबित इस्तांबुल कैनाल प्रोजेक्ट को हाथ में लेने की पहल की है। इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के सुरक्षित नौवहन के लिये योरोपीय राष्ट्रों की गोपनीय बैठक मार्च में बुला चुके हैं। भविष्य में चाबहार जैसे बन्दरगाहों का महत्व बढ़ सकता है और वैकल्पिक जलमार्ग और जलडमरूमध्य तलाशें जा सकते है।

# युवा भारत या इस्तेमाल होता भारत?

पवन शर्मा

भारत खुद को दुनिया का सबसे युवा देश कहता है। लगभग 65% आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की-यह हमारी सबसे बड़ी ताकत होनी चाहिए थी। लेकिन यही ताकत आज सबसे बड़ा अधूरा अवसर बनती दिख रही है।

समस्या युवाओं की संख्या नहीं है।

समस्या है-उन्हें सशक्त बनाने की गंभीर इच्छा का अभाव।

बिहार को देखिए-देश के सबसे युवा राज्यों में से एक। ऊर्जा है, प्रतिभा है, प्रतियोगी भावना है। फिर भी पिछड़ापन क्यों? क्योंकि जब अवसर नहीं होते, तो युवा विकास नहीं, पलायन चुनते हैं। लाखों युवाओं का हर साल राज्य और देश छोड़ना-यह आकांक्षा नहीं, व्यवस्था की विफलता है।

भारत की शिक्षा प्रणाली इस विफलता को और स्पष्ट करती है। एक तरफ गिने-चुने शीर्ष संस्थान, जिनकी सीटें बेहद सीमित हैं। दूसरी तरफ हजारों कॉलेज-जहाँ अक्सर भविष्य नहीं, फीस प्राथमिकता होती है। हर साल करोड़ों छात्र दाखिला लेते हैं, लेकिन कितने वास्तव में वैश्विक स्तर के लिए तैयार होते हैं?

अब एक असहज सवाल-युवा नीति बना कौन रहा है?

अक्सर वे लोग, जो आज के युवाओं की वास्तविकता से दूर हैं।

आज का युवा-
डिजिटल है
जागरूक है
वैश्विक सोच रखता है

लेकिन व्यवस्था-
धीमी है
पुरानी है
निर्णय लेने में पिछड़ी है

यही दूरी सबसे बड़ी कीमत वसूल रही है।

हम 'डेमोग्राफिक डिविडेंड' की बात करते हैं, लेकिन सवाल है-युवाओं पर वास्तविक निवेश कितना है? कौशल, नवाचार और रोजगार पर खर्च कितना है? और उसमें से जमीन तक कितना पहुँचता है?

और आखिर में सबसे कड़वा सच-
भारत का युवा-
चुनाव में इस्तेमाल होता है
भाषणों में सराहा जाता है
लेकिन नीतियों में अक्सर नजरअंदाज होता है

यह सशक्तिकरण नहीं,
सुविधा अनुसार उपयोग है।

कोई भी देश सिर्फ युवा आबादी से महान नहीं बनता।

वह तब महान बनता है, जब उसके युवाओं को कौशल, अवसर और विश्वास मिलता है।

भारत के सामने विकल्प साफ है-
या तो युवाओं को सशक्त बनाकर दुनिया का नेतृत्व करे,
या उन्हें संभालते हुए अपने भविष्य को टालता रहे।

क्योंकि अगर युवा शक्ति को दिशा नहीं मिली,
तो वह रुकती नहीं-
वह देश छोड़ देती है।

# ऐसा न हो कि कुलियों से गुजरने में भी फास्टैग लगने लगे




इस समय सारी दुनिया में सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाला शब्द है - होर्मुज तेल भंडारों के दम पर दौलत के बादशाह बने खाड़ी देशों को अरब सागर और फिर हिंद महासागर से जोड़ने वाला एक संकरा समुद्री मार्ग जिससे दुनिया की तीस प्रतिशत से ज्यादा पेट्रोलियम व्यवसाय और अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित होती हैं।

अंग्रेजी में स्ट्रेट कहे जाने वाले इस संकरे समुद्री मार्ग का हिंदी नाम कठिन सा है जलडमरूमध्य जितनी जीभ तेल की कीमतों में वृद्धि के कारण नहीं ऐंठती उतनी तो इसके उच्चारण में ऐंठ जाती है। गली मोहल्लों की भाषा में इसके लिए एक बेहद सस्ता सुंदर और टिकाऊ शब्द है कुलिया कुलीन अंग्रेजीदानों और कालोनी वासियों को शायद ये शब्द अशोभनीय लगे मगर जो गली मोहल्लों में रहे हैं वे कुलिया का क्या माहात्म्य होता है जानते है। कैसे यह संकरा सा जमीन का टुकड़ा कई सौ मीटर की दूरी को चंद मीटर में बदल देता है।

होर्मूज नामी इस समुद्री कुलिया बनाम जलडमरूमध्य ने इन दिनों पूरी दुनिया की डमरू बजा रखी है। परमाणु निरस्त्रीकरण के नाम पर ईरान के खिलाफ जंग छेड़ने वाले वैश्विक थानेदार अमेरिका का एकमात्र उद्देश्य अब इस संकरे रास्ते को खोलने तक सिमट कर रह गया है और ईरान है कि मानता नहीं टोल टैक्स लगाकर पैसा कमाने का नया रास्ता जो मिल गया है और इन दोनों के झगड़ों के चलते हाथियों की लड़ाई में घास की तर्ज़ पर सारी दुनिया पिस रही है। अमेरिका लाबी को शायद अच्छा न लगे मगर ईरान ने युद्ध को लंबा खींचकर अपने आपको छोटा-मोटा हाथी तो साबित कर ही दिया है।

इस समस्या ने एक नए रास्ते भी खोल दिए है। समुद्री जलमार्ग होर्मुज जैसी कुलियों से भरे पड़े हैं। मलक्का, जिब्राल्टर, बेरिंग, बाब अल मंडेब, डोवर , सुंडा ऐसी ही अन्य समुद्री कुलियाएं हैं जिनसे गुजरकर जहाज करोड़ों का ईंधन और समय बचाते हैं। अब ईरान की तर्ज पर अन्य देश भी अपने आस-पास की कुलियाओं से माल बटोरने के चक्कर में लग गए हैं

अपन को तो डर इस बात का है कि कहीं टोल कमाने के लिए कुलियों पर कब्जे की यह बीमारी शहर के मोहल्लों के स्तर तक न फैल जाए वरना वह दिन दूर नहीं जब शार्टकट यानी कुलियों के रास्ते एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में जाने के लिए भी फास्टैग जरूरी हो जाएगा।

## हंसे तो हंसे कैसे

लो भैया घूमफिर कर फिर विश्व हास्य दिवस आ गया अखबारों में इस दिवस पर डाक्टरों के बड़े-बड़े आर्टिकल छपे जिनमें ये बताया गया कि जीवन में हंसना कितना जरूरी है यदि इंसान हंसता रहेगा तो न केवल स्वस्थ रहेगा, बल्कि उसका मोटापा दूर होगा ,शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और एक शानदार जीवन जिएगा । हंसने से कई हार्मोन विकसित होते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बेहद जरूरी होते हैं अब इन चिकित्सकों ने तो बता दिया कि हंसना बहुत जरूरी है लेकिन आज की तारीख में लोग हंसे तो हंस कैसे ? हंसते हुए बाजार जाते हैं और जब चीजों के दाम देखते हैं तो सारी हंसी रफू चक्कर हो जाती है आंखों से आंसुओं की धार लग जाती है पेट्रोल पंप जाते हैं तो खबर मिलती है कि बस दाम बढ़ने ही वाले हैं ,गैस का संकट हंसी पर भारी पड़ रहा है उधर अमेरिका और ईरान एक दूसरे की लाई लूटे पड़े हैं और इधर पूरी दुनिया की हंसी आंसू में तब्दील होती जा रही है। चुनाव लड़ते वक्त नेता जो वादे करते हैं उससे हर वोटर का चेहरा हंसी से प्रफुल्लित हो जाता है लेकिन जैसे ही नेताजी चुनाव जीतते हैं वोटरों की हंसी न जाने कहां गायब हो जाती है । घर से हंसते हुए निकलते निकलकर व्यक्ति अपने ऑफिस दुकान तक पहुंचने की खुशी महसूस करता है लेकिन तपती धूप में जब उसे एक-एक घंटे जाम में फंसा रहना पड़ता है तो उसकी सारी हंसी गायब हो जाती है।चारों तरफ मारा मारी मची हुई है ऐसे में इंसान हंसे तो हंस कैसे ? शायद यही कारण है कि हर शहर में लाफ्टर क्लब खुल गए हैं जहां 10-20 लोग इकट्ठे होकर नकली हंसी-हंसते हैं वे सोचते हैं कि शायद इस हंसी से उनका स्वास्थ्य ठीक हो जाएगा लेकिन उनको नहीं मालूम कि नकली माल तो नकली ही होता है असली हंसी तो भीतर से निकलती है जो अब नामुमकिन सी हो गई है।

## देसी तोता पर पाबंदी


एक खबर आई है जिसमें बताया गया है कि अब घरों में जो तोता पाले जाते थे वो गैर कानूनी हो जाएंगे लेकिन यह शर्त सिर्फ देसी तोता पर लागू है यदि आप में दम है,पैसे हैं तो आप विदेशी तोता ले आएं और छाती ठोक कर पालें लेकिन खबरदार जो देसी तोता पाला । एक जमाना था जब लगभग हर चौथे पांचवें घर में एक छोटे से पिंजरे में तोता हुआ करता था तोता बड़ी जल्दी भाषा सीख जाता है कोई मेहमान जब आता था तो तोते का मालिक उसे आपका स्वागत है सिखा देता था और जब वह तोता उस मेहमान को देखता था तो अपनी आवाज से आपका स्वागत है कह देता था ,कोई जय श्री राम सिखा देता था तो कोई सीटी बजाना ।, पिंजरे से उसको आजाद भी कर दो तो भागने की कोशिश नहीं करता था घर में ही चक्कर लगाता रहता था और थकहार कर खुद-ब-खुद अपने पिंजरे में समा जाता था। पहले लोग अपने घरों के कुओं में कछुआ पाल लेते थे जो बैक्टीरिया खत्म कर देता था लेकिन सरकार ने उस पर भी बैन लगा दिया, पहले सपेरे सांप पालते थे उनसे उनकी रोजी-रोटी चलती थी लेकिन सरकार को यह भी सहन नहीं हुआ तो उस पर भी प्रतिबंध लग गया बेचारे सपेरे नाग पंचमी तक में लोगों को सांप के दर्शन नहीं करवा पा रहे हैं छुप छुप कर एकाध सपेरा सांप के दर्शन करवा देता है लेकिन उस पर भी उसको डर लगता है कि कहीं पुलिस उसको गिरफ्तार न कर ले अभी घोड़े पर ,कुत्तों पर प्रतिबंध नहीं लगा है इसलिए उनको पाला जा रहा है घोड़ा दूल्हे के लिए जरूरी है और कुत्ता घर की रखवाली के लिए, शायद यही कारण है कि इन दोनों को पालने पर अभी रोक नहीं है लेकिन पता चला है कि इन पर भी रोक लगाने के बारे में सरकार विचार विमर्श कर रही है अपने को लगता है कि वो दिन दूर नहीं जब इंसान कुत्ता ,बिल्ली, कबूतर ,घोड़ा, गधा, बंदर देखने के लिए भी मोहताज हो जाएगा

## सुपर हिट ऑफ़ द वीक

यदि तुम्हारी बजाय मेरी शादी किसी राक्षस से हो जाती तो मैं ज्यादा सुखी रहती श्रीमती जी ने श्रीमान जी से गुस्से में कहा

पगली हो तुम खून के रिश्ते में भी कभी शादी होती है क्या? श्रीमान जी ने जवाब दिया

# सस्ता, सटीक और अदृश्यः इजरायली सेना के लिए काल बना हिजबुल्लाह का फाइबर-ऑप्टिक ड्रोन



नई दिल्ली

मिसाइलों और एयर डिफेंस की इस हाई-टेक जंग में हिजबुल्लाह ने सस्ते और खतरनाक हथियार इस्तेमाल करना शुरू किया है। हैरानी की बात यह है कि इन सस्ते हथियारों को पहचानना और रोकना बेहद मुश्किल है, क्योंकि, बिना किसी वायरलेस सिग्नल के काम करता है। हिज्बुल्लाह द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाला यह कोई साधारण वायरलेस ड्रोन नहीं है, बल्कि फाइबर-ऑप्टिक ड्रोन है, यह एक बेहद महीन तार (फाइबर-ऑप्टिक केबल) के जरिए सीधे अपने ऑपरेटर से जुड़ा होता है। जब तक इज़राइल की उन्नत प्रणालियां आसमान में किसी रेडियो सिग्नल की तलाश करती हैं, तब तक यह अदृश्य शिकारी अपना काम तमाम कर चुका होता है। दरअसल, आज के करीब दो साल पहले, हिजबुल्लाह को निशाना बनाकर किए गए एक समन्वित इजरायली हमले में लेबनान भर में हजारों पेजर कुछ ही सेकंड के अंतराल में फट गए। इन धमाकों में दो बच्चों सहित कम से कम 32 लोग मारे गए और हजारों अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अब हिजबुल्लाह ने अपना खुद का हथियार ढूंढ लिया है और वह इसके जरिए इजरायली लोगों पर हमले कर रहा है। हिजबुल्लाह द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे इस ड्रोन को रोका नहीं जा सकता है। यह फाइबर ऑप्टिक क्वाडकॉप्टर ड्रोन आकार में छोटा है, लेकिन वजन में कुछ किलोग्राम का है, फिर भी सटीक निशाना लगाने में सक्षम है। इसकी खतरनाकता इसके आकार में नहीं, बल्कि इसे नियंत्रित करने के तरीके में है। वायरलेस सिग्नल पर निर्भर रहने वाले पारंपरिक ड्रोनों के विपरीत, फाइबर-ऑप्टिक ड्रोन अपने ऑपरेटर से एक भौतिक केबल के माध्यम से जुड़ा होता है। इसी एक अंतर के चलते वह सब कुछ बदल देता है। इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन संस्थान के वरिष्ठ शोधकर्ता येहोशुआ कालिस्की ने सीएनएन को बताया कि ड्रोन संचार जैमिंग से अप्रभावित हैं, और इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर की अनुपस्थिति में, यह पता लगाना भी असंभव है कि उन्हें कहां से लॉन्च किया गया।रविवार को हिजबुल्लाह ने एक ड्रोन की गतिविधि का वीडियो जारी किया। फुटेज में दिखाया गया कि ड्रोन के हमले से पहले इजरायली सैनिकों को आने वाले खतरे की कोई जानकारी नहीं थी। इजरायल रक्षा बलों ने पुष्टि की कि हमले में 19 वर्षीय सार्जेंट इदान फूक्स की मौत हो गई और कई अन्य सैनिक घायल हो गए।

जब घायलों को निकालने के लिए एक बचाव हेलीकॉप्टर पहुंचा, तोहिजबुल्लाह ने उस पर भी ड्रोन से हमले किए। IDF के एक अधिकारी ने ष्टह्नह्न को बताया, यह तरीका पूरी तरह से अचूक नहीं है, उतना तो बिल्कुल नहीं, जितना हम चाहते हैं। यह एक ऐसा खतरा है जिसके हिसाब से हम अभी भी खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं। सेना अपनी जवाबी कार्रवाई को बेहतर बनाने के लिए अपनी खुफिया शाखा के साथ मिलकर काम कर रही है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है।

# नेपाल का कैलाश मानसरोवर यात्रा में अड़ंगा, लिपुलेख पर बालेन सरकार ने भारत को लिखा प्रोटेस्ट नोट

नई दिल्ली



नेपाल के विदेश मंत्रालय ने भारत और चीन की उस योजना पर आपत्ति जताई है, जिसमें 2026 की कैलाश मानसरोवर यात्रा को लिपुलेख दर्रे के रास्ते कराने की बात कही गई है। नेपाल का कहना है कि यह इलाका उसके अधिकार क्षेत्र में आता है और उसकी अनुमति के बिना यहां कोई गतिविधि नहीं होनी चाहिए। यह बयान काठमांडू से जारी किया गया और इसे दक्षिण एशिया के लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद का एक नया अध्याय माना जा रहा है। नेपाल ने कहा कि उसने इस मामले में अपनी चिंता दोनों देशों तक आधिकारिक तौर पर पहुंचा दी है।

भारत के विदेश मंत्रालय ने हाल ही में घोषणा की थी कि 2026 में कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त के बीच कराई जाएगी। इस दौरान करीब 1000 यात्री दो रास्तों सिक्किम के नाथू ला और उत्तराखंड के लिपुलेख दर्रे से यात्रा करेंगे। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो चुका है।

नेपाल का कहना है कि इस योजना के बारे में उसे न तो जानकारी दी गई और न ही उसकी सहमति ली गई। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा कि लिपुलेख क्षेत्र नेपाल का अभिन्न हिस्सा है और वहां किसी भी तरह की गतिविधि से पहले उसकी अनुमति जरूरी है। नेपाल ने भारत के साथ-साथ चीन को भी इस बारे में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है और कहा है कि इस इलाके में सड़क निर्माण, व्यापार या धार्मिक यात्रा जैसी गतिविधियों से बचा जाए। नेपाल के अनुसार, यह विवाद नया नहीं है बल्कि काफी पुराना है और इसका संबंध 1816 की सुगौली संधि से जुड़ा है, जिसमें काली नदी को सीमा माना गया था।

नेपाल का दावा है कि काली नदी की उत्पत्ति लिम्पियाधुरा से होती है, इसलिए उसके पूर्व का इलाका कालापानी और लिपुलेख नेपाल का हिस्सा है। वहीं भारत का कहना है कि नदी का स्रोत इससे पूर्व में है, इसलिए यह क्षेत्र भारत का है। 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद भारत ने कालापानी इलाके में अपनी मौजूदगी मजबूत की और तब से वह इस क्षेत्र का प्रशासन संभाल रहा है। मई 2020 में यह विवाद उस समय बढ़ गया, जब भारत ने उत्तराखंड के धारचूला से लिपुलेख तक सड़क बनाई। इसके विरोध में नेपाल ने नया राजनीतिक नक्शा जारी किया, जिसमें इन इलाकों को अपने हिस्से के रूप में दिखाया गया।

इस विवाद में चीन भी एक पक्ष है। 2015 में भारत और चीन ने लिपुलेख को व्यापार और यात्रा के लिए खोलने पर सहमति बनाई थी, जिसमें नेपाल शामिल नहीं था। 2025 में भी दोनों देशों ने इस दर्रे को फिर से खोलने पर सहमति जताई, जिसके बाद नेपाल ने दोबारा आपत्ति उठाई। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने यह मुद्दा चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के सामने भी उठाया, लेकिन कोई स्पष्ट समाधान नहीं निकला।

## नाटो के भीतर अमेरिका ही है जर्मनी का सबसे महत्वपूर्ण साझेदार : मर्ज़

**बर्लिन, (वार्ता/स्पूतनिक)।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने कहा है कि ईरान मुद्दे पर मतभेदों के बावजूद अमेरिका नाटो संगठन में जर्मनी का सबसे महत्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। श्री मर्ज़ ने एआरडी प्रसारक को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मुझे स्वीकार करना होगा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की इन मुद्दों पर हमसे अलग राय है, लेकिन इससे यह तथ्य नहीं बदलता कि अमेरिका हमारे लिए महत्वपूर्ण साझेदार है, नाटो में सबसे महत्वपूर्ण, और यूरोप तथा अमेरिका के साथ मिलकर आगे बढ़ने में हमारी साझा रुचि है। उन्होंने ईरान को लेकर अमेरिकी रणनीति की आलोचना भी दोहराई। श्री मर्ज़ ने कहा, मैंने उनसे (श्री ट्रंप से) कहा कि यदि आप चाहते हैं कि हम ऐसे किसी संघर्ष में आपकी मदद करें, तो पहले हमें सूचित करें और हमारी राय लें।

# कपड़े फाड़े, महिलाओं के साथ सड़कों पर हुआ रेप... नाइजीरिया में शर्मसार हुई मानवता

नई दिल्ली

नाइजीरिया में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां फर्टिलिटी फेस्टिवल (प्रजनन उत्सव) के दौरान महिलाओं के साथ छेड़छाड़ हुई और सार्वजनिक रूप से उनका खुलेआम बलात्कार किया गया।

नाइजीरिया में हुई इस घटना से लोगों में भारी आक्रोश है। ऐसी खबरें सामने आई हैं कि यहां फर्टिलिटी उत्सव के दौरान पुरुषों के समूहों ने सड़कों पर महिलाओं का पीछा किया और उनके साथ यौन उत्पीड़न किया। खबरों के मुताबिक, यह घटना मार्च महीने में नाइजीरिया के डेल्टा राज्य में अलुए-डो उत्सव के दौरान हुई थी। यह उत्सव प्रजनन क्षमता से जुड़ा है और इसे ओरामुडू समुदाय मनाता है।

फ्रांस24 की रिपोर्ट के मुताबिक, उत्सव का माहौल तब बिगड़ गया जब सार्वजनिक जगहों पर पुरुषों ने महिलाओं का पीछा करना शुरू कर दिया। कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके कपड़े फाड़ दिए गए और जबरदस्ती उतार दिए गए, जिसके बाद सार्वजनिक रूप से उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया। रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि घटना के समय वहां कई लोग मौजूद थे, जिनमें से कुछ लोग हिंसा को रोकने के बजाय चिल्ला रहे थे। इस घटना में पुरुषों का एक बड़ा समूह शामिल था और कुछ मामलों में तो इसमें कम उम्र के लड़के भी शामिल थे। माना जा रहा है कि पीड़ितों में से कई महिलाएं पास के ही एक विश्वविद्यालय की छात्राएं हैं। खबरों के मुताबिक, इनमें से कुछ को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


पीड़ितों में से एक छात्रा ने घटना के दौरान अपने साथ हुई आपबीती विस्तार से बताई। पीड़िता ने न्यूयॉर्क पोस्ट से बातचीत में बताया, जब वह मोटरसाइकिल से उस इलाके में पहुंची, तो उसके कुछ ही देर बाद उस पर हमला हो गया। भीड़ में मौजूद लोगों की अचानक उस पर नजर पड़ी और वे चिल्लाने लगे, इसे पकड़ो, इसे पकड़ो, यह एक औरत है। पीड़िता ने आगे बताया, %वे मधुमक्खियों की तरह मुझ पर टूट पड़े। भीड़ का एक बड़ा हिस्सा मेरे कपड़े तब तक खींचता रहा, जब तक मैं पूरी तरह नग्न नहीं हो गई। वो मेरे पूरे शरीर को छू रहे थे। मैं मदद के लिए जोर-जोर से चिल्ला रही थी। पीड़िता ने आगे बताते हुए कहा कि आखिरकार एक राहगीर ने उसे बचाया। उस राहगीर ने बीच-बचाव किया और भीड़ से सुरक्षित बाहर निकलने में उसकी मदद की। इस घटना के दौरान उसका फोन भी छीन लिया गया था। उसने बताया कि वह अभी भी शारीरिक दर्द और मानसिक आघात से जूझ रही है।

# बदला है वार फेयर का चेहरा, तकनीक के चलते हुये क्रांतिकारी बदलाव : राजनाथ

प्रयागराज, (वार्ता)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को संगम नगरी प्रयागराज में शुरु हुये नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2026 को ज्ञान व शक्ति का महाकुंभ बताते हुये कहा कि यह वास्तव में रक्षा त्रिवेणी का संगम है। श्री सिंह ने तीन दिवसीय कार्यक्रम का उदघाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि हर काल खंड में वार फेयर का चेहरा बदला है,विश्व युद्ध के बाद नई तकनीक का समावेश होते हुए दुनिया ने देखा है। 21वीं सदी में टेक्नोलॉजी के नए युग का आगाज हुआ है। उन्होने कहा कि यह इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। आज साइबर स्पेस में भी युद्ध लड़े जा रहे हैं।

उन्होने कहा कि बीते 10-15 वर्षों में क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध पर उन्होने कहा कि दोनों के बीच पारंपरिक युद्ध शुरू हुआ, लेकिन



अब यह युद्ध ड्रोन और सेंसर युद्ध के रूप में गेम चेंजर बनकर उभरा है। आज सब कुछ वैपनाइज किया जा सकता है। आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इससे भारतीय सेना का शौर्य याद आता है। ऑपरेशन सिंदूर में आकाश मिसाइल हुए नवीन तकनीक का प्रयोग किया गया था। रक्षा मंत्री ने भारतीय सेना से सक्रिय ही नहीं बल्कि चौकन्ना भी रहने का आह्वान करते हुये कहा कि तभी हम आने वाली चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा में नई टेक्नोलॉजी एक साल बाद भी लागू कर सकते हैं,लेकिन सेना में अगर हमने देरी की तो काफी पीछे हो जाएंगे,रक्षा मंत्री ने सेना से सरप्राइज एलिमेंट विकसित करने का आह्वान किया,सरप्राइज एलिमेंट ऐसा हो जिसे दुश्मन देश ने सोचा भी ना हो। उन्होने कहा कि आगे बढ़ने का एक ही मंत्र अनुकूलनशीलता है। सेना में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा दिया जा रहा है,यूपी में डिफेंस कॉरिडोर और ब्रह्मोस का निर्माण किया जा रहा है, यूपी में हाल में ही लोकार्पित गंगा एक्सप्रेसवे को भी डिफेंस सेक्टर के लिए महत्वपूर्ण बताया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा में शोध को बढ़ावा देने के लिए कई सहूलियन दी गई हैं।रक्षा मंत्री ने इंडस्ट्री और एकेडमिया से अपील की कि वे डिफेंस कॉरिडोर की तरह नॉलेज कॉरिडोर का भी निर्माण करें। अंत में रक्षा मंत्री ने कहा कि सबके सामूहिक प्रयास से ही भारत विश्व पटल पर सैन्य ताकत के रूप में स्थापित होगा, सबके प्रयासों से ही भारत वैश्विक महाशक्ति बनेगा।

# प्रतिकूल मौसम में अधिकारियों को फील्ड में रहने के निर्देश

लखनऊ, (वार्ता)



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी-बारिश और खराब मौसम के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। सोमवार सुबह लखनऊ समेत कई जनपदों में मौसम के बिगड़े हालात को देखते हुए मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने को कहा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनहानि, पशुहानि, घायलों और आपदा से प्रभावित लोगों को हर हाल में 24 घंटे के भीतर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार हर परिस्थिति में किसानों और प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है।योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में रहकर स्थिति का लगातार जायजा लें और राहत-बचाव कार्यों को तेज गति से संचालित करें। आंधी-बारिश के कारण कई स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं की सूचना है, ऐसे में घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराकर उनका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खराब मौसम के कारण किसानों और आम लोगों को हो रही परेशानियों को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, ताकि इसका प्रभाव न्यूनतम रहे। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों से कहा कि वे प्रभावित क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद करें, उनकी समस्याएं सुनें और राहत कार्यों के लिए बेहतर समन्वय बनाएं। साथ ही किसी भी आपात स्थिति की सूचना समय पर शासन तक पहुंचाई जाए, ताकि त्वरित निर्णय लेकर प्रभावितों को जल्द से जल्द सहायता प्रदान की जा सके।

## होर्मुज़ की नयी व्यवस्था में अमेरिकी हस्तक्षेप युद्धविराम का उल्लंघन है : ईरानी सांसद

**तेहरान, (वार्ता)।** ईरान की संसद के एक वरिष्ठ सांसद ने चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य की नयी समुद्री व्यवस्था में अमेरिका का कोई भी हस्तक्षेप युद्धविराम का सीधा उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जहाजों को सुरक्षा देने की योजना को भ्रमपूर्ण करार दिया। ईरानी संसद की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख इब्राहिम अज़ीजी ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य के नयी समुद्री व्यवस्था में किसी भी अमेरिकी हस्तक्षेप को युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी का संचालन ट्रंप के भ्रमपूर्ण पोस्ट से नहीं होगा। दोषारोपण की कहानियों पर कोई विश्वास नहीं करेगा। श्री अज़ीजी की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब श्री ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिकी बल सोमवार से इस जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों को सुरक्षा प्रदान करना शुरू करेंगे।

# अमेरिकी सेना होर्मुज में प्रवेश करती है तो उसे निशाना बनाया जाएगाः ईरानी सेना

तेहरान, (वार्ता)

ईरानी सेना ने अमेरिकी को चेतावनी दी है कि उसकी सेना होर्मुज जलडमरूमध्य में दाखिल होने की कोशिश न करे। यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस ऐलान के बाद आई है जिसमें उन्होंने जलमार्ग से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम अभियान शुरू करने की बात कही है।

अमेरिकी सेना ने साफ किया है कि यह कोई औपचारिक एस्कॉर्ट मिशन नहीं है। इस प्रोजेक्ट फ्रीडम को सफल बनाने के लिए गाइडेड मिसाइल, 100 से अधिक विमान, ड्रोन प्लेटफॉर्म और 15,000 सैनिकों की मदद ली जाएगी।

जवाब में ईरान के सशस्त्र बलों की एकीकृत कमान के प्रमुख मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने कहा कि ईरान इस इलाके में आने वाली किसी भी विदेशी सेना और खास तौर पर आक्रामक अमेरिकी सेना को निशाना बनाएगा। उन्होंने साफ कहा कि यह जलडमरूमध्य ईरान के नियंत्रण में है और इसकी सुरक्षा पूरी ताकत से की जाएगी। श्री अब्दुल्लाही ने कहा कि हम होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा का प्रबंधन मजबूती से कर रहे हैं। हम सभी व्यापारिक जहाजों और तेल टैंकरों को सलाह देते हैं कि वे यहाँ तैनात हमारी सेना के साथ तालमेल बिठाए बिना यहाँ से न गुजरें, अन्यथा उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। मेजर जनरल ने कहा कि यह पूरा समुद्री रास्ता ईरानी सेना के दायरे में आता है। अमेरिका की कोई भी आक्रामक हरकत यहाँ के हालात को और खराब करेगी और जहाजों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा करेगी। उन्होंने यह भी दोहराया कि सुरक्षित आवाजाही के लिए हर हाल में ईरानी सेना से संपर्क करना जरूरी है।

दूसरी ओर, श्री ट्रंप ने प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत सोमवार से फंसे हुए व्यापारिक जहाजों को बाहर निकालने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि कई देशों ने अपने जहाजों को मुक्त कराने के लिए अमेरिका से मदद मांगी है, जो इस समय होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन




जान्हवी कपूर को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही गलतफहमी के बीच मानसिक स्वास्थ्य संगठन अमाहा ने स्पष्ट किया है कि जान्हवी ने नशे की लत पर अपने निजी अनुभव साझा नहीं किए थे, बल्कि एक केयरगिवर और सहयोगी के रूप में बातचीत में हिस्सा लिया था। जान्हवी कपूर हाल ही में उस समय ऑनलाइन अटकलों का विषय बन गईं, जब राज शमानी के पॉडकास्ट पर उनकी उपस्थिति के कुछ क्लिप्स संदर्भ से बाहर शेयर किए गए।इन क्लिप्स के चलते यह गलतफहमी पैदा हो गई कि वह नशे की लत (एडिक्शन) को लेकर अपने निजी अनुभव साझा कर रही थीं। फिलहाल इसी बढ़ती गलत जानकारी के बीच, मानसिक स्वास्थ्य संगठन अमाहाने जान्हवी के इनिशिएटिव ऑफ द रॉक्स के साथ मिलकर एक आधिकारिक बयान जारी किया है, जिसमें उन्होंने जान्हवी कपूर की भूमिका को स्पष्ट किया है। बयान में कहा गया कि जान्हवी कपूर ने इस बातचीत में एक केयरगिवर और सहयोगी के रूप में हिस्सा लिया था, न कि किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में, जो खुद एडिक्शन या शराब का शिकार हों। साथ ही उन्होंने यह बात भी स्पष्ट की कि इस तरह उनकी भूमिका को गलत तरीके से पेश करने से न सिर्फ बातचीत के उद्देश्य को कमजोर किया गया, बल्कि उन लोगों के वास्तविक अनुभवों का भी अनादर किया गया, जो नशे की समस्या से जूझ रहे हैं या अपने प्रियजनों का समर्थन कर रहे हैं। गौरतलब है कि अमाहा और ऑफ द रॉक्स ने इस तरह की गलत जानकारी को न सिर्फ बेबुनियाद बल्कि गंभीर रूप से चिंताजनक भी बताया है। इसी के साथ उन्होंने मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स व आम लोगों से अपील की है कि वे मानसिक स्वास्थ्य और एडिक्शन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ रिपोर्टिंग करें।

# डॉक्टर बनना चाहती थीं नर्गिस



हिंदी सिनेमा की महान अभिनेत्री नर्गिस ने लगभग चार दशकों तक अपने बहुआयामी अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, लेकिन बचपन में उनका सपना डॉक्टर बनने का था। कलकत्ता शहर में एक जून 1929 को जन्मी कनीज फातिमा राशिद उर्फ नर्गिस के घर में मां जद्दन बाई के अभिनेत्री और फिल्म निर्माता होने के कारण फिल्मी माहौल था। इसके बावजूद बचपन में नर्गिस की अभिनय में कोई दिलचस्पी नहीं थी।उनकी तमन्ना डॉक्टर बनने की थी जबकि उनकी मां चाहती थी कि वह अभिनेत्री बनें।एक दिन उनकी मां ने उनसे स्क्रीन टेस्ट के लिए फिल्म निर्माता एवं निर्देशक महबूब खान के पास जाने को कहा।चूंकि नर्गिस अभिनय क्षेत्र में जाने की इच्छुक नहीं थीं, इसलिए उन्होंने सोचा कि यदि वह स्क्रीन टेस्ट में फेल हो जाती हैं तो उन्हें अभिनेत्री नहीं बनना पड़ेगा। स्क्रीन टेस्ट के दौरान नर्गिस ने अनमने ढंग से संवाद बोले और सोचा कि महबूब खान उन्हें स्क्रीन टेस्ट में फेल कर देंगे लेकिन उनका यह विचार गलत निकला।महबूब खान ने अपनी फिल्म ..तकदीर.1943. के लिए उन्हें बतौर नायिका उन्हें चुन लिया।

नर्गिस को सिनेमा का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी नहीं थी।नर्गिस डॉक्टर बनना चाहती थीं, क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि सिनेमा को प्रोफेशन के तौर पर काफी नीचा समझा जाता था। उन्होंने 1960 के दशक की शुरुआत में एक रेडियो इंटरव्यू के दौरान बताया था, मैं एक डॉक्टर बनना चाहती थी, क्योंकि उन दिनों लोग फिल्मों के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोचते थे। यह सोचा जाता था कि अच्छे परिवारों की लड़कियों को फिल्मों में शामिल नहीं होना चाहिए। फिल्मों में काम करने वाली महिलाओं का समाज में कोई स्थान नहीं था। मैं इस बात को लेकर तब तक रोई जब तक मैं और नहीं रो सकी, लेकिन जब आंसू छलक पड़े तो मैं और सोचने लगी. मैंने सोचा, मेरी मां फिल्मों में काम करती हैं, लेकिन वह बुरी नहीं है. वह दुनिया की सबसे शानदार महिला हैं।

वर्ष 1945 में नर्गिस को महबूब खान द्वारा ही निर्मित फिल्म ..हुमाँयूं.. में काम करने का मौका मिला। वर्ष 1949 नर्गिस के सिने करियर में अहम पड़ाव साबित हुआ।इस वर्ष उनकी बरसात और अंदाज जैसी सफल फिल्में प्रदर्शित हुयीं। प्रेम त्रिकोण बनी फिल्म अंदाज में उनके साथ दिलीप कुमार और राजकपूर जैसे नामी अभिनेता थे इसके बावजूद भी नर्गिस दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रही।वर्ष 1950 से 1954 तक का वक्त नर्गिस के सिने करियर के लिये बुरा साबित हुआ।इस दौरान उनकी शीशा,बेवफा,आशियाना,अंबर, अनहोनी,शिकस्त,पापी,धुन,अंगारे जैसी कई फिल्में बॉक्स आफिस पर असफल हो गयी लेकिन वर्ष 1955 मे उनकी राजकपूर के साथ श्री 420 फिल्म प्रदर्शित हुयी, जिसकी कामयाबी के बाद वह एक बार फिर से शोहरत की बुंलदियों पर जा पहुंची। नर्गिस के सिने कैरियर मे उनकी जोड़ी राज कपूर के साथ काफी पसंद की गयी।राज कपूर और नरगिस ने सबसे पहले फिल्म वर्ष 1948 मे प्रदर्शित फिल्म आग मे एक साथ अभिनय किया था।इसके बाद नरगिस ने राजकपूर के साथ बरसात, अंदाज, जान-पहचान, प्यार, आवारा, अनहोनी, आशियाना, आह, धुन, पापी, श्री 420, जागते रहो, चोरी चोरी जैसी कई फिल्मों में भी काम किया।वर्ष 1956 में प्रदर्शित फिल्म ..चोरी चोरी .. नर्गिस और राजकपूर की जोड़ी वाली अंतिम फिल्म थी।हांलाकि राजकपूर की फिल्म ..जागते रहो.. में भी नरगिस ने अतिथि कलाकार की भूमिका निभायी, इस फिल्म के अंत मे लतामंगेश्कर की आवाज में नरगिस पर..जागो मोहन प्यारे .. गाना फिल्माया गया था। शादी के बाद नर्गिस ने फिल्मों में काम करना कुछ कम कर दिया।करीब 10 वर्ष के बाद अपने भाई अनवर हुसैन और अख्तर हुसैन के कहने पर नर्गिस 1967 में फिल्म ..रात और दिन ..में काम किया।इस फिल्म के लिये उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।यह पहला मौका था जब किसी अभिनेत्री को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया था।नरिगस के सिने करियर में उनकी जोड़ी राजकपूर के साथ काफी पसंद गयी।नर्गिस ने अपने सिने करियर में लगभग 55 फिल्मों में का किया।नरगिस को अपने सिने करियर में मान-सम्मान बहुत मिला।उन्हें राज्यसभा सदस्य भी बनाया गया।अपने संजीदा अभिनय से सिनेप्रेमियों को भावविभोर करने वाली नर्गिस तीन मई 1981 को सदा के लिये इस दुनिया से रुखसत हो गयीं।

# लातूर में रितेश देशमुख का भव्य स्वागत, 'राजा शिवाजी' पर फैंस का जबरदस्त प्यार

'राजा शिवाजी' रिलीज होने के बाद जब रितेश देशमुख लातूर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पहुंचे, तो उनका बहुत जोरदार स्वागत हुआ। रितेश देशमुख को देखने के लिए हजारों लोग इकट्ठा हो गए। यह माहौल लोगों के प्यार, गर्व और अपनेपन को दिखा रहा था।पूरा माहौल बहुत उत्साह भरा और अपनापन महसूस कराने वाला था। करीब 700 बाइक सवार उनके साथ शहर में चले और रास्ते में खड़े लोग उनका स्वागत करते रहे और नारे लगाते रहे। इस भीड़ की खास बात सिर्फ इसकी संख्या नहीं थी, बल्कि लोगों का सच्चा प्यार और जुड़ाव था। कोई बड़ा कार्यक्रम नहीं था, फिर भी लोग खुद ही उन्हें देखने आ गए। महाराष्ट्र से उनके गहरे जुड़ाव की वजह से रितेश और लोगों के बीच का रिश्ता साफ दिखाई दे रहा था। 'राजा शिवाजी' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की। पहले दिन फिल्म ने 12.40 करोड़ रुपये और दूसरे दिन 11.50 करोड़ रुपये कमाए। यानी दो दिनों में कुल 23.90 करोड़ रुपये का कलेक्शन हुआ। फिल्म को मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में अच्छे रिव्यू मिले हैं और दर्शकों ने भी इसे काफी पसंद किया है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है और इसे भव्य तरीके से दिखाया गया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत 'राजा शिवाजी' को मुंबई फिल्म कंपनी ने बनाया है। इसे ज्योति देशपांडे और जिनिलीया देशमुख ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 1 मई 2026 को मराठी और हिंदी में दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई है और भारत के इतिहास को शानदार अंदाज में दिखाती है।



# सड़क दुर्घटनाओं को रोकना जरूरी है, जिससे लोगों का जीवन बचाया जा सके : पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे

## सड़क सुरक्षा एवं ट्रेफिक सुधार के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जाए





नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री अभय मनोहर सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटना होना चिंता का विषय है, जिसे रोकना जरूरी है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं से लोगों का जीवन बचाया जा सके। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में विश्व में भारत की स्थिति और देश में प्रदेश व जिले की स्थिति के बारे में बताया। सड़क दुर्घटना के आकड़े न बढ़े, इसलिए सड़क सुरक्षा के अभियान को अपनाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एवं सुप्रीम कोर्ट सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री अभय मनोहर सप्रे ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने बैठक में ब्लैक स्पॉट, गति सीमा, यातायात नियमों का पालन, जागरूकता अभियान, मार्ग के संकेत, जेब्रा क्रॉसिंग, ब्रेकर तथा डिवाइडर सहित सड़क जागरूकता अभियान आदि के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी और पुलिस विभाग का अमला मौजूद था। पूर्व न्यायाधीश श्री मनोहर सप्रे ने कहा कि जिले में सड़क सुरक्षा और ट्रेफिक सुधार के लिए भरपूर प्रयास हो। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात प्रबंधन को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आवश्यक सुधार करने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय आने-जाने में सभी शासकीय अधिकारी- कर्मचारी चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। पूर्व न्यायाधीश श्री मनोहर सप्रे ने जिले में पिछले 5 साल में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं उनमें सुधार कार्यों, जनजागरूकता अभियानों और अन्य नवाचारों की समीक्षा की। उन्होंने सड़कों के गड्ढों को भरने व सड़कों के किनारे सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने राहवीर योजना एवं हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना, पीड़ित प्रतिकार योजना 2022 के तहत सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को पुरस्कृत करने को कहा। बैठक में सड़क दुर्घटना में दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन एवं अन्य वाहनों से सड़क दुर्घटना में हुई मृत्यु के संबंध में समीक्षा की गई। पूर्व न्यायाधीश श्री मनोहर सप्रे ने कहा कि वाहनों के फिटनेस, बीमा सहित अन्य दस्तावेजों की नियमित रूप से जांच की जाए। सड़कों पर मानक गति सीमा का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सड़कों में आवारा घूमने वाले पशुओं को गौशाला भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के संबंध में स्कूल और कॉलेज में जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ओव्हर लोडिंग वाहनों पर कार्यवाही की जाए, नशामुक्ति अभियान चलाया जाए, शहर को साफ-सुथरा और कचरा मुक्त रखा जाए, सड़कों के गड्ढों का भराव किया जाए जिससे सड़क दुर्घटना की स्थिति न बने।

# नवीन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर के श्रीदेव अटल बिहारी मंदिर मे अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक परमाराध्य लाड़ले ठाकुर श्रीदेव अटल बिहारी लाल के नवीन विग्रह एवं श्रीदेव अटल बिहारी लाल युगल सरकार उत्सव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पंच दिवसीय कार्यक्रम 3 मई से प्रारंभ हो गया है । इस कार्यक्रम के तहत प्रथम दिन दिन रविवार को ब्राह्मण आगमन, मंडल निर्माण एवं रात को भजन संध्या आयोजित हुई। भजन संध्या में श्रवण महाराज एवं उनकी मंडली ने भगवान कृष्ण व राधा जी पर संगीतमय भजन प्रस्तुत किये। आयोजन में सीताराम राठी, कमलेश भार्गव सहित अन्य का सहयोग रहा।

# पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा की बड़ी जीत पर महापौर ने दी बधाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिली उल्लेखनीय सफलता पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शीर्ष नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई दी है। महापौर ने कहा कि यह परिणाम देश के दूरदर्शी नेतृत्व, जनहितकारी नीतियों एवं निरंतर विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ कार्य करते हुए हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जिससे आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकारों की पारदर्शी कार्यप्रणाली, निर्णायक नेतृत्व और गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं के हित में संचालित योजनाओं ने जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

# ग्राम पंचायत बेलखेड़ी शेढ़ में राजस्व विभाग ने हटाया 32 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण



**नरसिंहपुर, ।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बेखलेड़ी शेढ़ का औचक निरीक्षण कर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर कंटूर ट्रेंच निर्माण कराने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में राजस्व विभाग के अमले ने कार्यवाही करते हुए 32 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत बेलखेड़ी शेढ़ में गौ शाला को 72 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई थी, जिसमें से 32 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। उक्त 32 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर जनपद पंचायत गोटेगांव एवं ग्राम पंचायत बेलखेड़ी शेढ़ को कब्जा सौंपा गया। उक्त भूमि में कंटूर ट्रेंच बनाने के लिए गड्ढे खोदे गए। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री राजीव कुमार नेमा, राजस्व निरीक्षक बरहटा श्री तारापत पटेल, श्री पुष्पराज पटेल, हल्का पटवारी, सीईओ जनपद पंचायत गोटेगांव, उप यंत्री, सरपंच व सचिव मौजूद थे।

# यूसीमास प्रतियोगिता में नगर के बच्चों ने किया नाम रोशन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)




यूसी मास मध्य प्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली मेंटल एवं अर्थमैटिक अबेकस की 18 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 2 एवं 3 मई 2026 को इंदौर में आयोजित हुई। संस्था संचालक नवीन सोनाली चौबे ने सभी पालकों का आभार जताते हुए बताया कि नगर की ग्लोटच अकादमी से 46 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 5 से 13 आयु वर्ग के मध्य प्रदेश के यूसी मास विद्यार्थियों को 8 मिनट में गणित के 200 सवाल जिसमें जोड़ना घटाना गुणा एवं भाग के से जटिल प्रश्नों को लिखित में हल करने का लक्ष्य दिया गया था ।इस कठोरतम चुनौती के मध्य नगर के नवनिहालों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर महानगरों के वर्चस्व को पार किया ।2 मई को रात्रि में ही यूसी मास की वेबसाइट से रिजल्ट की घोषणा हुई। विजेता एवं मेरिट प्राप्त बच्चों को 3 मई को रविंद्र नाट्य ग्रह इंदौर में पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया गया ।उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी नगर के 4 विद्यार्थियों को 4 वर्षीय पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न करने पर यू सी मास की स्नातक ??की उपाधि भी प्रदान की गई। ये विद्यार्थी है। यू सी मास स्टेट लेवल प्रतियोगिता के प्रतिभागी में से आज घोषित एसएलसी में प्राप्त परिणाम के अनुसार ग्लोटच अकादमी के बच्चों की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया ।और संपूर्ण प्रदेश में प्रथम 10 स्थानों में 18 बच्चों ने विभिन्न श्रेणियों में 18 पुरस्कारों पर अपना हक पुरजोर तरीके से हासिल किया। आशी कुशवाहा आरुष चौधरी अथर्व गुप्ता अथर्व खरे हयान गंगवानी दिव्यांशु राव कौस्तुभ साहू लक्ष्य परचानी नमामि कौरव ओजस कौरव प्रकृति कौरव राघव दुबे सात्विक वस्त्राकार अग्रिमा अग्रवाल प्रतीक गुप्ता श्रेयांश आरसे तनिश आर्य आराध्या कुशवाहा आरव पटेल आदित्य पचौरी अलीशा अग्रवाल अंश कुशवाहा अनुष्का विश्वकर्मा अरनव चौकसे भव्या अग्रवाल देव प्रवीण मोकलकर दिव्य गुप्ता दिव्या राव कार्तिक विश्वकर्मा मान्यता कौरव निकुंज पचौरी निष्ठा कौरव रूद्र पटेल रुद्रांश कौरव समर्थ पटेल संजीव पटेलतनिष्क अग्रवाल वैभवी राजपूत विवान कौरव निर्वेद लूनावत आरव रघुवंशी मितिशा लूनावतसमर्थ पटवा समर्थ नेमाअथर्व शर्मा ।

# उपसंचालक कृषि मोरिस नाथ ने उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया



**नरसिंहपुर।** उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने रबी विपणन वर्ष के अंतर्गत गेहूं, चना एवं मसूर उपार्जन कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए गोटेगांव तहसील के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान श्री शक्ति वेयर हाउस गुंदरई, कृष्ण वेयरहाउस रहली, स्वनिर्मित गोदाम गोटेगांव एवं श्री शक्ति एग्रो पिंडरई केंद्रों का अवलोकन किया। उपसंचालक कृषि ने केंद्र प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि केवल एफएक्यू मानक के अनुरूप कृषि उपज का ही उपार्जन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वर्षा ऋतु की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर पर्याप्त त्रिपाल (तिरपाल) की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि उपज सुरक्षित रखी जा सके। साथ ही उपार्जन कार्य प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से नियमित रूप से प्रारंभ करने के लिए कहा गया। उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने और किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र प्रबंधन को दिए।

# भूलती विरासत को मिला नया जीवन

## हटा में प्राकृत शिक्षण शिविर का भव्य स्वागत शुभारंभ

हटा (स्वतंत्र मत)



प्राकृत भाषा को सुरक्षित रखने हेतु आयोजित 8 दिवसीय शिक्षण शिविर का प्राकृत भाषा के शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य प्राचीन जैन साहित्य की मूल भाषा प्राकृत को समझना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण, मंगल कलश स्थापना, मंगलाचरण आदि क्रियाओं के साथ हुईए जिसमें उपस्थित समाज के वरिष्ठ लोग एवं महिलाएं, बच्चे सभी लोगों ने धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इसके बाद वक्ताओं में पंडित सुबोध शास्त्री एवं सार्थक ने प्राकृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों और श्रद्धालुओं को प्राकृत भाषा की मूल बातें सिखाई जाएंगी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं आयोजकों ने सभी से शिविर से जुड़ने का आग्रह किया। अंत में सभी ने इस शिविर को सफल बनाने का संकल्प लिया और कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में विंध्याचल प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)-XI ने जीता पहला मैच

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)




एनटीपीसी विंध्याचल में बहुप्रतीक्षित विंध्याचल प्रीमियर लीग 2026 का उत्साहपूर्ण शुभारंभ वरिष्ठ नेतृत्व टीमों के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच से हुआ। यह मुकाबला परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)-ङ्कद्ब और महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण)-ङ्कद्ब के बीच खेला गया, जिसने पूरे आयोजन का जोश और रोमांच बढ़ा दिया।

इस अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल), श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफ एम) एवं अध्यक्ष (स्पोर्ट्स काउंसिल) तथा डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विभिन्न विभागों के प्रमुख और स्पोर्ट्स काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

टॉस जीतकर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)-ङ्कद्ब ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण)-ङ्कद्ब को 15 ओवर में 127 रनों पर सीमित कर दिया। इसके बाद शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)-ङ्कद्ब ने लक्ष्य को मात्र 11.4 ओवर में हासिल कर 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

10 टीमों और समर्पित टीम प्रबंधकों के साथ 15 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट की शुरुआत इस रोमांचक मुकाबले से हुई, जिसने खेल भावना, टीमवर्क और नेतृत्व के उत्साह को बखूबी प्रदर्शित किया। पूरे टाउनशिप में विंध्याचल प्रीमियर लीग 2026 को लेकर उत्साह और उम्मीदों का माहौल देखा गया।

# घर-घर जाकर होगा मकानों का सूचीकरण 2524 प्रगणक तैनात : कलेक्टर यादव

दमोह (स्वतंत्र मत)

**जनगणना 2027 का प्रथम चरण शुरू 20 मई तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य**

जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ हो गया है जो 30 मई तक संचालित रहेगा। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा कि इस चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। उन्होंने कहा पूरे जिले में 2524 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं जो घर-घर जाकर डेटा संग्रह का कार्य करेंगे। इनके कार्य की निगरानी के लिए 451 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं, जहां प्रत्येक 6 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी तय की गई है। कलेक्टर ने कहा कि कार्य के प्रभावी संचालन हेतु जिले में 15 चार्ज अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह जिम्मेदारी तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को दी गई है जबकि नगरीय क्षेत्रों में ब्डव् स्तर के अधिकारी इस कार्य को देखेंगे। उन्होंने बताया कि संपूर्ण प्रक्रिया की सुचारू निगरानी के लिए जिला स्तर पर जनगणना प्रमुख नियुक्त किया गया है और प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जा रही है। प्रशासन का लक्ष्य है कि 20 मई तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जाए। कलेक्टर ने आम नागरिकों से अपील की है कि जब प्रगणक उनके घर पहुंचे तो वे उनके पहचान पत्र आईडी कार्ड की जांच कर लें और सही व पूर्ण जानकारी प्रदान करें। यह कार्य देशहित और विकास योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# एमजीएम हॉस्पिटल कटनी में रीढ़ की हड्डी का हुआ सफल ऑपरेशन

कटनी (स्वतंत्रमत)



एम महिला उर्मिला रजक, पति विजय रजक उम्र 51 वर्ष निवासी झिंझरी कटनी कई वर्षों से अपनी रीड़ की हड्डी में परेशानी होने से चलने फिरने में असमर्थ हो चुकी थी जो अपना स्वयं का कार्य नहीं कर पा रही थी। कई डॉक्टर्स से इलाज कराने पर आराम नहीं मिल पा रहा था तब किसी ने सलाह दी एमजीएम हॉस्पिटल में दिखाने की। मरीज के परिजन मरीज को हॉस्पिटल लेकर आये और एमजीएम हॉस्पिटल में पदस्थ न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. सुशान्त शिवाजी पाटिल को दिखाया। डॉ. पाटिल ने परीक्षण कर एमआरआई की जांच करवाई गई। एमआरआई जांच में महिला की रीड़ में डिस्क एल4 एल5 एस1 में स्पेस बढ़ जाना पाया गया। मरीज के परिजन को समझाया गया कि मरीज का ऑपरेशन रीड़ की हड्डी का करना पड़ेगा। मरीज के परिजन की अनुमति के बाद मरीज का ऑपरेशन न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन डॉ. सुशान्त शिवाजी पाटिल व हॉस्पिटल की टीम द्वारा लगातार 6 घण्टे का सफल ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन की बाद मरीज अब पूर्णत: स्वस्थ्य है। मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के अंतर्गत पूर्णत: नि:शुल्क किया गया मरीज के परिजन एमजीएम हॉस्पिटल व आयुष्मान योजना से पूर्णत: सन्तुष्ट हैं।

# आबकारी अधिकारी की लापरवाही के कारण शराब ठेकेदार नाराज

## शराब दुकानो मे नहीं पहुंच पा रहा है माल

**सिंगरौली ।**-आबकारी अधिकारी सिंगरौली की लापरवाही के कारण कई ठेकेदार नाराज है क्योंकि शराब दुकानो मे बियर है ही नहीं ग्राहक दुकानो से वापस जा रहे है जिसके चलते शराब कारोबारियों का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है, क्योंकि गर्मी चल रही है बियर की माँग ज्यादा होती है फिर भी माल मिल ही नही पा रहा है। कई शराब ठेकेदारों ने बताया कि आबकारी अधिकारी एसी से बाहर ही नही निकलते है हर महीने मोटी रकम की माँग करते है और घूमने जाने के लिए महीने कई बार इनके द्वारा इनोवा गाड़ी बुक करके माँग की जाती है।

कई शराब कारोबारियों ने बताया कि अगर इनका ऐसा ही ब्यवहार रहा तो जल्द ही इनके खिलाफ कलेक्टर से मिलकर शिकायत करेंगें।

आबकारी अधिकारी की मिलीभगत से जिले मे कई जगह महुआ की शराब और गाँजा की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है।

महुआ की शराब बिक्री के कारण भी शराब ठेकेदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो शराब ठेकेदार इनकी बात नही मानता उसको नाजायज साहब के द्वारा परेशान किया जाता है।

आबकारी अधिकारी की भ्रष्ट कार्यप्रणाली के अनुसार जिले के ठेकेदारों मे तरह -तरह की चर्चा का बाजार गर्म हो चूका है अब देखना होगा की इनकी कार्यप्रणाली मे सुधार होता है या शराब कारोबारी इनके खिलाफ लामबंद होते है।

# गेहूँ उपार्जन कार्य की करें नियमित जांच : कलेक्टर

## तय समय-सीमा में मकान सूचीकरण कार्य को पूरा करने कलेक्टर ने किया निर्देशित

कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों में आ रहे गेहूँ की कटाई से जांच करें और मानक स्तर का गेहूँ ही खरीदें। केंद्रों पर गेहूँ की साफ-सफाई के लिए अनिवार्य रूप से छन्ना-पंखा लगवाएं। कलेक्टर ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और सहायक कलेक्टर श्लोक वाइकर मौजूद रहे। कलेक्टर ने उपार्जित किये गये गेहूँ के भुगतान की धीमी प्रक्रिया पर नाराजगी जाहिर करते हुये किसानों को शीघ्र भुगतान कराने के निर्देश दिए। साथ ही सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला आपूर्ति अधिकारी को उपार्जन केन्द्रों में परिवहन में आ रही बाधाओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गोदाम स्तर पर की जा रही गेहूँ खरीदी के दौरान अनाज को सुरक्षित तरीके से गोदामों के भीतर रखवाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने उपार्जित चना और मसूर का तत्काल परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ई-विकास प्रणाली से खाद का वितरण नहीं करने पर विलायतकला पैक्स के समिति प्रबंधक की



वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने पूर्व में नियम विरूद्ध उर्वरक का विक्रय करने वाले विक्रेताओं एवं समितियों को जारी कारण बताओ नोटिस का समाधानकारक जवाब नहीं देने वालों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में ई-विकास प्रणाली से ही खाद का वितरण सुनिश्चित हो। कलेक्टर ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत 1 मई से शुरू हुये मकान सूचीकरण कार्य की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही जिन जनगणना ब्लॉकों में अभी तक मकान सूचीकरण का कार्य शुरू नहीं हो सका है वहां शीघ्र ही कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया की मकान सूचीकरण का डाटा फ्रीज करने से पहले सुपरवाइजर डाटा का खुद सत्यापन करें। मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना की समीक्षा के दौरान उपसंचालक कृषि ने बताया कि 559 के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 509 किसानों ने पैसा जमा कर दिया है और अब तक 58 किसानों के यहां सोलर पंप स्थापित किये जा चुके हैं। जिस पर कलेक्टर ने शेष किसानों के यहां भी शीघ्र सोलर पंप स्थापित कर लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिये। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खाद्य, स्वास्थ्य, साइंस एण्ड टेक, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, कलेक्ट्रेट शाखा, नजूल, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरीय निकाय, कृषि, सामाजिक न्याय आदि विभागों में 100 दिवस से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की और इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों को समग्र-ईकेवाईसी कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही समग्र सुधार के प्रकरणों को भेजने से पूर्व सावधानी से जांच करने की हिदायत दी। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री के मामले में तहसीलवार समीक्षा की और बहोरीबंद तहसीलदार को फार्मर रजिस्ट्री कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी तहसीलदार पटवारी से प्रमाण पत्र लें कि उनके हल्के में पीएम किसान योजना का अब कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं है। कलेक्टर ने तहसीलों में डिजिटाइजेशन प्रक्रिया और 7वीं लघु सिंचाई संगणना की भी समीक्षा की। उन्होंने नामांकन, बंटवारा और सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुये 3 से 6 माह तक के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सभी विभागों को दिये गये दायित्वों के अनुरूप कार्यों की इंट्री पोर्टल में कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही कहा गया कि सभी विभाग निर्देशानुसार एवं प्राप्त लक्ष्यों के अनुसार कार्य करें। कलेक्टर ने सीएमएचओ को आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा की।

# मां रेवा की पावन धरती अमरकंटक में गूंजा कर्मचारी एकता का स्वर



कटनी (स्वतंत्रमत)

मप्र राज्य कर्मचारी संघ का दो चरणों में आयोजित अभ्यास वर्ग सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। अभ्यास वर्ग का प्रथम चरण गत माह भोपाल में आयोजित किया गया था, जबकि द्वितीय चरण 2 एवं 3 मई 2026 को मां रेवा के पावन उद्गम स्थल अमरकंटक में सम्पन्न हुआ। दोनों चरणों में संगठन की आगामी रणनीति, कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों, सेवा संबंधी समस्याओं, संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत मंथन किया गया। साथ ही संघ की विस्तृत रीति-नीति, संगठनात्मक कार्यपद्धति एवं कर्मचारी हित संरक्षण के उद्देश्यों की जानकारी कार्यकर्ताओं को प्रदान की गई। अभ्यास वर्ग में कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान किस प्रकार चलाया जाए, प्रभावी पत्राचार कैसे किया जाए, कर्मचारी हितों के आंदोलनों का संचालन किस प्रकार हो, संगठनात्मक आयोजन कैसे आयोजित किए जाएं तथा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का प्रवास कब एवं किस प्रकार होना चाहिए, इन सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की एकता, सक्रियता एवं कर्मचारी हितों की रक्षा हेतु निरंतर संघर्षरत रहने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि अभ्यास वर्ग में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण तथा आगामी समय में कर्मचारी हितों के लिए प्रभावी आंदोलन एवं संवाद की रणनीति तैयार की गई। मां नर्मदा के उद्गम स्थल की आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायी वातावरण में आयोजित यह अभ्यास वर्ग संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश, संभाग एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कटनी जिले से म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव हरप्रीत सिंह ग्रोवर लक्की, तहसील अध्यक्ष सुनील मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, पद्मकांत पटैल आदि प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# संघ ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम का सौंपा ज्ञापन

कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा कटनी के मीडिया प्रभारी अनिल पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संघ की प्रांतीय प्रबंध समिति भोपाल के निर्देशानुसार कटनी जिले में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी स्थाई कर्मी की 04 सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर कटनी के माध्यम से सौंपा गया जिसमें प्रमुख मांगे समस्त विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को स्थाई कर्मी बनाया जाए, स्थाई कर्मी को सातवें वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए और उन्हें नियमित करते हुए शासन नियमानुसार समस्त लाभ प्रदान किया जाए, आदिम जाति कल्याण विभाग में चतुर्थ श्रेणी दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन स्थाई कर्मी को ई अटेंडेंस उपस्थिति से मुक्त किया जाए




अन्य मांग का ज्ञापन संघ के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके एवं उप प्रांताध्यक्ष अजय गौतम के नेतृत्व में सौंपा गया उक्त कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारी सदस्य गण मनोज श्रीवास, संदीप गुप्ता, अजीमुद्दीन शाह, मनोज दहिया, नीलेश पौराणिक, भागीरथ तिवारी, अध्यक्ष स्थाई कर्मी संघ बबलू चौधरी, अंजू माली, अर्चना सेन, हरीश बेन, धर्मेंद्र राज, सोहन दहिया, विजय, नीरज पटेल, रुचि विश्वकर्मा, दयाशंकर अन्य उपस्थित रहे।

# शिवाजी नगर में चोरों की कांबिंग गश्त

## सीसीटीव्ही फुटेज आया सामने, दर्जन भर चोरों ने मचाया उत्पात

कटनी (स्वतंत्रमत)

बस स्टैंड पुलिस चौकी के अंतर्गत शिवाजी नगर चोरों का गिरोह वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूमते हुए देखा गया। यह पूरा वाया सीसीटीव्ही फुटेज में कैद हो गया। अब इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वीडियो को देखकर तो ऐसा प्रतीत होता है, जैसे चोरों को पुलिस का कोई डर ही नहीं। चोरों की कांबिंग गस्त ने समूचे क्षेत्र में खलबली मचा दी है। चोर मंडली की इस कॉम्बिंग गस्त का वीडियो वायरल होने के बाद





क्षेत्र में भय का माहौल निर्मित हो गया है। विदित हो कि बस स्टैंड चौकी क्षेत्र के अंतर्गत बीते महीने चंडिका नगर से भी एक ऐसा ही वीडियो सामने आया था। यहां पर भी कुछ नकाबपोश क्षेत्र में वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूमते हुए दिखाई दिए थे। उन्होंने एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम भी दिया था। लेकिन आज तक इस मामले का खुलासा नहीं हुआ। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि शिवाजी नगर क्षेत्र में शुक्रवार की रात किस तरह चोरों के एक बड़े गिरोह ने उत्पात मचाया। गली नंबर 15 में लगभग एक दर्जन नकाबपोशों ने धावा बोला और कई घरों व दुकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। चोरों की यह पूरी तफरी क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं। बताया जा रहा है की चोरों ने मोहल्ले में दहशत फैलाते हुए आधा दर्जन से अधिक घरों और दुकानों के ताले चटकाए। हालांकि चोर किसी भी बड़ी वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके। बताया जा रहा है कि मोहल्ले में आहट होने या किसी तकनीकी बाधा के कारण वे बिना चोरी किए ही भाग निकले लेकिन ताले टूटने से स्थानीय निवासियों में भारी डर का माहौल है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि चोरों की संख्या करीब 10 से 12 थी। वे बेखौफ होकर गलियों में घूम रहे थे और एक-एक कर घरों की रेकी कर रहे थे।

# भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर विधायक संजय पाठक ने कार्यकर्ताओं के साथ बांटे लड्डू

## अरब की खाड़ी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भाजपा सरकारे हैं- संजय पाठक





कटनी (स्वतंत्रमत)

बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड और ऐतिहासिक विजय पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपने निवास पर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, युवा नेता यश पाठक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में जीत पर जश्न मनाया, उन्होंने ढोल नगाड़े की थाप के बीच कार्यकर्ताओं एवं आमजन को मिठाई लड्डू खिलाते व बांटकर खुशी जताई और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। इस अवसर पर मीडिया के बंधुओं से चर्चा करते हुए विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी को मिले ऐतिहासिक, अभूतपूर्व एवं प्रचंड जनादेश के लिए देवतुल्य जनता-जनार्दन, समर्पित कार्यकर्ताओं एवं तीनों प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। यह विजय केवल एक राजनीतिक सफलता नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। जनता ने तुष्टिकरण एवं नकारात्मक राजनीति को नकारते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व एवं विकसित भारत के संकल्प पर अपना अटूट विश्वास व्यक्त किया है। गृहमंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के कुशल नेतृत्व, सशक्त संगठनात्मक क्षमता एवं अथक परिश्रम का प्रतिफल है। अरब की खाड़ी से लेकर बंगाल की खाड़ी तक भाजपा सरकारे हैं आज देश के 78 प्रतिशत भाग में भाजपा की सरकारें हैं, सनातनी होने के नाते मैं यह कहता हूं कि गौमुख से लेकर बंगाल की खाड़ी जहां गंगा समुद्र में मिलती है अब सभी जगह भाजपा की सरकार बनाने में जनता से हमारी पार्टी पर विश्वास जताया है।

# अपार आईडी बनी परेशानी का सबब

## कॉलेजों में प्रभावित हो रहा प्रवेश पंजीयन

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के सरकारी और निजी कॉलेजों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिग प्रक्रिया शुरू हो गई लेकिन शनिवार को पहले ही दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को पंजीयन में परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बार उच्च शिक्षा विभाग ने पंजीयन के दौरान अपार और एबीसी आईडी अनिवार्य कर दी है, जिससे कई छात्र आवेदन नहीं कर पाए। बीए, बीकॉम, बीएससीए, बीएसडल्यू और बीएचएमसी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए सुबह 10 बजे से आवेदन शुरू हुए। छात्र-छात्राएं एमपी ऑनलाइन कियोस्क और कॉलेजों के सहायता केंद्रों पर पहुंचे, लेकिन अधिकांश विद्यार्थियों को अपनी अपार और एबीसी आईडी की जानकारी ही नहीं थी। विद्यार्थियों का कहना है कि स्कूल स्तर पर उन्हें कभी अपार आईडी के बारे में जानकारी नहीं दी गई, वहीं सहायता केंद्रों पर आधार नंबर के जरिए आईडी पता करने का प्रयास किया गया, लेकिन कई छात्रों के



आधार से जुड़े मोबाइल नंबर बंद होने के कारण ओटीपी नहीं मिल पाया। इससे पंजीयन प्रक्रिया प्रभावित रही और पहले दिन आवेदन का प्रतिशत काफी कम रहा। शिक्षाविद् पारस जैन ने बताया कि अधिकांश विद्यार्थियों की अपार आईडी पहले से बनी हुई है लेकिन उन्हें उसका नंबर पता नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार बिना अपार आईडी के पंजीयन आगे नहीं बढ़ रहा, साथ ही नया अपार नंबर बनाकर आवेदन करने पर दस्तावेज सत्यापन के दौरान फार्म निरस्त होने की संभावना रहेगी।

# गरुड़ पोर्टल से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की होगी केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गरुड़ पोर्टल से प्रदेश के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जायेगी। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के संचार के साथ संचालन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे सीवेज प्रबंधन की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाया जा सकेगा और समय पर निर्णय लेने में सुविधा होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी एमपीयूडीसी द्वारा राज्य में सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल की गई है। मध्यप्रदेश में अपनी तरह की यह प्रथम केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली है, जो वास्तविक समय में डेटा ट्रैकिंग के साथ-साथ उत्कृष्ट परिचालन निरीक्षण एवं त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को अत्यंत सशक्त बनाती है। इस युगांतरकारी व नवाचारपूर्ण पहल से राज्य में पर्यावरण संरक्षण, जल गुणवत्ता के संवर्धन एवं नगरीय स्वच्छता के संकल्प को अभूतपूर्व मजबूती मिलने की पूर्ण अपेक्षा है। आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि विभाग के अंतर्गत संचालित कुल 42 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी में अत्याधुनिक एससीएडीए सह ओसीईएमएस प्रणाली को सफलतापूर्वक स्थापित व लागू कर दिया गया है। विदित हो कि पूर्व में इन संयंत्रों से प्राप्त होने वाला डेटा केवल संबंधित एसटीपी परिसर तक ही सीमित रहता था, जिसके कारण संपूर्ण व्यवस्था की समग्र निगरानी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। किंतु, इस नूतन प्रणाली के क्रियान्वयन से अब बॉयोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड सीओडी, पीएच एवं टोटल सस्पेंडेड सॉलिड्स जैसे सभी प्रमुख जल गुणवत्ता मापदंडों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।

# ऊर्जा और उत्साह का उत्सव

## दुबे कॉलोनी में राहगीरी डे, स्वच्छता, फिटनेस और जनभागीदारी का अनोखा संगम

कटनी (स्वतंत्रमत)

शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और नागरिक सहभागिता को नया आयाम देने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा दुबे कॉलोनी क्षेत्र में राहगीरी डे का आयोजन हर्षोल्लोस के साथ किया गया। रविवार की यह सुबह स्वास्थ्य, मनोरंजन और सामाजिक जुड़ाव का ऐसा मंच बनी, जहां हर आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे एक जन-उत्सव का स्वरूप दे दिया। सुबह की शुरुआत योग एवं फिटनेस सत्र से हुई, जिसमें नागरिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इसके बाद साइकिलिंग, स्केटिंग, म्यूजिकल चेयर, पेंटिंग, रंगोली, शतरंज, कैरम, रस्सीकूद, चम्मच नींबू दौड़ और बोरा दौड़ जैसे विविध खेलों ने आयोजन में जीवंतता घोल दी। कार्यक्रम में महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार की विशेष मौजूदगी रही। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए इको ब्रिक्स स्टॉल और एसएसजी समूह द्वारा तैयार किए गए कपड़े के थैलों की प्रदर्शनी ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पुनः उपयोग रीसायकल की दिशा में प्रेरित किया। बच्चों, युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया।

### जुंबा की धुन पर थिरका जनसमूह

तेज संगीत और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित जुंबा सत्र ने सभी को ऊर्जा से



भर दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें हिस्सा लेकर फिटनेस के साथ स्वच्छता का संदेश आत्मसात किया। वहीं नुकड़ नाटक, कचरा पृथकरण, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक और जल संरक्षण जैसे विषयों पर आयोजित गतिविधियों ने नागरिकों को स्वच्छता के प्रति उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराया।

### नन्हे कलाकारों ने मोहा मन

गीतांजलि कला केंद्र के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ा। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया। महापौर ने कहा कि यह कार्यक्रम नगर निगम द्वारा नागरिकों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास है। स्वच्छ और स्वस्थ शहर का निर्माण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों की सहभागिता से ही संभव है। आप सभी का प्रयास होना चाहिए कि हमारा कटनी स्वच्छता के क्षेत्र में नंबर वन बने। एक क्लीन सिटी जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से ही साकार हो सकती है।

# दिल्ली-चेन्नई के लिए प्लेऑफ की चुनौती

नयी दिल्ली (वार्ता)



दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मंगलवार को होने वाले लीग मुकाबले में दोनों टीमें प्लेऑफ में बनाये रखने की चुनौती का सामना करेंगी। दोनों टीमें के तालिका में समान अंक है। यह एक ऐसा अहम मोड़ लगता है जो यह तय कर सकता है कि प्लेऑफ की दौड़ में कौन बना रहेगा और कौन दबाव के चलते पैदा हुई अफ़रा-तफ़री में फंसता चला जाएगा। दोनों टीमों ने अपने नौ मैचों में से चार जीते हैं, दोनों के आठ-आठ अंक हैं, और दोनों जानती हैं कि गलती की गुंजाइश तेजी से कम होती जा रही है। फिर भी, यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने जो रास्ते अपनाए हैं, वे एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। दिल्ली कैपिटल्स की बात करे तो वह एक ऐसी टीम रही है जिसमें सब कुछ या तो बहुत अच्छा होता है या बहुत बुरा। जब वे लक्ष्य का पीछा करते हैं, तो वे निडर दिखते हैं, और कभी-कभी तो उन्हें रोकना लगभग नामुमकिन लगता है। लेकिन जब वे पहले बल्लेबाज़ी करते हैं, तो उनका यह सीज़न अक्सर अस्थिरता का शिकार हो जाता है, जिसकी झलक उनके नेगेटिव नेट रन रेट में स्पष्ट दिखती है। केएल राहुल उनके बल्लेबाजी क्रम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी रहे हैं जिनका प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। उन्होंने शांत और मजबूत अंदाज में टीम की ज़िम्मेदारी संभाली है। लक्ष्य का पीछा करते समय मैच पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की उनकी काबिलियत इस सीजन में दिल्ली के बेहतरीन प्रदर्शनों की मुख्य वजह रही है, और एक बार फिर, टीम की ज्यादातर उम्मीदें उन्हीं के कंधों पर टिकी हैं। उनके आस-पास, दिल्ली की बल्लेबाजी ने शानदार झलकियां दिखाई हैं। पथुम निसांका की हालिया फिफ्टी ने शीर्ष क्रम में लय ला दी है, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स और अक्षर पटेल ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाए हैं। लेकिन चिंता वही बनी हुई है- क्या वे पूरे 20 ओवरों में एक मुकम्मल प्रदर्शन दे पाएंगे। उनकी गेंदबाजी आखिरी ओवरों में संघर्ष करती दिखी है, अक्सर तब रन लुटा देती है जब नियंत्रण की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स एक अलग पहचान के साथ मैदान में उतर रही है। उनका यह सीजन विस्फोटक खेल के बजाय एक मजबूत ढांचे पर आधारित रहा है। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने लगातार असरदार पारियां खेलकर अपनी लय वापस पा ली है, जबकि संजू सैमसन चुपचाप उनके सबसे भरोसेमंद स्कोरर बन गए हैं। सीएसके की ताकत उनके बीच के ओवरों में है, जहां वे लगातार पारी को संभालते हैं और एक मजबूत फिनिश के लिए मंच तैयार करते हैं। उनके लिए सबसे बड़ा सवाल अभी भी लक्ष्य का पीछा करना बना हुआ है। जब लक्ष्य 180 के पार चला जाता है, तो इतिहास चेन्नई के पक्ष में नहीं रहा है, और यह मनोवैज्ञानिक बाधा अभी भी उन पर हावी है। भले ही वे अच्छी शुरुआत करें, लेकिन मैच खत्म करने का दबाव अक्सर उन्हें फिर से अनिश्चितता की ओर धकेल देता है। दोनों टीमों के बीच के पिछले मुकाबले (हेड-टू-हेड) इस मैच को और भी दिलचस्प बनाते हैं। सीएसके ने सीज़न की शुरुआत में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था, लेकिन अब वह नतीजा काफी पुराना लगता है; अब दोनों टीमें काफी बदल चुकी हैं और उनकी नई कमजोरियां सामने आई हैं। पिच की बात की जाये तो अरुण जेटली स्टेडियम की पिच पर एक हाई-स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद है। छोटी बाउंड्री, सपाट पिच और ओस की संभावना का मतलब है कि बल्लेबाज मैच के ज़्यादातर हिस्से पर हावी रहेंगे। यहाँ 200 के आस-पास का स्कोर अब कोई अपवाद नहीं रहा; बल्कि अब यह एक आम उम्मीद बन गई है। इससे टॉस बहुत अहम हो जाता है, क्योंकि अक्सर लक्ष्य का पीछा करना ही पसंदीदा विकल्प साबित होता है। कई मायनों में, इस मैच का नतीजा दबाव में किए गए प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। दिल्ली की टीम मोमेंटम और निडर होकर लक्ष्य का पीछा करने पर निर्भर रहती है, जबकि सीएके एक मजबूत ढांचे और बड़ा स्कोर बनाने पर भरोसा करती है। एक टीम उथल-पुथल में बेहतर करती है, तो दूसरी टीम कंट्रोल में। जैसे-जैसे प्लेऑफ की दौड़ तेज़ होती जा रही है, यह मैच अब केवल फॉर्म या रणनीति के बारे में नहीं रह गया है। यह इस बारे में है कि कौन सी टीम तब भी अपना संयम बनाए रख पाती है, जब बाकी सभी चीज़ें बराबरी पर हों। एक मजबूत फिनिश, एक पारी का ढह जाना, या फिर आखिरी ओवरों में एक भी ओवर का खेल-सिर्फ़ इस मैच का ही नहीं, बल्कि दोनों टीमों के पूरे सीजन की दिशा तय कर सकता है।



## सुरेंद्र सिंह और गुरदित सिंह ने जर्मनी में जीते सात स्वर्ण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य सुरेंद्र सिंह और गुरदित सिंह ने 1 से 3 मई 2026 तक जर्मनी के बिटबर्ग में आयोजित जर्मन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए गौरव हासिल किया। एक ऐतिहासिक पल में, द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य सुरेंद्र सिंह और गुरदित सिंह ने जर्मन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत के लिए 7 स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। सुरेंद्र सिंह ने मास्टर्स बेंचप्रेस में 1 स्वर्ण, ओपन बेंचप्रेस में 1 स्वर्ण, मास्टर्स डेडलिफ्ट में 1 स्वर्ण और ओपन डेडलिफ्ट में 1 स्वर्ण पदक जीता। गुरदित ने फुल पावरलिफ्टिंग जूनियर श्रेणी में डेडलिफ्ट (290 किलोग्राम), बेंचप्रेस (160 किलोग्राम) और स्क्वैट्स (250 किलोग्राम) के साथ कुल 700 किलोग्राम भार उठाकर 1 स्वर्ण पदक जीता; इसके अलावा उन्होंने सिंगल बेंचप्रेस में 162.5 किलोग्राम भार उठाकर 1 स्वर्ण और सिंगल डेडलिफ्ट में 285 किलोग्राम भार उठाकर 1 स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन ने कहा,द्रोणाचार्य द जिम के 37 वर्ष पूरे। दो पीढ़ियां, और अब भी भारत के लिए जीत हासिल कर रही हैं; मेरे सबसे पुराने शिष्यों में से एक सुरेंद्र सिंह ने 4 स्वर्ण और मेरे सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय एथलीट गुरदित सिंह ने 3 स्वर्ण पदक जीते हैं। हमें अपनी बनाई इस विरासत पर गर्व है; यह मेरे लिए जन्मदिन का सबसे बेहतरीन तोहफ़ा है। आईपीएल इंडिया के अध्यक्ष, ओम प्रकाश अंग्रिश ने भारतीय टीम के कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्यों को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। पूरी भारतीय टीम ने अपने कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन, साथ ही आईपीएल इंडिया और शेरू क्लासिक वर्ल्ड के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा,हमने यह सफलता आप सभी के सहयोग से हासिल की है। हम इस सफलता का पूरा श्रेय हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए खेलो इंडिया -फिट इंडिया अभियान को समर्पित करते हैं।

## भारतीय टीम ने वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले में बनाया नया राष्ट्रीय रिकार्ड



**गैबोरोन (बोत्सवाना)(वार्ता)।** वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 2026 में हिस्सा लेने वाली पांचों भारतीय टीमों में से कोई भी टीम वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी, लेकिन मिश्रित 4 गुणा 100 मीटर टीम ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम कर लिया। शनिवार को अपना पहला मौका गंवाने के बाद टीमों को रविवार को अपनी-अपनी हीट में शीर्ष दो स्थानों में जगह बनानी थी, ताकि वे सीधे पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चीन के बीजिंग होने वाली 2027 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर सकें। रघु कुमार, नित्या गांधे, अनिमेष कुजुर और स्नेहा सत्यनारायण शानुवल्ली की भारतीय मिश्रित 4 गुणा 100 मीटर रिले टीम ने 41.35 सेकेंड का समय निकाला और इस स्पर्धा में नया नेशनल रिकॉर्ड दर्ज किया। इसी के साथ आठ टीमों की हीट में छठे स्थान पर रही। इसके अलावा भारत ने मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर में तीर्थेश पी. शेट्टी, कुमारी सलोनी, निहाल विलियम और रशदीप कौर की दूसरी टीम उतारी। इस चौकड़ी ने अपनी हीट में 3ः19.40 के समय के साथ पांचवां स्थान हासिल किया। शनिवार को क्वालीफायर के पहले राउंड में दौड़ने वाले ओलंपियन अमोज जैकब और अंसा बाबू को रविवार को आराम दिया गया। हालांकि, जैकब ने धर्मवीर चौधरी, साथी ओलंपियन राजेश रमेश और विशाल थेन्नारासु कायलविझी के साथ पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया, लेकिन क्रैम्प्स के कारण वह दौड़ पूरी नहीं कर सके। इस बीच तमन्ना, नित्या गांधे, सुदेशना शिवंकर और स्नेहा सत्यानारायण शानुवल्ली ने छह टीमों वाली महिलाओं की 4गुणा 100 मीटर हीट में 53.90 सेकेंड के समय के साथ आखिरी स्थान पर जगह बनाई। पुरुषों की 4गुणा 100 मीटर रिले में हर्ष संतोष राउत, अनिमेष कुजूर, रघु कुमार और गुरिंदरवीर सिंह को उनकी हीट में अयोग्य घोषित कर दिया गया। क्योंकि रघु और गुरिंदरवीर के बीच एक्सचेंज करते समय बैटन गिर गया था।



## मुंबई के कियान शाह ने थाईलैंड में एशिया सीरीज़ में दूसरा स्थान हासिल किया

**मुंबई (वार्ता)।** मुंबई के कियान शाह (रायो रेसिंग) ने इंटरनेशनल कार्टिंग में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए, रविवार को थाईलैंड के पटाया में आरएमसी एशिया ट्रॉफी के दूसरे राउंड में दूसरा स्थान हासिल किया। 15 वर्षीय कियान ने क्वालिफ़ाइंग राउंड में अपना अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने 1.2 किलोमीटर लंबे बीरा सर्किट पर 51.218 सेकंड का समय निकाला, जो थाईलैंड के पन्नू स्टीनमोनकोंग (जो सबसे तेज़ थे) से महज 0.118 सेकंड ही ज़्यादा था। कियान ने हीट 1 में चौथे स्थान से शुरुआत की, लेकिन शुरुआत में ही वह एक स्थान पीछे खिसक गए। हालांकि, उन्होंने जल्द ही जापानी रेसर शुन सेकिगुची और चीनी ताइपे के ईसन त्सेंग को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद, उन्होंने स्टीनमोनकोंग को भी पछाड़ दिया और थाईलैंड के टोबी गेल के बाद दूसरे स्थान पर रेस पूरी की। हीट 2 में कियान के साथ एक बड़ा हादसा हो गया; जब वह तीसरे स्थान पर चल रहे थे, तभी अचानक उनकी कार्ट का इंजन बंद हो गया। कियान ने तुरंत सूझ-बूझ दिखाते हुए समस्या को पहचाना और एक ढीले तार को ठीक कर दिया। इसके बावजूद, वह रेस में सबसे आखिरी स्थान पर ही फिनिश कर पाए।

## ऑरेंज कैप फिर से अभिषेक के सिर, रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में

अहदाबाद (वार्ता)




अभिषेक शर्मा कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मात्र 15 रन बनाकर एक बार फिर से ऑरेंज कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गये है। वहीं कगिसो रबाडा 16 विकेटों के साथ पर्पल कैप की दौड़ में शामिल हो गये है। ऑरेंज कैप तालिका में कम अंतर पर कब्जा देखने को मिल रहा हैं। जैसे केकेआर के खिलाफ अभिषेक शर्मा ने केवल 15 रन बनाए, लेकिन यह केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स) से सात रन आगे निकलने और शीर्ष स्थान वापस हासिल करने के लिए काफ़ी था। हाइनरिक क्लासन अवसर का फायदा नहीं उठा सके, इसलिए राहुल (433 रन) का दूसरा स्थान सुरक्षित है। क्लासन ने केकेआर के खिलाफ 11 रन बनाए और अब उनके 425 रन हैं। उनके बाद राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी (404 रन) हैं और फिर शीर्ष पांच में नया नाम जुड़ा है। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज़ बी साई सुदर्शन ने हालिया शानदार फ़ॉर्म जारी रखते हुए 41 गेंदों में 57 रन बनाए और 385 रन तक पहुंच गए हैं। शुभमन गिल, प्रभसिमरन सिंह, जॉस बटलर और श्रेयस अय्यर रविवार को अधिक रन नहीं बना सके, लेकिन इशान किशन ने 42 रन बनाकर कुल 354 रनों के साथ नौवें स्थान पर जगह बनाई, जबकि ट्रैविस हेड ने भी अपनी हालिया फ़ॉर्म जारी रखते हुए 28 गेंदों में 61 रन बनाए और 12वें स्थान तक पहुंच गए। वहीं पर्पल कैप तालिका की बात की जाये तो कगिसो रबाडा ने पिछले छह मैचों में 12 विकेट ले लिए हैं और तेज़ी से ऊपर चढ़ते हुए 16 विकेट के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो कि रॉयल चैजेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कम्बोज से केवल एक विकेट पीछे हैं। प्रसिद्ध कृष्णा को फिर बाहर बैठना पड़ा, इशान मलिंगा को कोई विकेट नहीं मिला, राशिद खान को केवल एक विकेट मिला, लेकिन मोहम्मद सिराज और कार्तिक त्यागी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो-दो विकेट लिए। इससे उनके सीजन के विकेट 11 तक पहुंच गए, जिससे वे शीर्ष 10 में बने हुए हैं।

## जिंदल स्टेनलेस को चौथी तिमाही में 834 करोड़ का मुनाफा

**मुंबई (वार्ता)।** इस्पात क्षेत्र की कंपनी जिंदल स्टेनलेस को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में समेकित आधार पर 834 करोड़ रुपये का



शुद्ध लाभ हुआ है जो एक साल पहले की तुलना में 41.4 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के सोमवार को घोषित वित्तीय परिणामों के अनुसार, गत 31 मार्च को समाप्त तिमाही में उसका शुद्ध राजस्व 11.2 प्रतिशत बढ़कर 11,337 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। उसका परिचालन लाभ 37.1 फीसदी बढ़ा और 1,455 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। निदेशकमंडल ने प्रति इक्विटी शेयर चार रुपये के लाभांश की भी घोषणा की है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 कंपनी के लिए काफी अच्छा रहा। इसके पीछे मजबूत घरेलू मांग और विभिन्न सेक्टरों में स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल बढ़ना महत्वपूर्ण कारक रहे। चौथी तिमाही के दौरान कंपनी ने 64,174.3 करोड़ टन रहा। यह सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत कम है। कंपनी ने बताया कि पूरे वित्त वर्ष के दौरान उसे समेकित आधार पर 3,185 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ जो 27.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दिखाता है।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी

**मुंबई (वार्ता)।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में देश में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी देखी गयी, हालांकि परिचालन परिस्थितियों में चार साल की दूसरी सबसे बड़ी सुस्ती देखी गयी। एचएसबीसी द्वारा भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के लिए सोमवार को जारी खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मार्च के 53.9 से बढ़कर 54.7 पर पहुंच गया। पीएमआई का 50 से ऊपर रहना वृद्धि को और इससे कम रहना गतिविधियों में गिरावट को दिखाता है। वहीं, 50 का स्तर स्थिरता को दिखाता है। पीएमआई रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत में एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि पीएमआई में बढ़ोतरी के बावजूद



परिचालन परिस्थितियों में चार साल की सबसे सुस्त वृद्धि देखी गयी। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव अब ज्यादा स्पष्ट दिखने लगा है, विशेष कर मुद्रास्फीति में। लागत में अगस्त 2022 के बात की सबसे तेज वृद्धि देखी गयी है। वहीं, उत्पादों की कीमत पिछले छह महीने में सबसे तेजी से बढ़ी है। इन सबसे बावजूद उत्पादन, नये ऑर्डर (निर्यात समेत) और रोजगार में वृद्धि देखी गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि नये ऑर्डर और उत्पादन बढ़े हैं, लेकिन इनकी रफ्तार कम से कम साढ़े तीन साल में सबसे कम रही है। सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले कंपनी प्रबंधकों ने बताया कि विज्ञापन और मांग में मजबूती से बिक्री और उत्पादन बढ़ा है, लेकिन चुनौतिपूर्ण परिस्थितियों के कारण वृद्धि प्रभावित हुई है। विदेशों से नये ऑर्डरों में सात महीने की सबसे बड़ी तेजी देखी गयी है। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जापान, केन्या, चीन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन से कंपनियों को ज्यादा ऑर्डर मिल रहे हैं।

## अंबुजा सीमेंट का मुनाफा 33 प्रतिशत घटा

**मुंबई, (वार्ता)।** अडानी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में समेकित आधार पर 569 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो एक साल पहले की समान तिमाही की तुलना में 33.53 प्रतिशत कम है। निदेशक मंडल की सोमवार को हुई बैठक के बाद वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। इसमें बताया गया है कि तिमाही के दौरान कंपनी की बिक्री एक साल पहले के 182 लाख टन से बढ़कर 199 लाख टन पर पहुंच गयी। कंपनी ने बताया कि राजस्व में 9.36 प्रतिशत का इजाफा हुआ है और यह 10,915 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि कच्चे माल, परिवहन और दूसरे मदों में व्यय बढ़ने से कंपनी का परिचालन लाभ 1,464 करोड़ रुपये रह गया जो सालाना आधार पर 21.63 प्रतिशत कम है। निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर दो रुपये के लाभांश की भी घोषणा की है।कंपनी ने मुनाफे में गिरावट के लिए पश्चिम एशिया संकट को जिम्मेदार ठहराया है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन, डीजल, पैकेजिंग के लिए बोरियों की आपूर्ति में कमी और रुपये में गिरावट से कंपनी पर लागत का दबाव बढ़ा है और चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भी दबाव जारी रहने की संभावना है। अंबुजा सीमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनोद बहेटी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में देश में बुनियादी ढांचे के विकास की कहानी की बुनियाद मजबूत है, लेकिन वर्तमान भू-राजनैतिक चुनौतियों और मानसून के कमजोर रहने की संभावना के बीच विकास का परिदृश्य नरम बना हुआ है।

## रुपया पहली बार 95 प्रति डॉलर से नीचे बंद



मुंबई (वार्ता)

अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में सोमवार को 39 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 95.23 रुपये का बोला गया। रुपया पहली बार 95 प्रति डॉलर के नीचे बंद हुआ है। हालांकि बीच कारोबार में इसका अबतक का निचला स्तर 95.3450 रुपये प्रति डॉलर है जो 30 अप्रैल को दर्ज किया गया था। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा चार पैसे की मजबूती के साथ 94.84 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपये पर आज शुरू से ही दबाव रहा। यह 11 पैसे गिरकर 94.95 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सुबह के कारोबार में यह 94.80 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत भी हुआ, लेकिन इसके बाद लगातार टूटता हुआ 95.2550 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। अंत में यह 95.23 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) के भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकालने से रुपये पर दबाव रहा। एफपीआई ने आज करीब 70 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की। कच्चे तेल में दो प्रतिशत से अधिक की तेजी और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के सूचकांक में डॉलर की मजबूती से भी रुपया कमजोर हुआ। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा फिलहाल 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया है।

## शेयर बाजारों में लौटी तेजी

मुंबई (वार्ता)



अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता की उम्मीद में घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौट आयी। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 355.90 अंक (0.46 प्रतिशत) चढ़कर 77,269.40 अंक पर बंद हुआ। बाजार में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह के समय 997 अंक चढ़ने के बाद एक समय सेंसेक्स लगभग सपाट हो गया था। अंत में यह करीब आधा फीसदी ऊपर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 121.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त में 24,119.30 अंक पर पहुंच गया। एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली देखी गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.70 फीसदी ऊपर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद कि ईरान का नया शांति प्रस्ताव अच्छा है, निवेशकों में पश्चिम एशिया संकट के जल्द समाप्त होने का विश्वास जगा है। इससे शेयर बाजारों में लिवाली देखी गयी। आईटी, मीडिया और बैंकिंग को छोड़कर अन्य सेक्टरों में तेजी रही। रियलटी, धातु, स्वास्थ्य, वित्त और फार्मा सेक्टरों के सूचकांकों में ज्यादा तेजी रही। एनएसई में जिन 3,430 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,136 के शेयर ऊपर और 1,185 के नीचे बंद हुए। अन्य 109 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद लगभग सपाट बंद हुए। अडानी पोर्ट्स के शेयर में 5.30 प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। हिंदुस्तान यूनीलिवर का शेयर 2.60 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.24, एलएंडटी का 2.18, इटरनल का 2.09 और मारुति सुजुकी का 2.02 प्रतिशत चढ़ा। अल्ट्राटेक सीमेंट का शेयर 1.48 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 1.45 और बजाज फिनसर्व का 1.41 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। सनफार्मा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, बीईएल, टाटा स्टील, ट्रेंट और पावर ग्रिड भी हरे निशान में रहे। भारती एयरटेल का शेयर 3.14 प्रतिशत टूटा। कोटक महिंद्रा बैंक में 2.82 फीसदी, टीसीएस में 1.73, आईटीसी में 1.25 और इंफोसिस में 1.11 प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो और टाइटन के शेयर भी नीचे बंद हुए।

# मध्यप्रदेश को बनाएंगे देश की मिल्क केपिटलः डॉ. यादव

## सरकार खरीदेगी दूध, पशुपालकों को दिलाएगी दूध का समुचित दाम




भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर बहुत पुण्य भूमि है, जहां प्राचीनकाल से गौवंश और गौपालन की समृद्ध परम्परा रही है। हम पशुपालन और डेयरी को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ के रूप में तैयार कर रहे हैं। दुग्ध व्यवसाय हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह सभी पशुपालकों के आर्थिक स्वावलंबन का मजबूत माध्यम है। हम प्रदेश के हर किसान और पशुपालक को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार डेयरी क्षेत्र में नवाचार करते हुए निवेश भी बढ़ाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। निवेश आयेगा, तो इस सेक्टर में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हम हमारे युवाओं को गांवों में ही रोजगार मुहैया कराने के लिए सभी बेहतर संभावनाओं पर फोकस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में भी अग्रणी राज्य बने, यही हमारा लक्ष्य है। पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों की आमदनी में वृद्धि करने के लिए हम मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है। हम अपने प्रयासों से मध्यप्रदेश को देश का मिल्क केपिटल बनाकर रहेंगे। इसके लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, बेहतर प्रबंधन और सभी पशुपालकों एवं दुग्ध उत्पादकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को मिल्क केपिटल बनाने में ग्वालियर बड़ी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ग्वालियर में राज्य स्तरीय पशुपालक एवं दुग्ध उत्पादक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए और सम्मेलन में मौजूद सभी को पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन से जुड़कर प्रदेश को मिल्क केपिटल बनाने में सहयोग देने का संकल्प भी दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर क्षेत्रीय पशुपालकों को अपने पशुधन के स्वास्थ्य एवं उपचार की स्थानीय स्तर पर सुविधा मुहैया कराने के लिए ग्वालियर में पशुओं का केयर एंड वेलनेस सेंटर खोलने, ग्वालियर के पशु स्वास्थ्य एवं उपचार केन्द्र का उन्नयन करने तथा डबरा में नया पशु चिकित्सालय खोलने की घोषणा की। सम्मेलन के दौरान प्रदेश में पशुपालकों को सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन की सफलता की कहानियों तथा पशुधन विकास पर केन्द्रित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

### हर ब्लाक में बन रहा एक वृंदावन ग्राम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालक प्रदेश की आर्थिक समृद्धि का प्रमुख आधार हैं। किसान कल्याण वर्ष में हमारी सरकार पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों के समग्र कल्याण में भी कोई कसर नहीं रखेगी। गाय का हो या भैंस का, सरकार पशुपालकों से सारा का सारा दूध खरीदेगी और इन्हें दूध का समुचित दाम भी दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने अपील करते हुए कहा कि सभी पशुपालक स्वस्थ और उच्च कोटि का पशुधन पालें। सरकार की डा. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना का अधिकतम लाभ उठायें। पशुपालकों को हर संभव सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौवंश को पर्याप्त और बेहतर आहार मिले, इसके लिए दी जाने वाली सहायता राशि हमने 20 रूपए से बढ़ाकर 40 रूपए प्रति गौवंश कर दी है। प्रदेश के हर ब्लॉक में एक-एक वृंदावन ग्राम बनाया जा रहा है, जिससे दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाई कदापि चिंता न करें। प्रदेश में कहीं भी, किसी भी विकास अधोसंरचना निर्माण के लिए यदि सरकार किसानों से उनकी जमीन लेगी, तो अब उन्हें चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। प्रदेश के विकास में सहयोगी किसानों के प्रति यही हमारी कृतज्ञता है।

### 25 गायों की गौशाला खोलने पर 10 लाख सब्सिडी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और हर किसान, पशुपालक, दुग्ध उत्पादक को आत्मनिर्भर बनाने में डेयरी सेक्टर एक मजबूत आधार है। हमारी सरकार दुग्ध उत्पादन एवं इसके जरिए स्वावलंबन को ग्रामीण विकास का प्रमुख स्तंभ बनाकर प्रदेश को नई आर्थिक ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूध का कोई विकल्प नहीं है। यह गौवंश के दूध का पुण्य-प्रताप ही है कि हमारा देश और प्रदेश तेजी से चहुंमुखी विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गेहूं का बम्पर उत्पादन हुआ है। गेहूं उपार्जन जारी है। सरकार गेहूं उत्पादक किसानों का दाना-दाना खरीदेगी। किसानों के घर में खुशहाली लाने में हम कोई कमी नहीं रखेंगे। पशुपालकों के आर्थिक स्वावलंबन के लिए, सरकार नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ मिलकर प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ाने की ओर बढ़ रही है। नई-नई गौशालाएं खोली जा रही हैं। मात्र 25 गायों की गौशाला खोलने वाले पशुपालक को भी हमारी सरकार 10 लाख रूपए प्रति यूनिट सब्सिडी दे रही है।

### 10 हजार से अधिक गौवंश पाल रही लाल टिपारा आदर्श गौशाला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर जिला हमारे लिए शुभंकर है। यहां 68 हजार 737 पशुपालक हैं। इनके द्वारा 4 लाख से अधिक पशुधन की सेवा की जा रही है। जिले में 605 मीट्रिक टन से अधिक प्रतिदिन दुग्ध का उत्पादन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यहां स्थापित प्रदेश की सबसे बड़ी लाल टिपारा आदर्श गौशाला पंचगव्य का जिक्र करते हुए कहा कि यह गौशाला आत्मनिर्भरता की जीवंत मिसाल है। इसमें 10 हजार से अधिक गौवंश हैं। यहां प्रतिदिन 100 टन से अधिक गोबर से 25 टन जैविक उर्वरक और 2 टन सीएनजी का उत्पादन होता है। सम्मेलन में जल संसाधन एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के संयोजक महेंद्र सिंह यादव, म.प्र. वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, म.प्र. कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष बघेल, लाल सिंह आर्य, मोहन सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्वालियर जिले एवं संभाग से आए पशुपालक, दुग्ध उत्पादक, किसान बंधु एवं हितग्राही उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालय शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही राष्ट्र निर्माण का भी स्थल होता हैः डॉ. यादव



भोपाल (स्वतंत्र मत)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ऐतिहासिक नगरी ग्वालियर प्राचीन काल से ही वीरता, विद्वता और कला का शिखर रही है। ऋषि गालव विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही ग्वालियर प्रदेश के एजुकेशन हब के रूप में नई पहचान गढ़ने की ओर अग्रसर है। एक विश्वविद्यालय शिक्षा का केन्द्र होने के साथ ही राष्ट्र निर्माण का भी स्थल होता है। ऋषि गालव के नाम पर बनने वाला यह संस्थान हमारी आने वाली पीढ़ियों को संस्कार, संस्कृति और कौशल से सुसज्जित कर राष्ट्र निर्माण का अग्रदूत बनाएगा। मध्य भारत शिक्षा समिति के संस्थापक श्रद्धेय सदाशिव गणेश गोखले का त्याग पूजनीय है, उन्होंने 85 वर्ष पहले 21 जुलाई 1941 को इस समिति नींव रख पराधीनता के कठिन काल में शिक्षा की अलख जगाने का संकल्प लिया। एक स्कूल से शुरू हुआ यह सफर चार महाविद्यालयों, पांच विद्यालयों और एक खेल अकादमी तक पहुंचा। वर्तमान में विभिन्न संस्थाओं में 5 हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। ऋषि गालव विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा के साथ आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की शिक्षा भी छात्रों को मिलेगी। इसका लक्ष्य ऐसा नागरिक तैयार करना है, जो ज्ञानवान, चरित्रवान, नवाचारी और समाज के लिए उत्तरदायी हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ऋषि गालव विश्वविद्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण, कंस वध के बाद शिक्षा ग्रहण करने उज्जैन पधारे और इस दौरान उन्होंने सुदामा से मित्रता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की। यह इस बात का संकेत है कि गरीब-अमीर के बीच कोई परदा नहीं होना चाहिए। इसी समय हमें द्रोणाचार्य और द्रुपद के संदर्भ से शिक्षा के दुरुपयोग का उदाहरण भी प्राप्त होता है, परंतु नालंदा, तक्षशिला विश्वविद्यालयों के माध्यम से मानवता के मूल्यों के प्रसार का उदाहरण भी भारतीय ज्ञान परम्परा में विद्यमान है। इसी भाव का अनुसरण करते हुए प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों में योग्यता, दक्षता और चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल का संदर्भ देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाओं तक राष्ट्रवादी विचारों का विस्तार लगातार है।

# हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा काव्य कृति विमोचन संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)

विगत दिवस मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई दमोह द्वारा होटल मंगलम के सभागार में काव्य कृति विमोचन संपन्न हुआ। दमोह इकाई द्वारा प्रकाशित वरिष्ठ कवि पत्र गोविन्द मकरंद दुबे की कृति काटे कचनार हुए गति संग्रह के विमोचन संगोष्ठी अध्यक्ष सत्य मोहन वर्मा, मुख्य अतिथि अभय तिवारी, विशिष्ट अतिथि कुंदन सिद्धार्थ जबलपुर रहे। दीप प्रज्वलन अतिथि सरकार उपरान्त इकाई अध्यक्ष रमेश तिवारी ने कृति और कृतिकार पर सामासिक वकतव्य में कहा कि कृतिकार की प्रथम कृति ओस और आसू 1967 में सृजन संस्था दमोह द्वारा प्रकाशित हुई थी। उसके बाद मकरंद दुबे का गति लेखन चलता रहा। जो सत्तर के दशक में चलित गति शैली का अनुगामी सिद्ध हुआ। उसकी संग्रह का प्रकाशन अब संभव हो पाया। विशिष्ट अतिथि कुंदन सिद्धार्थ ने कृति पर अपने आलेख मे कहा कि काटें कचनार हुए भावप्रवण और हृदयस्पर्शी गीत संग्रह है। 50 वर्ष पूर्व लिखे गये गीत आज भी उतने ही प्रासंगिक और समकालीन है जितने तब थे। गीतों में कवि ने हमारे समाज हमारे आस पास की सच्चाई को कितनी प्रामाणिकता के साथ हमारे सम्मुख रख है सच के पास सफेदी कम है पास झूठ के अधिक सियाही थी जिसकी आवाज तेज सच उसकी मानी गई गवाही अलग-अलग भाव भंगिमाओं से संपन्न है यह गीत संग्रह पठनीय है। मुख्य अतिथि अभय तिवानी ने कहा कि मकरंद दुबे के गीत संग्रह के गति भले पचास वर्ष पूर्व लिखें गये हो किन्तु उनका सामाजिक सरोकार प्रकृति और मनुष्य के बीच व्याप्त विसंगतियों का व्यवस्थित लेख जोखा गीतों की लय में प्रवहमान हो रहा है। धरती करे निवेदन मौसम करे सिफारिश। फ्रिम्यो न हो खुशी की, वे रोक-टोक बारिस, परिवेश और परिप्रेक्ष्यगत वातावरण को आत्मसाम कर गीतों में लय प्रवाह में आबद्ध यह गीत सृजन मकरंद दुबे के काव्य कौशल को उजागर करता है। कृतिकार गोविन्द मकरंद दुबे ने आत्म विभोर होकर कहा रसो वै सः रस ही ईश्वर है। कविता का रस ब्रह्म है। ब्रह्म आनंद को भी काव्यानंद के तुल्य माना गया है। संग्रह के गति पचास वर्ष पुराने है तथा उस काल खंड में लिखे जाने वाले नवगीतो-गीतो की तरह विविध बिम्बो और मानवीकरण के भावों से आपूरित है क्योंकि कविता कालजयी होती है। नित आनंदमयी होती है। वा संगति गति बनती है गीतों को दुनिया गाती है। कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यमोहन वर्मा ने कहा कि कविता स्वयं की अनुभूतियों जब सार्वजनिक हो जाती है वह कविता है कविता हमारी जिंदगी का वो पर्दा है जिसे हम निरन्तर छिपाते है। इसी कौशल और समर्थता को स्थापित करने वाले मकरंद के गीत इस संग्रह में है, जो बताते है कि समय की दीवार पर उकेरे हुए शब्द चित्रों को बाचे बिना इस गीतों की रचना संभव नहीं थी। गति शिल्प की सम्प्रेषणीयता से गीतो की आत्मा तक सहजता से पहुंचा जा सकता है। दृष्टव्य है लिया मौत से कर्ज, जन्म से बड़ी भूल की है। जीवन भर उसने पाई पाई वसूल की है। यह क्या कम साहस, हम हसना भूल नहीं पाये। काटे है जीवन में तो, क्या फूल नहीं पाये।

# समाज सेवा में ही जीवन की सार्थकता : पटेल



भोपाल (स्वतंत्र मत)। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि समाज की सेवा में ही जीवन की सार्थकता है। समाज सेवा द्वारा वंचित वर्ग का व्यक्ति राज्यपाल बन सकता है। चायवाला प्रधानमंत्री बन सकता है। भारतीय संस्कृति के ध्येय वसुधैव कुटुम्बकम के अनुसार शिक्षित व्यक्ति का परम कर्तव्य वंचितों और गरीबों की खुशहाली और उत्थान के लिए कार्य करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा है कि आत्मविश्वासी, नवाचारी और जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी शिक्षा और प्रतिभा के द्वारा आत्मनिर्भर, समृद्ध, सशक्त और विकसित भारत बनाने में सहभागिता करें। राज्यपाल श्री पटेल एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय के पाँचवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सांसद रवि किशन, सांसद राजीव शुक्ला, सांसद देवुसिंह चौहान, फिल्म अभिनेता एवं कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा, सेज समूह के चेयरमैन संजीव अग्रवाल को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की मानद उपाधि से विभूषित किया। फार्मेसी, विधि, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, पत्रकारिता और मेडिकल साइंस के क्षेत्र में पी.एच.डी. उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय की दीक्षांत स्मारिका और जय नारायण चौकसे की आत्मकथा पुस्तक का लोकार्पण किया।

## सच्ची मित्रता में पद, प्रतिष्ठा और धन का कोई स्थान नहीं : दुबे

जबेरा (स्वतंत्र मत)। सच्ची मित्रता वह है जहां पद, प्रतिष्ठा और धन का कोई स्थान नहीं होता बल्कि केवल प्रेम और समर्पण का भाव होता है। यह विचार संस्कारधानी जबलपुर के सुप्रसिद्ध कथावाचक हरि किशन दुबे ने गुबराकला में व्यक्त किए। पूर्व सरपंच नंदीलाल के निवास पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भाव.विभोर कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि द्वारकाधीश भगवान श्रीकृष्ण ने अपने निर्धन मित्र सुदामा को जिस आत्मीयता से अपनाया, वह सच्ची मित्रता का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने मित्र के दुख में दुखी नहीं होता, वह सबसे बड़ा पापी है। कथा के माध्यम से समाज को निस्वार्थ भावनाए नैतिकता और मानवीय मूल्यों पर चलने की प्रेरणा दी गई। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के 16108 विवाहों के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि ये पत्नियां उपासना कांड के श्लोक, उपनिषद और प्रकृति के आठ स्वरूपों का प्रतीक हैं जो संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार के रूप में दर्शाते हैं। इसके साथ ही राजा नृग की कथा के जरिए संतों की संपत्ति का सम्मान करने का संदेश दिया गया। कथा के विश्राम दिवस पर परीक्षित मोक्ष के प्रसंग के पश्चात फूलों की होली उत्साहपूर्वक मनाई गई। भजनों और पुष्पवर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# जनपद पंचायत जबेरा में पंचायत सीमाओं को लेकर गरमाया विवाद



दमोह (स्वतंत्र मत)। जिले की जनपद पंचायत जबेरा में पंचायत सीमाओं को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। ग्राम पंचायत डेलनखेड़ा और ग्राम पंचायत कोरता के बीच विकास कार्यों को लेकर गंभीर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं, जिससे स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। डेलनखेड़ा के सरपंच ने आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत कोरता के सरपंच-सचिव द्वारा उनकी पंचायत सीमा के अंदर अवैध रूप से करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य करा दिए गए हैं। इन कार्यों में खखरी निर्माण, परकुलेशन टैंक और खेत तालाब जैसे विकास कार्य शामिल बताए जा रहे हैं, जो डेलनखेड़ा क्षेत्र में बिना अनुमति कराए गए। सरपंच का कहना है कि यह न केवल पंचायत सीमाओं का सीधा उल्लंघन है, बल्कि शासकीय योजनाओं में बड़े स्तर पर अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार की ओर भी इशारा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में नियमों को दरकिनार कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। इस विवाद के चलते दोनों पंचायतों के बीच तनाव की स्थिति बन गई है, वहीं ग्रामीणों में भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि इस तरह एक पंचायत दूसरी पंचायत की सीमा में मनमाने तरीके से कार्य कराएगी, तो स्थानीय शासन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो जाएगी। डेलनखेड़ा सरपंच ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में पंचायत सीमाओं का उल्लंघन न हो। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेकर पारदर्शी जांच करेगा या फिर यह मामला भी अन्य विवादों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# दमोह में ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार संपन्न

दमोह (स्वतंत्र मत)

स्थानीय संकट मोचन हनुमान मंदिर पूर्व शिक्षा विभाग परिसर जनपद के सामने में ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत उपनयन संस्कार पुजारी पुरोहित संघ द्वारा विधिविधान से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में अजब धाम फतेहपुर से पधारे श्री राम अनुग्रह दास छोटे सरकार की उपस्थिति रही। इस अवसर पर पुजारी पुरोहित संघ जिला अध्यक्ष अजय गर्ग, नगर पुरोहित पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक, विद्यासागर पांडे, बद्री प्रसाद कुड़ेरिया, बांदकपुर से राम कृपाल पाठक, केदारनाथ दुबे, सुनील गौतम, महेंद्र गर्ग, महिमानंद, सुनील दुबे, गोविंद पुजारी, देवेंद्र दुबे, कमलेश तिवारी, विकास पांडे, मिकी राजोरिया, राम अवतार तिवारी, दुर्गेश तिवारी, आशीषदत्त कटारे, सुदर्शन पाठक, दक्ष गर्ग, आराध्य गर्ग, सचिन तिवारी, राजेंद्र सरवरिया, ठाकुर दास, जागेश्वर तिवारी, आशुतोष गौतम छोटू शास्त्री सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही।


**भूल - सुधार**

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसंबंधित्तों को सूचित किया जाता है कि मेसर्स श्री व्ही.जी. एक्सप्लोरेशन एण्ड माईनिंग, छत्तरपुर लेटेराईट डिपोजिट माईनिंग ऑफ मिनरल्स का विज्ञापन दिनांक 2 मई 2026 स्वतंत्रमत न्यूज पेपर में प्रकाशित हुआ हैं, जिसमें भूलवश खसरा नं. 544 कि जगह 644 हो गया है।कृपया उसे सही खसरा नं.544 पढ़ा जावें।

**क्षेत्रीय अधिकारी**


# सही तौल, बिना लेनदेन के काम और समय पर रसीद देना अनिवार्य : कलेक्टर

## जिला स्तरीय अधिकारियों और नोडल अधिकारियों की बैठक संपन्न



दमोह (स्वतंत्र मत)। किसानों से बातचीत के दौरान सामने आया कि व्यवस्थाओं में गंभीर अनियमितताएं हैं और हर स्तर पर उन्हें परेशान किया जा रहा था। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए समिति प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, वेयरहाउस मालिक और वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के कर्मचारी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस आशय की बात कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपार्जन संबंधी बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कल मेरे द्वारा चंपत पिपरिया उपार्जन केंद्र का पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। उपार्जन केंद्र में अनियमितता पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज हुई और दोषियों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी गण मौजूद थे। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों और नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सही तौल, बिना लेनदेन के काम और समय पर रसीद देना अनिवार्य किया गया है। लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया कि यदि किसानों से कोई अवैध तरह की मांग की जाती है, गलत तौल होता है या किसी प्रकार की परेशानी दी जाती है तो वे तुरंत कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज कराएं। प्रशासन द्वारा तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा गत दिवस निरीक्षण के दौरान केंद्र में जगह की कमी पाए जाने पर तत्काल बड़ा परिसर उपलब्ध कराया गया।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामिनी नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित हाथीताल कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक LIG 56 श्री मदन मोहन माथुर पिता स्व. श्री ऐ.पी. माथुर को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29.12.2012 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री मदन मोहन माथुर पिता स्व. श्री ऐ.पी. माथुर का निधन दिनांक 19.06.2023 को हो गया है एवं उनकी पत्नी श्रीमती मंजु माथुर का भी निधन दिनांक 09.09.2016 को हो चुका है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख में श्री अभिषेक माथुर पिता स्व. श्री एम.एम. माथुर को नामिनी नियुक्त किया गया है। श्री अभिषेक माथुर पिता स्व. श्री एम.एम. माथुर के द्वारा नामांतरण करने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 4/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विमला बाई पति श्री दिलीप कुमार ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 45 ख.न. 269/1 269/3, 269/4 मौजा कजरवारा संपत्ति के पिन क्रमांक 2000126380 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 800 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री दीपक ककहा पिता श्री शिवलाल ककहा श्रीमती रेनू ककहा पति श्री दीपक ककहा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**



**➤ स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान को लेकर निगम की पहल**

## ग्राहकों को मिलेगी बिल में 10 प्रतिशत की छूट

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लक्ष्यों को प्राप्त करने और शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वाराएक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उन्होंने चर्चा की कि शहर की रैंकिंग सुधारने में आम नागरिकों और ग्राहकों का सकारात्मक फीडबैक अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए आश्वस्त किया कि जो ग्राहक स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत शहर के लिए सकारात्मक फीडबैक देंगे, उन्हें उनके बिल में 10 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी।

**➤ निर्माण कार्य के लिए 9 करोड़ की राशि स्वीकृत**

## बरगी और पनागर में बनेंगी दो प्रमुख सड़कें

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोक निर्माण विभाग द्वारा बरगी से सिलुआ तक सड़क निर्माण को प्रशासकीय मंजूरी दे दी गई है। यह मार्ग 17.65 किलोमीटर लंबा होगा और इसके निर्माण पर लगभग 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं पनागर से मुड़िया, पडोरा और सलैया तक नए मार्ग का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग की कुल लंबाई 6.20 किलोमीटर है। इस कार्य के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। सड़क निर्माण के बाद आमजन को खासी राहत मिलेगी।





**बरगी क्रूज़ हादसा**

# शवों से आ रही थी दुर्गंध, फ्लाइट ऑपरेटर ने ले जाने से किया मना

### घंटों तक एयरपोर्ट पर रखे रहे शव

### अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद भरी उड़ान





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

बरगी डैम में हुए क्रूज़ हादसे में सिस्टम की लापरवाही से 13 जानें चली गईं। प्राथमिक जांच में खराब मौसम के अलर्ट की अनदेखी को इसकी मुख्य वजह माना जा रहा है। इस मामले में हद तो तब हो गई जब मृतकों के शवों के साथ भी अनदेखी की गई। दरअसल हादसे में जान गंवाने वाले आर्डनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी कामराज आर और उनके 5 वर्षीय बेटे श्रीतमिल का शव ले जाने से फ्लाइट ऑपरेटर ने मना कर दिया। तर्क दिया कि बॉडी डी-कंपोज हो रही हैं जिससे बदबू आ रही है। ऐसे में वह इन्हें नहीं ले जा सकता है। इस मामले का पता लगते ही प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय हुए और ऑपरेटर को समझाकर शव फ्लाइट में रखवाए। इसकी वजह से फ्लाइट ने अपने निर्धारित समय से एक घंटे देरी से उड़ान भरी।

### ये है पूरा मामला

दरअसल बरगी में हुए हादसे में श्रीतमिल का शव दो मई को मिला था जबकि कामराज का शव 3 मई की सुबह मिला था। रविवार शाम को ही कामराज और श्रीतमिल का शव लेकर खमरिया अस्पताल से एम्बुलेंस डुमना एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई। रांझी पहुंचने पर जानकारी मिली कि त्रिची का मौसम खराब है, विमान लैंड नहीं कर पाएगा। इस पर एम्बुलेंस वापस अस्पताल आ गई और दोनों शव मरचुरी में रखवा दिए गए। आर्डनेंस फैक्ट्री में कामराज के सहकर्मी ने बताया कि सोमवार सुबह 6 बजे तय समय पर एम्बुलेंस से शव लेकर डुमना एयरपोर्ट पहुंच गए थे। साढ़े 7 बजे जेट सर्व एविएशियन कंपनी का चार्टेड प्लेन आया। जिसे मप्र सरकार ने हायर किया था। जैसे ही बॉडी उसमें रखी गई, फ्लाइट ऑपरेटर ने कहा कि शवों से बदबू आ रही है, ऐसे में उनको नहीं ले जाया जा सकता। इस मामले की जानकारी कलेक्टर राघवेंद्र सिंह को लगी तो उन्होंने रांझी एसडीएम मोनिका वाघमारे और तहसीलदार आदर्श जैन को एयरपोर्ट भेजा। उन्होंने स्प्रे की व्यवस्था की। दोनों शवों की दोबारा कॉफिन में टेपिंग की गई। इसके बाद करीब 9 बजे फ्लाइट त्रिची के लिए रवाना हो सकी।

### हादसे में हुई 13 मौतें

बरगी डैम में हुए क्रूज़ हादसे में अबतक 13 लोगों की मौत हो चुकी हैं। मृतकों में 4 बच्चे और 8 महिलाएं और एक पुरूष शामिल हैं। जबकि 28 लोगों को इस हादसे के दौरान बचा लिया गया था। इस घटना में फैक्ट्री कर्मी कामराज आर, उनके बेटे, भतीजे सहित अन्य की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कामराज मूलतः तमिलनाडु में त्रिची के रहने वाले थे। 2010 में आर्डनेंस फैक्ट्री में उनकी जबलपुर में नौकरी लगी थी। परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे थे। क्रूज हादसे में कामराज का सिर्फ बड़ा बेटी पूवीथरन ही बचा है।

## पमरे ने किया 4.56 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग

**जबलपुर।** वाणिज्य और परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मण्डलों में ओर जिनेटिंग फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप अप्रैल के पहले ही माह में माल ढुलाई में पश्चिम मध्य रेलवे ने 4.56 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग की गई। माल ढुलाई में पश्चिम मध्य रेलवे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 58.07 मिलियन टन ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग दर्ज की। इस दौरान नई रेल लाइन ,दोहरीकरण ,तिहरीकरण जैसे कार्यों में गति प्रदान की जा रही है। मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया जा रहा है , गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया । इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई। माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएँ शुरू की गईं । नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया रहा है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जबलपुर।** कोतवाली पुलिस ने बताया कि चेरीताल निवासी 26 वर्षीय मंगलदीप चौधरी अपने दोस्त बलवंत चौधरी के साथ मोटर साइकिल में बैठकर उसके घर छोड़ने जा रहा था। जैसे ही वे खिन्नी मोहल्ला पहुंचे, उसी समय एक ई-रिक्शा के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे मंगलदीप व बलवंत बाईक सहित गिर गये और दोनों को चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# आमने-सामने टकराए ट्रक और यात्री बस, मची चीख-पुकार




### पाटन के नुनसर में भीषण हादसा

### हादसे में मासूम बच्ची हुई गंभीर रूप से घायल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पाटन रोड स्थित नुनसर तिराहे पर सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। तेज रफ्तार ट्रक और यात्रियों से भरी बस के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस दुर्घटना में बस में सवार एक मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई है, जबकि कई अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे। यात्रियों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोगों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। बस के क्षतिग्रस्त हिस्से में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल रवाना किया गया।

***क्रेन की मदद से हटवाए वाहन-*** चौकी प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि ट्रक पाटन से जबलपुर की ओर जा रहा था और बस विपरीत दिशा (जबलपुर से पाटन) से आ रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही नुनसर चौकी पुलिस बल मौके पर पहुँचा और स्थिति को संभाला। हादसे के कारण पाटन रोड पर लंबा जाम लग गया था और सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई थीं। पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका। फिलहाल, गंभीर रूप से घायल बच्ची का इलाज जारी है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ट्रेन में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

### 2.58 लाख के जेवरात बरामद, कई मामले हैं दर्ज



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जीआरपी पुलिस ने रनिंग ट्रेन में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 2 लाख 58 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की है। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में 3 मई 2026 को जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी दौरान इटारसी छोर पर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान विवेक वैध (36), निवासी जालपा वार्ड कटनी के रूप में बताई। पूछताछ करने पर आरोपी विवेक वैध ने लगभग 10-11 महीने पहले 09066 हमसफर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच से एक यात्री का बैग चोरी करना स्वीकार किया। चोरी किए गए बैग में सोने-चांदी के जेवरात, दो मोबाइल फोन और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। आरोपी जबलपुर में चोरी का माल बेचने आया था, लेकिन सफल न होने पर उसे वापस कटनी ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की चेन, दो सोने की बालियां, एक लाकेट (ज्यूतिया) और एक जोड़ी चांदी की पायल बरामद की है। बरामद किए गए इन जेवरातों की कुल कीमत 2 लाख 58 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी विवेक वैध के खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। उस पर न्यायालय से स्थायी वारंट भी जारी था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा, अरुण तिवारी, रामनिवास ओझा, शैलेंद्र सिंह, संतोष चौबे, आरक्षक रविकांत रजक, परशुराम यादव, गोपाल सिंह, राजा जैन, राजकुमार मेहरा तथा एएसआई अमित सिंह की विशेष भूमिका रही।

## नर्मदा नदी में डूबे युवक का शव बरामद

### तिलवारा के दद्दा घाट पर नहाते समय हुआ था हादसा

***जबलपुर ( स्वतंत्र मत )।*** तिलवारा में दद्दा जी घाट से बीती शाम डूबे युवक लकी अंसारी का शव सोमवार सुबह रेस्क्यू टीम में तलाश करते हुए निकाल लिया। दोस्तों के साथ नर्मदा नदी में नहाने गया युवक लकी नर्मदा नदी के तेज बहाव में बह गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी अनुसार हनुमानताल टेढ़ी नीम निवासी लकी अंसारी उम्र 18 वर्ष बीती शाम अपने दोस्तों के साथ तिलवारा के दद्दाजी घाट घूमने गया था। जहां सभी दोस्त नर्मदा नदी में नहाने लगे। नहाते समय अचानक लकी का पैर फिसल गया और संतुलन बिगड़ने के कारण वह गहरे पानी में चला गया। पानी के तेज बहाव के बीच उसे बहता देख साथियों ने शोर मचाया और वहां मौजूद लोगों ने बचाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड व एसडीआरएफ की टीमों की मदद से देर रात तक तलाश कराई लेकिन पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह फिर से रेस्क्यू टीम ने तलाश शुरू की और घटनास्थल से कुछ दूरी पर लकी का शव बरामद कर लिया गया।

# एमपी ट्रांसको के तकनीकी कौशल से खजराना मेट्रो स्टेशन को मिलेगी निर्बाध बिजली

### मुख्यालय के इंजीनियरों ने किया 200 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के जबलपुर मुख्यालय स्थित प्लानिंग एवं डिजाइन विंग के इंजीनियरों की तकनीकी दक्षता, अनुभव और सूझबूझ के परिणामस्वरूप इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। इंजीनियरों ने घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में विभिन्न तकनीकी चुनौतियों का सामना करते हुए 220 केवी सबस्टेशन मांगलिया (इंदौर) में 200 एमवीए क्षमता के नए पावर ट्रांसफार्मर तथा दो फीडरों के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर उसे सफलतापूर्वक ऊर्जीकृत किया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इंदौर जैसे व्यस्त एवं घनी आबादी वाले शहर में अतिरिक्त विद्युत पारेषण अधोसंरचना का विकास अत्यंत चुनौतीपूर्ण था, लेकिन एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों ने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता से इस कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि मेट्रो परियोजना की आवश्यकताओं के अनुरूप विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऊर्जा मंत्री ने इस उपलब्धि पर एमपी ट्रांसको के इंजीनियरों को बधाई देते हुए इसे उनकी उत्कृष्टता, समर्पण और तकनीकी क्षमता का प्रमाण बताया।

***तकनीकी कौशल से सबस्टेशन में निकाला उपयुक्त स्थान-*** एमपी ट्रांसको के विशेषज्ञ इंजीनियरों ने सीमित स्थान और जटिल तकनीकी परिस्थितियों के बीच 220 केवी सबस्टेशन मांगलिया में पावर ट्रांसफार्मर एवं दो फीडरों के लिए उपयुक्त स्थान का सफलतापूर्वक निर्धारण किया। इसके फलस्वरूप इंदौर शहर से खजराना मेट्रो स्टेशन तक विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना संभव हो सका।

## नोबल मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित

### क्रूज हादसे में घायल महिला से वसूले थे पैसे



**जबलपुर।** बरगी बांध क्रूज हादसे में प्रशासन ने संवेदनहीनता बरतने वाले निजी अस्पताल के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। हादसे में रेस्क्यू की गई महिला से प्राथमिक उपचार के नाम पर अवैध वसूली करने के मामले में गौर तिराहा स्थित नोबल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का लाइसेंस एक माह के लिए निलंबित कर दिया गया है। सीएमएचओ ने तत्काल प्रभाव से अस्पताल में नए मरीजों की भर्ती पर भी रोक लगा दी है। अस्पताल ने घायल श्रीमती सविता शर्मा से अस्पताल ने पेन किलर और टिटनेस के इंजेक्शन के बदले 4,700 रुपये वसूल लिए थे। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ को तत्काल जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए थे।







# जिनसार के विद्यार्थियों ने मातृ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति बढ़ाई जागरूकता

**नाइक हॉस्पिटल में हुआ आयोजन, प्रसवोत्तर अवसाद और चिंता पर खुला संवाद**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मातृ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च के बी.एससी. नर्सिंग (चतुर्थ वर्ष) के विद्यार्थियों द्वारा सोमवार को एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व मातृ मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम शहर के नाइक मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में ए डिकेड ऑफ वॉइसेज़ थीम के तहत संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने एक मर्मस्पर्शी नाटक (स्किट) प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से गर्भावस्था और प्रसव के बाद महिलाओं द्वारा झेली जाने वाली मानसिक चुनौतियों, जैसे प्रसवोत्तर अवसाद और चिंता को बखूबी दर्शाया गया। नाटक ने समाज और परिवार को यह संदेश दिया कि इन समस्याओं की शीघ्र पहचान और सही समय पर उपचार से मां और शिशु दोनों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है।

***विशेषज्ञों का मार्गदर्शन-*** आयोजन संस्थान की प्राचार्य (प्रभारी) प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रसूति एवं स्त्री रोग नर्सिंग विभाग की डॉ. रीना मैथ्यू और श्रीमती म्यूरियल क्रिस्टोफर ने कार्यक्रम का कुशल समन्वय किया। आयोजन समिति ने स्थल और सहयोग प्रदान करने के लिए डॉ. स्वराज नाइक एवं श्रीमती तृषा नाइक का आभार व्यक्त किया। अस्पताल में मौजूद मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों ने छात्रों के इस प्रयास की जमकर सराहना की। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि माताओं के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना एक स्वस्थ और मजबूत समाज के निर्माण के लिए अनिवार्य है।

## एएसआई लाइन अटैच

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर थाना अंतर्गत रविवार को वाहन चैकिंग के दौरान नगर निगम में भाजपा पार्षद और एक एएसआई के बीच जमकर नोंकझोंक हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि पार्षद के समर्थन में पहुंचे नगर निगम में एमआईसी मेंबर सहित अन्य पार्षदों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने गोहलपुर थाना में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। भाजपा पार्षद बाबा श्रीवास्तव ने तो यहां तक कह दिया कि एएसआई पर अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्महत्या कर लेंगे। इस मामले में पार्षद बाबा श्रीवास्तव ने बताया कि वाहन चैकिंग के दौरान उनके भतीजे को पुलिस ने बिना हेलमेट का होने के चलते रोका था। जिसके बाद विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने एएसआई रंजीत सिंह के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए लाइन हाजिर कर दिया है।

South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

| | |
|---|---|
| RAJA SHIVAJI (HINDI) | 6:30 PM, 9:45 PM; RUBY 10:15 AM |
| EK DIN (HINDI) | RUBY 1:40 PM, 4:00 PM |
| THE DEVIL WEARS PRADA 2 (ENG) | RUBY 12:30 PM, 5:10 PM & 7:30 PM |
| MICHAEL (ENG) | 10:00 PM; RUBY 10:00 AM & 9:50 PM |
| BHOOTH BANGLA (HINDI) | 9:20 AM, 12:30 PM, 3:45 PM, 7:00 PM & 10:15 PM; RUBY 6:20 PM, 9:15 PM |
| LEE CRONIN'S THE MUMMY (HINDI) | 10:45 AM; RUBY 2:45 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HINDI) | 1:30 PM, 5:45 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**